**वॉयस ऑफ लखनऊ**

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 17 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 311, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## आदित्य बिड़ला समूह ने 20 अरब डॉलर का किया निवेश

आदित्य बिड़ला समूह ने मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 20 अरब डॉलर का निवेश किया है। } 14

## संप्रग शासन में आतंकियों ने भारत को बनाया निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा (संप्रग) के शासनकाल में जहां आतंकवादियों ने भारत को कई बार नशाना बनाया, वही दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई हमलों व सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये आतंकियों का सफाया किया। } 16

### संक्षेप

## आज बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे



चमोली (उत्तराखंड)। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट के कपाट शीतकाल के लिए कल 17 नवंबर को बंद होंगे।कल रविवार 9 बजकर 07 मिनट पर श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद हो जायेंगे इस अवसर हेतु मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया जा रहा है।इस अवसर पर दस हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचने की संभावना है।

## दिल्ली में वायु की गुणवत्ता गंभीर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह लगातार चौथे दिन वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई और सुबह नौ बजे एक्यूआई 407 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सीमरऐप में यह जानकारी दी गई। एक्यूआई 0-50 के बीच अच्छा, 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मध्यम, 201-300 के बीच खराब, 301-400 के बीच बेहद खराब और 401-500 के बीच रहने पर गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद सरकार ने ई-बस और सीएनजी से चलने वाली बस को छोड़कर अंतरराज्यीय बसों के यहां प्रवेश पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया। इसके अलावा बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल चार पहिया वाहनों पर भी रोक लगा दी गई है और उल्लंघन करने पर 20,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा घोषित की गई चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना के तीसरे चरण के तहत ये प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## आचार संहिता उल्लंघन में कांग्रेस से जवाब तलब

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राहुल गांधी और कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आचार संहिता उल्लंघन के संबंध में निर्वाचन आयोग को दर्ज कराई गई शिकायत के मद्देनजर, आयोग ने शनिवार को दोनों दलों के प्रमुख से उनके नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर जवाब मांगा है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस के प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग पत्र लिखकर उनसे एक-दूसरे की शिकायत पर जवाब देने को कहा है। आयोग ने दोनों दलों को एक-दूसरे की शिकायत भेजीं और उनसे जवाब मांगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार अपराह्न एक बजे तक दोनों पार्टी के प्रमुखों से औपचारिक जवाब मांगा है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- पीएम आवास योजना का गरीबों को मिला लाभ (पृष्ठ-02)
- कौशल का अधिक उपयोग ही है सहकारिता (पृष्ठ-02)
- पंजाब में कानून व्यवस्था का नया मॉडल होगा स्थापित (पृष्ठ-14)
- राहुल आरक्षण विरोधी नहीं, मोदी -शाह फैला रहे झूठ (पृष्ठ-14)
- जी-20 नेता उठायेंगे साहसिक कदम : जलवायु प्रमुख (पृष्ठ-14)


# छत्तीसगढ़ : सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच नक्सलवादी ढेर

एजेंसी

नारायणपुर/कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए। इस दौरान सुरक्षाबलों के दो जवान भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इस दल में जिला रिजर्व बल (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह लगभग आठ बजे जब दल अबूझमाड़ क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से पांच नक्सलियों के शव और बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभी दोनों के बीच मुठभेड़ जारी है तथा रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है।

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं जिनकी हालत ठीक है और खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि उनके इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। छत्तीसगढ़ के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भाजपा के लिए राजनीति सेवा का मिशन : सीएम योगी

## कानपुर के सीसामऊ में योगी ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो निकाला

जिला संवाददाता

लखनऊ/प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए राजनीति, सेवा का मिशन है, जबकि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए राजनीति अपने कारनामों को अंजाम देने, अराजकता, गुंडागर्दी फैलाने, दंगा कराने और कर्फ्यू लगाने का एक व्यवसाय है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर की सीसामऊविधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित रोड शो में शामिल हुए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच योगी का रोड शो निकला। खतरे की आशंका के बाद आला अधिकारियों ने आसमान से नजर रखने के लिए आधा दर्जन से ज्यादा ड्रोन तैनात किए। रास्ते में पड़ने वाली इमारतों की छतों पर 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए। शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों, प्रांतीय सशस्त्र पुलिस और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। यह रोड शो बजरिया से रामबाग, हरसहाय कॉलेज, निरंजन निवास, गोपाल टॉकीज, सेंट्रल बैंक चौराहा, विजय टावर, लेनिन पार्क, ज्वालदेवी, आनंद बाग होते हुए संगीत टॉकीज पर समाप्त हुआ। योगी के रोड शो में कानपुर की महापौर प्रमिला पांडे समेत करीब 500 महिलाएं शामिल हुईं, जो हाथ में कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) लिए विशेष साड़ी पहनी हुईं थीं। प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कसेरुआ में उपचुनाव के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और बसपा को इन कारनामों को करने का सर्टिफिकेट नहीं देना चाहिए। इनके प्रत्याशियों की जमानत जब्त होनी चाहिए। भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी राम मंदिर का विरोध करती है, दीपोत्सव, देव दीपावली, परीक्षाओं की शुचिता, विकास कार्यों और यहां तक कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



# झांसी अग्निकांड : जांच के लिए कमेटी गठित

## ❍ सात दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट ❍ मुख्यमंत्री ने दी मृतक शिशुओं के परिवारों को पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में आग लगने से 10 नवजात जिंदा जल गए। जबकि 16 जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घटना को लेकर सरकार सख्त है। मामले में की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी को सात दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी। टीम का नेतृत्व डीजीएमई करेंगे।

बताते चलें कि महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक है। इस अस्पताल के नवजात गहन

**❍ मुख्यमंत्री ने झांसी के कमिश्नर व डीआईजी से 12 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने के दिये निर्देश**

चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग में जलकर 10 बच्चों की मौत हो गई। घटना में अन्य 16 बच्चे घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस वार्ड में आग लगी, उसमें कुल 55 बच्चे थे।

घटना के बाद के बाद बात अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और अस्पताल में रखे आग बुझाने वाले उपकरण पर पहुंच गई। कुछ मीडिया रिपोंटो में दावा किया गया है कि अस्पताल में आग बुझाने के उपकरण एक्सपायर हो गए थे और अलार्म खराब थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, कि योगी आदित्यनाथ सरकार बच्चों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। हमारे कर्मचारियों, डॉक्टरों और बचाव दल ने बच्चों को बचाने के लिए बहादुरी से काम किया है। मेडिकल कॉलेज में सभी अग्निशमन उपकरण पूरी तरह से ठीक थे। यहां फरवरी में अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया गया था। जून में एक मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई थी। वहीं, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर ने भी इन आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा, कि मेडिकल कॉलेज में कुल 146 अग्निशामक यंत्र लगे हुए हैं। हादसे के वक्त एनआईसीयू वार्ड के अग्निशामक यंत्र का भी इस्तेमाल किया गया था। इन सभी उपकरणों का समय-समय पर ऑडिट भी किया जाता है। इस दौरान जो कमियां सामने आती है, उन्हें हटा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बच्चों की मौतों पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। बयान में कहा गया है, घटना में असामयिक मृत्यु का शिकार हुए नवजात शिशुओं के माता-पिता को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है।

इस बीच, प्रयागराज के फूलपुर में शनिवार दोपहर को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झांसी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से दर्दनाक त्रासदी हुई और 10 नवजातों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि अन्य बच्चों को बचाया जाए, हम राहत और बचाव प्रयासों का समन्वय करते हुए पूरी रात जागते रहे और इसीलिए यहां पहुंचने में देरी हुई। पुलिस और प्रशासन लगातार काम कर रहे हैं। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक बयान में कहा गया कि शुक्रवार देर रात घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) को मौके पर भेजा। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री रात भर घटनास्थल से हर पल की जानकारी लेते रहे। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने झांसी के संभागीय आयुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को घटना के संबंध में 12 घंटे के भीतर ...शेष पृष्ठ 14 पर



## महिंदा राजपक्षे ने राजनीति नही छोड़ने का लिया संकल्प

कोलंबो। श्रीलंका के दो बार राष्ट्रपति और दो बार प्रधानमंत्री रह चुके महिंदा राजपक्षे ने अपने 79वें जन्मदिन से दो दिन पहले शनिवार को अभी राजनीति नहीं छोड़ने का संकल्प लिया। बुधवार को हुए संसदीय चुनाव में श्रीलंका पोदुजना पेरामुना को मात्र तीन प्रतिशत वोट मिलने के बाद महिंदा की यह पहली प्रतिक्रिया है। इस चुनाव में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने सदन पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है।

तमिल अल्पसंख्यक क्षेत्रों में लिट्टे के अलगाववादी संघर्ष को समाप्त करने के लिए सिंहली बहुसंख्यकों के नायक के रूप में देखे जाने वाले महिंदा सोमवार को 79 वर्ष के हो जाएंगे। महिंदा दो कार्यकाल - 2005-2010 और 2010-2015 - के लिए राष्ट्रपति रहे और दो कार्यकाल - अप्रैल 2004 से नवंबर 2005 और 2019-2022 तक प्रधानमंत्री रहे। वे 1970 से संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं और 1977 को छोड़कर उन्होंने जितने भी चुनाव लड़े, सभी में सांसद निर्वाचित हुए। पार्टी मुख्यालय में एसएलपीपी की एक बैठक में भाग लेने के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा नहीं, हम आसानी से राजनीति नहीं छोड़ेंगे।

# कार-टैम्पो में टक्कर, सात की मौत

## घना कोहरे के चलते हुआ हादसा, दो अन्य की हालत गंभीर

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिले में देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर शुक्रवार देर रात एक कार ने एक टैम्पो को टक्कर मार दी जिससे एक नवविवाहित जोड़े सहित सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर धामपुर थाने के निकट शुक्रवार देर रात लगभग दो बजे कार ने एक टैम्पो से आगे निकलने के प्रयास में उसे पीछे से तेज टक्कर मार दी जिससे टैम्पो काफी ऊंचा उछल कर बिजली के एक खंभे से टकरा गया। उन्होंने बताया कि कार की टक्कर लगने से टैम्पो में सवार चार पुरुषों, दो महिलाओं और एक बच्ची सहित एक ही परिवार के छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि टैम्पो चालक अजब सिंह ने उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक धामपुर के तीवड़ी गांव के विसाल (25) और खुशी (22) झारखंड में अपने विवाह के बाद अपने परिवार के अन्य सदस्यों से साथ घर ...शेष पृष्ठ 14 पर



# मणिपुर में फिर बिगड़े हालात, विधायकों के घरों को लगायी आग

## गृह मंत्रालय ने सुरक्षा बलों को दिये आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को फिर एक महिला और दो बच्चों के शव जिरी नदी में बहते मिले थे। इसके बाद से राज्य के कई जिलों में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जो अब हिंसक हो गया है। दरअसल, 11 नवंबर को वर्दी पहने हथियारबंद उग्रवादियों ने बोरोब्रेका थाना परिसर और सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। इसमें 10 उग्रवादी मारे गए थे। इस दौरान जिरीबाम जिले के बोरोब्रेका थाना परिसर स्थित राहत शिविर से 6 लोगों को अगवा किया गया था। शुक्रवार को मिले तीन शव इन लापता हुए लोगों के बताए जा रहे हैं। इंफाल में भाजपा विधायक सपम कुंजकेश्वर के घर में प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने सपम कुंजकेश्वर के घर पर लगी आग बुझाई। वहीं राजकुमार इमो सिंह, सागोलबंद विधानसभा व सपम निशीकांत, केशमथॉन्ग विधानसभा व थांगजम अरुणकुमार, वांगखेई विधानसभा व सागोलशेम केबी देवी, नाओरिया ...शेष पृष्ठ 14 पर



**विशेष खबर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर

# जी-20 में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील में होने वाले अगले जी-20 शिखर सम्मेलन में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं जिसने पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन के निष्कर्ष के आधार पर इस समूह के लिए व्यापक एजेंडा तय किया था। मोदी ने नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले यहां जारी एक एक बयान में यह टिप्पणी की।

प्रधानमंत्री का पहला गंतव्य नाइजीरिया होगा जहां से वह ब्राजील जायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा ब्राजील में, मैं ट्रोइका सदस्य के रूप में 19वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों का जी-20 बना दिया तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को इसके एजेंडे में शामिल कर दिया। मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 18-19 नवंबर को रियो डि जेनेरियो में होने वाले इस सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 ट्रोइका का हिस्सा है। जब किसी संगठन का कोई मुख्यालय नहीं होता है तथा उसका जिम्मा पिछले, वर्तमान एवं अगले अध्यक्ष देश पर होता है तब ये देश ट्रोइका कहलाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, इस वर्ष, ब्राजील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के अपने दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूं। मैं इस अवसर का उपयोग कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी करूंगा। पचपन देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने और यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेद के बावजूद नेताओं का घोषणापत्र जारी करने में कामयाबी हासिल करने को लेकर पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 सम्मेलन को मील के पत्थर के रूप में देखा गया। नाइजीरिया की अपनी यात्रा के बारे में मोदी ने कहा कि यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर होगा, जो लोकतंत्र और बहुलतावाद में साझा विश्वास पर आधारित है। प्रधानमंत्री नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू के निमंत्रण पर 16-17 नवंबर ...शेष पृष्ठ 14 पर




# भारत-चीन के बीच तनाव कम करने पर जोर : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या के हल के एक हिस्से के तौर पर पिछले महीने सहमति के बाद सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया है और अब आगे ध्यान तनाव कम करने पर होगा।

जयशंकर ने पिछले दौर की सैन्य वापसी के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में कुछ सुधार की उम्मीद को उचित अनुमान बताया, लेकिन यह कहने से परहेज किया कि द्विपक्षीय संबंध पुराने स्वरूप में लौट सकते हैं। उन्होंने कहा मैं सेनाओं के पीछे हटने को बस उनके पीछे हटने के रूप में देखता हूं, न उससे कुछ ज्यादा, न कुछ कम। यदि आप चीन के साथ वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो हमारे सामने एक ऐसा मुद्दा रहा कि हमारे सैनिक असहज तौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के बिल्कुल करीब हैं जिससे हमें उनके पीछे हटने का कदम उठाने की जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा और इसलिए 21 अक्टूबर की यह सहमति सेनाओं के पीछे हटने से जुड़ी सहमतियों में आखिरी थी। इसके क्रियान्वयन के साथ ही इस समस्या के हल की दिशा में सेनाओं के पीछे हटने का काम पूरा हो गया। जयशंकर की टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या पिछले महीने दोनों पक्षों द्वारा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी में पीएम आवास योजना का गरीबों को मिला अधिक लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने प्रधानमंत्री आवास योजनाओं को विश्व की सबसे प्रसिद्ध योजना बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत सरकार के साथ भी इस योजना के लिए बहुत काम किया। देश में उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है जिसने सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जनमानस को दिया है।

- 'प्रजातंत्र 2024 का प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने किया भव्य उद्घाटन'

प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात ने ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रजातंत्र युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श शहर शासन के लिए अपने दृष्टिकोण और विचारों को साझा करने में सक्षम बनाने के लिए प्रमुख राष्ट्रीय युवा महोत्सव है। जिसे नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का थिंक टैंक), यूएन-हैबिटेट इंडिया और प्रजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया और नगर विकास विभाग इसका गवर्नेंस पार्टनर है। प्रजातंत्र 2024 के आयोजन में 124 अनुदान फाइनलिस्टों की मौजूदगी और नागरिक भागीदारी में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए माहौल तैयार करता है। प्रजातंत्र 2024 के दो दिवसीय (16-17 नवम्बर 2024) ग्रैंड फिनाले का आयोजन स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ में किया गया।

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने नगर विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न मिशन और योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि उपवन की स्कीम के माध्यम से मियावाकी तकनीक से शहरी वनीकरण पर कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन एक बहुत ही महत्वपूर्ण मिशन है और इसके अंतर्गत



कचरा प्रबंधन और उसके निस्तारण और उसे पुनः प्रयोग में लाने पर ध्यान दिया गया। वहीं जनमानस के स्वभाव में परिवर्तन लाते हुए उन्हें स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में हम तकनीक और मशीनरी के प्रयोग से शहरों को स्वच्छ बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दे रहे। विगत 7 वर्षों में 17 लाख 54 हजार से अधिक मकान लाभार्थियों को प्रदान कर उन्हें अपना आशियाना योगी सरकार के सहयोग से दिया गया। इसी प्रकार एनयूएलएम में भी प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण में बहुत सहयोग मिला है। यह योजना महिलाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान करता है और सम्मान के साथ ही परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि नगर विकास उत्तर प्रदेश में सभी के विचारों और सुझावों का सम्मान करते हुए प्रदेश को विकसित बनाने के साथ ही वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में सहायक होगा। प्रजातंत्र 2024 का आयोजन लखनऊ में इस प्रकार यह पहला कार्यक्रम है। जिसमें शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय एवं शासन भागीदार है। इस आयोजन में 22 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 110 प्रतिभागियों ने ग्रैंड फिनाले में प्रतिभाग करते हुए आपने विचारों को प्रस्तुत किया। नितिन मेहता ने उपस्थित छात्रों और अतिथियों का स्वागत किया। लवलेश शर्मा जी ने शहरी विकास सुनिश्चित करने में सिविल इंजीनियरिंग और विकास कार्य की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये। आईएएस अमित जी ने शहरी विकास बजट आवंटन के बारे में बात की और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर गहन अवलोकन किया। लखनऊ की पूर्व महापौर सयुक्ता भाटिया ने जन सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों को उच्च लक्ष्य रखने तथा स्थानीय शासन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शिमला के पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र सिंह पवार ने शहरी विकास के लिए एक टिकाऊ मॉडल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा जलवायु परिवर्तन और मजदूरों के अधिकार जैसे मुद्दों पर युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। प्रजातंत्र 2024 के उद्घाटन अवसर पर पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, पूर्व उप मेयर शिमला नगर निगम टिकेंद्र सिंह पंवार, पारुल अग्रवाल, कंट्री प्रोग्राम मैनेजर, यूएन हैबिटेट, लवलेश शर्मा हेड यूथ यूनिट एनआईयूए, निताई मेहता संस्थापक और ट्रस्टी, प्रजा फाउंडेशन ने प्रतिभाग किया।

## झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना पर लोकदल ने उठाये सवाल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश के झांसी में मेडिकल कॉलेज में रात्रि में 10 नवजात शिशुओं की जलने से मृत्यु हो जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जब प्रदेश के एक जिले में ऐसी घटना हो रही है तो सोचिए पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग की हालत कैसी होगी, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग का ही जब स्वास्थ्य खराब हो तो क्या कहना? सुनील सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रशासन और डॉक्टरों के भ्रष्टाचार और लापरवाही की वजह से बहनों की कोख उजड़ गई। यह घटना बेहद दुखद एवं चिंताजनक है। उन्होंने कहा यदि आग बुझाने वाले यंत्र भी पिछले कुछ सालों से बंद पड़े थे काम नहीं कर रहे थे ये एक बहुत बड़ी यह लापरवाही है और इससे यह साफ हो जाता है कि प्रदेश में लोगों की जान के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा रहा है।

# कौशल का अधिक उपयोग ही है सहकारिता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ के अध्यक्ष यशवीर सिंह कहा कि कौशल का अधिक से अधिक उपयोग ही सहकारिता है। कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिले तथा उनकी योग्यता का अधिकतम सदुपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यवसाय में बढ़ोतरी के लिए हमारे उत्पादों में गुणवत्ता होनी चाहिए। अच्छे विचारों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने कार्यों को ईमानदारी व जिम्मेदारी से करना चाहिए।

उक्त उद्गार यशवीर सिंह ने एक गोष्ठी के दौरान व्यक्त किए। 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम सहकारी संघ एवं आईसीसीएमआरटी के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता, रोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने में सहकारिताओं की भूमिका, विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रबंध निदेशक यूपीसीएलडीएफ रामप्रकाश ने कहा कि सहकारी सप्ताह पूरे देश में मनाया जा रहा है। आज का युग तकनीक, इंटरनेट व एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का है। इन उपलब्ध तकनीक का उपयोग करके निर्माण की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कार्यों में कुशलता व गुणवत्ता लाने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति की गयी। निदेशक आईसीसीएमआरटी राजीव यादव ने कहा कि सहकारिता जन्म से प्रारंभ हो जाती है। लोगो के साथ मिलकर कार्य करना ही सहकारिता है। सहकारिता के बिना उद्यमिता, रोजगार और कौशल विकास संभव नही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता प्रबंधन पर नया कोर्स शुरू किया जायेगा तथा नमो ड्रोन दीदी को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में निदेशक आईसीसीएमआरटी राजीव यादव, की पुस्तक 'मेरी अयोध्या मेरा रघुवंश' का विमोचन भी किया गया। पीसूयू द्वारा प्रकाशित सहकारिता पत्रिका के संपादक श्रसुनील कुमार दिवाकर तथा अन्य अतिथियों को राजीव यादव ने अपनी पुस्तक भेंट की।

## राज्यपाल ने शानदार कार्य करने वाले आईएएस अफसरों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** राज्यपाल एवं अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल ने शनिवार राजभवन में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं समाजहित में दिये गये व्यापक योगदान के प्रति रेडक्रॉस सोसायटी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से दो अधिकारियों रविंद्र कुमार आईएएस एवं मंगला प्रसाद सिंह आईएएस को सम्मानित किया। तत्कालीन जिलाधिकारी बलिया रविंद्र कुमार आईएएस को एक भीषण अग्निकांड में 121 घर जलने के बाद प्रभावित लोगों को पुनर्वास में सहायता प्रदान करने एवं शासन के सहयोग से भरपूर राहत सामग्री का वितरण करने के लिए सम्मानित किया गया तथा तत्कालीन जिलाधिकारी गाजीपुर मंगलाप्रसाद सिंह, आईएएस को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान में शानदार योगदान में 7वां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके समर्पण और समाजसेवा के कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया।

# आरक्षण खत्म होने का झूठ फैला रहा विपक्ष : चिराग पासवान

संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एनडीए सरकार मे कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने मलिहाबाद के तहसील मैदान मे आयोजित वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को शामिल हुए।

उन्होंने वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे मौजूद भीड को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि जिस तरह आजादी की लडाई मे कूदी वीरांगना ऊदा देवी ने जात पात और छुआछूत का भाव न रखते हुये भारत और भारतीयों के लिए लड़ाई लड़ी है। उसी तरह हमे भी इन बुराईयों से बचते हुए देश के विकास मे सहायक बनना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों ने पहले तो अगडा पिछडा, दलित कहकर हमे बांटने का काम किया है। अब आरक्षण खत्म हो जायेगा और देश का संविधान खतरें मे है, का झूठ फैलाकर



हमें बरगला रहें है। देश संविधान के आधार पर चलता है और हमेशा चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था वाला देश बनकर उभरा है। गरीबों के लिए निशुल्क राशन, शौचालय, आवास, गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मोदी और योगी गरीबों का स्तर ऊंचा उठाने मे जुटे हुये है। इसीलिए हम सभी को एकजुट रहते हुए न केवल सभी योजनाओं का लाभ लेकर खुद आगे बढना है, बल्कि देश को आगे बढाने मे भी सहायक बनें। कार्यक्रम को लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद अरूण भारती, शाम्भवी चौधरी समेत सह मीडिया प्रभारी राजेश रावत आदि ने सम्बोधित किया।

# झांसी में हुआ हादसा भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मृत्यु और कई बच्चों के घायल होने को बेहद दुखद बताते हुए गहरी चिंता जतायी। उन्होंने सबके प्रति संवेदनात्मक श्रद्धांजलि व्यक्ति की। साथ ही मांग की

- सपा प्रमुख ने संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों को एक-एक करोड़ संवेदना राशि देने की उठायी मांग

कि समस्त शोक संतप्त परिवारों को 1-1 करोड़ संवेदना राशि दे, गोरखपुर न दोहराया जाये।

उन्होंने कहा कि आग का कारण ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर में आग लगना बताया जा रहा है। ये सीधे-सीधे चिकित्सीय प्रबंधन, सरकार की लापरवाही और खराब क्वॉलिटी के आक्सीजन कॉन्संट्रेटर का मामला है। इस मामले में सभी जिम्मेदार लोगों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री को चुनावी प्रचार और सब ठीक होने के झूठे दावे छोड़कर स्वास्थ्य, चिकित्सा की बदहाली पर ध्यान देना चाहिए। जिन्होंने अपने बच्चे गंवायें हैं, वो परिवार वाले ही इसका दुख-दर्द समझ सकते हैं। ये सरकारी ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है। आशा है चुनावी



राजनीति करने वाले पारिवारिक विपदा की इस घड़ी में सच्ची जांच करवाएंगे और अपने तथाकथित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्रालय में ऊपर-से-नीचे तक आमूलचूल परिवर्तन करेंगे।

रही बात उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री की तो उनसे कुछ नहीं कहना है, क्योंकि उन्हीं के कारण आज उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था की इतनी बदहाली हुई है। संकीर्ण-साम्प्रदायिक राजनीति की निम्न स्तरीय टिप्पणियां करने में उलझे मंत्री को तो शायद ये भी याद नहीं होगा कि वो स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री हैं। न तो उनके पास कोई शक्ति है न ही इच्छा शक्ति, बस उनके नाम की तख्ती है। सबसे पहले भाजपा सरकार समस्त झुलसे बच्चों के लिए विश्वस्तरीय चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराए व जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है, उन समस्त शोक संतप्त परिवारों को 1-1 करोड़ संवेदना राशि दे। गोरखपुर न दोहराया जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि झांसी में हुआ ये दर्दनाक हादसा भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण हुआ है। दंगा फसाद करवाकर चुनाव जीतने का काम करने पर ही सीएम योगी का सारा दिमाग लगता है। यूपी के सरकारी अस्पताल बदहाली, भ्रष्टाचार, लापरवाही का अड्डा बन गए हैं।

## जेडीयू ने भाजपा को दिया बिना शर्त समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर इस समय प्रदेश के लगभग सभी राजनीतिक दलों में हलचल बढ़ गई है। विगत दिनों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्य घटक दल जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह के साथ उनके आवास पर बैठक करके सभी उपचुनाव



वाले सीटों पर गहन विचार विमर्श किया था। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष ने उपचुनाव में सभी सीटों पर बिना किसी शर्त के भाजपा/एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया था और कहा था कि जनता दल यूनाइटेड के सभी कार्यकर्ता इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जी जान से लगकर भाजपा व एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी उपचुनाव वाले सीटों पर प्रत्याशी की मदद के लिए जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नेताओं की एक सूची भी सौंप दिया था, जो स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करके घोषित प्रत्याशी को जिताने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल द्वारा पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया गया है कि उत्तर प्रदेश में 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा व एनडीए के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का कार्य करें।

# झांसी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ हो कार्रवाई : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की हुई मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा प्रदेश स्तब्ध है और आक्रोशित भी है। उत्तर प्रदेश में प्रशासन की

- उप्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने झांसी मेडिकल कालेज की घटना पर संवेदना व्यक्त की

लापरवाही से इस तरह के दर्दनाक हादसे लगातार हो रहे हैं, जो सरकार की अक्षमता की ओर इशारा कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य नरेन्द्र सिंह सेंगर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करती है।

राय ने कहा कि यह हादसा अस्पतालों में सुरक्षा के अर्प्याप्त उपाय और वहां व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करता है। झांसी मेडिकल कॉलेज में लगे अग्निशमन यंत्र एक्सपायर हो चुके थे और अर्प्याप्त भी थे। यही नहीं फायर अर्लाम भी काम नहीं कर रहा था और न ही कोई अस्पताल कर्मी इस



तरह के हादसों से निपटने के लिए प्रशिक्षित था। सरकार की संवेदनहीनता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिस जगह 10 बच्चों की दर्दनाक मौत हुई थी, वहीं 4 घंटे बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के स्वागत के लिए चूने का छिड़काव किया जा रहा था। नवजात शिशुओं की दर्दनाक मौत पर अफसोस जताने के बजाय प्रशासन के लोग प्रत्यक्षदर्शियों को सच बोलने से रोकने लिए धमका भी रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरे देश में घूम घूम कर बटोगे तो कटोगे जैसे सांप्रदायिक नारे को देकर नफरत की आग भड़काने वाले योगी आदित्यनाथ अपने मुख्यमंत्री के दायित्वों से पूरी तरह विमुख हो चुके हैं। प्रशासन पर उनका नियंत्रण लगभग खत्म सा हो गया है और अधिकारी निरंकुश हो गये हैं। योगी जी की यह सरकार पूरी तरह से असफल और नाकाम साबित हुई है। जिन परिवारों के बच्चों को इस दर्दनाक हादसे ने छीन लिया, उन बच्चों को तो वापस नहीं लाया जा सकता परन्तु भविष्य में ऐसे हादसे को होने से रोककर एवं दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर कम से कम यह अक्षम सरकार मानवता की लाज रख सकती है।

# अपनी संस्कृति पर गर्व करना सिखाते हैं स्वामी महर्षि दयानंद के उपदेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वामी दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती का 3 दिवसीय समारोह शनिवार से प्रारम्भ हो गया। पहले दिन धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने बीच बीच में व्यायाम का प्रदर्शन किया।

- बडी संख्या में स्कूली बच्चों ने लिया भाग, बहेगी ज्ञान की गंगा
- विराट आर्य महाकुंभ का तीन दिवसीय आयोजन हुआ शुरू, निकाली गई रथयात्रा

हाथों में तख्तियां लेकर बच्चों ने अंधविश्वास को दूर भगाने और धर्म को मानवता की सेवा का साधन बनाने के नारे लगाए। बच्चों का मार्ग में जगह.जगह स्वागत भी किया गया।

शनिवार से फिरोजाबाद जिले में सिरसागंज में करहल रोड स्थित आर्य



गुरूकुल महाविद्यालय में प्रारंभ हुए विराट आर्य महाकुंभ में सुबह योगाभ्यास एवं नाड़ी विज्ञान चर्चा का आयोजन किया गया। इसके बाद पर्यावरण एवं विश्व कल्याण अग्निहोत्र में सभी ने आकर आहुतियां प्रदान की। सुबह साढे नौ बजे गांधी मण्डी से दिव्य ज्ञान ज्योति रथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसका कैबिनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। शोभायात्रा में बच्चे अपने हांथों में अंधविश्वास को दूर भगायें, ज्ञान का दीप जलायें व ईश्वर के गुणों का अनुकरण करें जैसे नारे लिखे हुए थे।

शोभायात्रा गांधी मण्डी से प्रारंभ होने के बाद मण्डी रोड, मो. गडरियान, मैन रोड, सब्जी मंडी गेट, थाना रोड, डाकखाना तिराहा, सुभाष पार्क, विजय नगर चौक, सोथरा चौराहा व करहल चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां कैबिनेट मंत्री ठा. जयवीर सिंह ने डीएम रमेश रंजन, सीडीओ शत्रुघ्न वैश्य, एडीएम विशु रजा व एडीएम न्यायिक संगीता सिंह की उपस्थिति में 25 फुट ऊंचे ओम ध्वज को फहराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वामी दयानंद ने अंधविश्वास के अंधेरे में डूबे समाज को जगाने का काम किया था। अंग्रेजों के वैचारिक तिलिस्म को तोडकर उन्होंने समाज को नई दिशा दी थी। जब ब्रिटिश साम्राज्य हमारे विचारों पर हावी हो रहा था तो उन्होंने ही अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना सिखाया था।

## मंत्री ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** 'ज्ञान ज्योति पर्व एवं स्मरणोत्सव, विराट आर्य महाकुम्भ' कार्यक्रम के अन्तर्गत युग प्रवर्तक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के द्विजन्म शता. के अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी एवं रंगोली का बृहत आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन जयवीर सिंह मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया गया, निदेशक, डॉ. श्रद्धा शुक्ला, राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मंत्री को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया गया एवं चित्रों में व्याप्त प्रदेश की संस्कृति एवं विरासत से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर रमेश रंजन डीएम फिरोजाबाद तथा शत्रुघ्न वैश्य सीडीओ फिरोजाबाद सहित देश के जाने माने आचार्य एवं विद्वान उपस्थित रहे। प्रदर्शनी 16 से 18 नवम्बर तक आर्य गुरूकुल महाविद्यालय, सिरसागंज, फिरोजाबाद में सुबह 10 बजे से साय 6 बजे तक अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

# भाजपा ने कटेहरी उपचुनाव जीतने के लिए लगाया पूरा दम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में इन दिनों उपचुनाव को लेकर पार्टियां मैदान में डटी हुई हैं। अयोध्या में लोकसभा चुनाव में मिली हार के झटके से उबरने के लिए भाजपा ने अंबेडकरनगर के कटेहरी उपचुनाव को जीतने के लिए पूरा दम लगा रखा है। यहां से भाजपा को बड़ी आस है। सरकार की तरफ से लंबे समय से बार-बार यह संदेश दिया जा रहा है कि अयोध्या के साथ ही अंबेडकरनगर का भी विकास प्राथमिकता पर होगा।

मालूम हो कि अंबेडकरनगर जनपद का सृजन करीब तीन दशक पहले अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद) जनपद को ही विभक्त कर हुआ था। ऐसे में अयोध्या से खासी नजदीकी अभी भी यहां के लोगों को रहती है। इसे भांपते हुए ही भाजपा और सरकार की तरफ से लगातार यह कहा जा रहा है कि अयोध्या की तर्ज पर यहां का भी विकास होगा। हालांकि यह वायदे तो लोकसभा चुनाव के पहले भी किए गए थे। लेकिन, उसका कोई असर यहां हुआ नहीं। सवा एक लाख से अधिक मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब उपचुनाव में फिर से कटेहरी और पूरे जिले के विकास का मुद्दा उठा है। इस बार यहां ज्यादा विकास कराने की बात स्वयं सीएम योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। वह बार-बार कटेहरी पहुंच रहे हैं। राजनीतिक

- अब उपचुनाव में फिर से कटेहरी और पूरे जिले के विकास का मुद्दा उठा

विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा यह सीट जीतकर अयोध्या की हार के बाद बड़ा संदेश देना चाहती है। वह बताना चाहती है कि अयोध्या और आसपास के जिलों में भगवा राजनीति का दबदबा अभी कायम है। कटेहरी की जीत का एक असर यह भी होगा कि लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल में सामने आई सपा की धमक के असर को कम किया जा सकेगा। इसका फायदा आगे होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में उठाया जा सकेगा।

शनिवार को सपा सांसद लालजी वर्मा ने उपचुनाव में प्रशासन पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो जारी करके कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी प्रधानों और कोटेदारों को अपने बूथ पर बीजेपी को जीत दिलाने का दबाव बना रहे हैं। सांसद ने अलग-अलग अधिकारियों के पद और नाम का जिक्र किया। इसमें थानेदार तक शामिल हैं। कहा कि मेरे गांव को जाने वाली सड़क के मोड़ पर रोज चेकिंग की जा रही है। जिन वाहनों को मंजूरी मिली है, उन्हें भी रोका जा रहा है। हमने लोगों से संपर्क साधने के लिए नाम सहित जो फोन नंबर नोट किए हैं। उनकी भी कॉपी की जा रही। यह निजता और गोपनीयता का उल्लंघन है। सांसद ने कहा कि बीजेपी की जो गाड़ियां चल रही हैं, प्रशासन को वह नहीं दिख रहा है। मनमानी यह है कि पाबंद करने की जो कार्रवाई हुई है, उसमें 99 फीसद लोग सपा के कार्यकर्ता हैं।

संक्षेप

## शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**सुलताानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंची डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित महिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर आशा गुप्त का स्वागत किया गया। महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रंजना पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजना सिंह, डॉ. बीना सिंह व ज्योति सक्सेना ने माल्यार्पण कर नवनिर्वाचित महिला उपाध्यक्ष का स्वागत किया।

## शिविर में नागरिकों को कानूनी अधिकारों की दी गयी जानकारी



सुलतानपुर ( वीओएल )। नगर के सीताकुंड स्थित गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला न्यायाधीश/सचिव विजय कुमार गुप्ता और प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में एडवोकेट अमित पाण्डेय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न की न्यायिक प्रक्रिया से परिचित कराया। मध्यस्थ हरिराम सरोज ने छोटे विवादों को समझौता और मध्यस्थता से हल करने की महत्ता पर बल दिया। अधिवक्ता कुमारी अंजली ने पॉक्सो एक्ट और साइबर क्राइम पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ता ने घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत यौन, शारीरिक और मानसिक शोषण से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करते हुए मुआवजा और उपचार प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। शिविर में एडवोकेट सतीश पाण्डेय ने नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. नीलाम तिवारी, प्रो. गीता त्रिपाठी, डॉ. आलोक तिवारी, और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। यह शिविर नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।

## दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** दुकान के सामने खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। स्थानीय क्षेत्र के भटपुरा नारायणपुर के राधेश्याम बीते 13 नवंबर को सुरापुर बाजार में शिव शंकर की पुरानी दुकान के पास अपनी बाइक खड़ी कर बगल चाय की दुकान पर चाय पीने चले गए। वापस आने पर देखा कि बाइक गायब हो गई है। काफी खोजबीन करने पर जब बाइक का पता नहीं चला तो उन्होंने शनिवार को कोतवाली में बाइक चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी की केस दर्जकर लिया है।

# पत्नी के सामने पति की गला रेतकर हत्या



- चार दिन पूर्व गार्ड दिल्ली से आया था
- शीघ्र ही होगा घटना का खुलासा : एसएसपी

**ऊसराहार, इटावा।** पत्नी के साथ कमरे लेटे पति की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई कमरे मे एक चारपाई पर पति पत्नी सो रहे थे हमलावरों ने केवल पति की ही हत्या की जब हमलावर हत्या कर चले गए उसके एक घंटे बाद पत्नी ने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया जब परिजन मौके पर पहुचे तो पत्नी के हाथ बंधे हुए थे पति सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिल्ली में करता था चार दिन पहले ही घर आया था।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के गपचिया निवासी सुभाष जाटव 40 वर्ष की बीती रात धारधार हथियार से सर और गले मे प्रहार कर हत्या कर दी गई सुभाष जाटव दिल्ली मे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था वह कभी कभी ही घर आता था इस बार सुभाष 13 नवंबर को घर आया था शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद सुभाष अपने कमरे मे पत्नी अंजली के साथ सो गया बच्चे बाहर दूसरे कमरे में लेटे थे बताया जाता है रात एक बजे लगभग सुभाष बाथरूम करने के लिए बाहर निकला था उसी समय हमलावर अंदर आ गए और कमरे मे सुभाष की हत्या कर दी हत्या के एक घंटे बाद उसकी पत्नी अंजली ने शोर मचाया तो उसकी बेटी भावना मौके पर पहुची देखा पिता चारपाई पर खून से लथपथ पडा था चारपाई के एक किनारे काफी खून भी पडा था बच्चो ने बताया पापा बाथरूम के लिए एक बजे बाहर गए होंगे उसी समय चोर अंदर घुसे है। सूचना पर थानाध्यक्ष मंसूर अहमद क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान एएसपी सत्यपाल सिंह रात मे ही मौके पर पहुचे सुभाष की पत्नी ने बताया दोनो लोग एक ही चारपाई पर सो रहे थे रात एक बजे लगभग कुछ लोग आए और उन्होंने उसके ऊपर कंबल डाल कर हाथ रस्सी से बांध दिए पति के सर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा भी मौके पर पहुचे उन्होंने बताया सुभाष सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था घटना का खुलासा करने के लिए एसओजी टीम को लगाया गया है मौके से फॉरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए है मामले की गहनता से जांच की जा रही है कुछ जानकारी और भी मिली है कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है शीघ्र ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

## डीसीएम की टक्कर से फल व्यापारी की मौत

**बकेवर, इटावा।** सिक्सलेन पर शनिवार की सुबह 32 वर्षीय वाइक सवार फल व्यापारी युवक को डीसीएम चालक ने पीछे से टक्कर मार गंभीर रूप से घायल किया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया गंभीर हालत को देखते हुए स्थानीय चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया जहाँ पर चिकित्सक ने चेकप करने के बाद फल व्यापारी को मृत्यु घोषित कर दिया।

कस्वा के सुभाष नगर मुहाल निवासी सुरेश कुशवाहा ने बताया कि उनका 32 वर्षीय पुत्र अंशु कुशवाहा शनिवार को महेवा किसी काम के लिए गया हुआ था जब वह महेवा से वाइक पर सवार होकर अपने घर बकेवर लौट रहा था जैसे ही उसकी बाइक सिक्स लेन ओवरबिज्र के पास पेट्रोल पम्प के सामने पहुँची कि तभी महेवा की ओर से आ रही अनियंत्रित डीसीएम चालक ने फल व्यापारी की वाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल फल व्यापारी को एम्बुलेंस बुलाकर 50 शैय्या अस्पताल बकेवर इलाज के लिए भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने इलाज करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ चिकित्सक ने चेकप करने के बाद फल व्यापारी अंशू कुशवाहा को मृत्यु घोषित कर दिया। डीसीएम चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया पुलिस ने डीसीएम वाहन को लाकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। मृतक फल व्यापारी के दो पुत्रियाँ शुभी 5 बर्ष व दूसरी 5माह की है पति की मौत की सूचना जैसे ही पत्नी नेहा व माँ संगीता तथा अन्य परिजनो को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

### बच्चे की नाली में गिरने से मौत

**ऊसराहार, इटावा।** घर के बाहर खेल रहे मासूम बच्चे की नाली में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई स्वजनो को जानकरी तब हुई जब काफी देर तक मासूम घर नही पहुचा खोजबीन की तो नाली मे पडा था। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव परशुरामपुर का है जहां शुक्रवार दोपहर को अरविंद कुमार का दो बर्षीय बेटा ऋषभ घर के बाहर खेल रहा था तभी अचानक वह दरवाजे पर बनी नाली में गिर गया काफी देर तक बच्चा नहीं मिला तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन की पूरे गांव में पता नहीं चलने पर परिजनों को बच्चे को ले जाने की आशंका हुई तो वह गांव के बाहर खोजने के लिए निकले तभी नाली में बच्चे के पैर नजर आये तो परिजनों ने शव को बाहर निकाला।

## शांति व सौहार्द के वातावरण को पुलिस का करें सहयोग : एसपी



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को उदयपुर थाने में नवनिर्मित पुलिस मेस का समारोहपूर्वक उदघाटन किया। एसपी डा. अनिल कुमार ने नवनिर्मित पुलिस मेस का उदघाटन करते हुए कहा कि इस सुसज्जित मेस के शुरू हो जाने से अब यहां पुलिसकर्मियों को भोजन की गुणवत्तापरक व्यवस्था मिल सकेगी। वहीं एसपी ने मातहतों को आपराधिक घटनाओं व महिला सुरक्षा को लेकर पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश भी दिये। एसपी ने कहा कि शांति और सौहार्द का वातावरण बेहद आवश्यक है। उन्होनें क्षेत्रीय नागरिकों से क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में पुलिस के साथ सहयोग का आहवान किया। एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग है। वहीं उन्होनें कहा कि क्षेत्र में सौहार्द व शांति का माहौल बिगाडने का किसी ने प्रयास किया तो ऐसे अराजकतत्वों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने भी लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसडीएम नैंनसी सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर ने भी कार्यक्रम में लोगों से रचनात्मक योगदान का आहवान किया। समारोह में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व कई पंचायत प्रतिनिधियों ने एसपी का स्वागत किया। समारोह का संयोजन एसओ राधेबाबू ने किया। इस मौके पर राजू मिश्र, पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह, प्रधान अवधेश सिंह, एसओ सांगीपुर मनीष कुमार तिवारी, रोहित सिंह, बद्री जायसवाल, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त और डीएम ने गंभीरतापूर्वक सुनीं जनमानस की समस्याएं



**बलरामपुर।** शासन की मंशानुरूप जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील तुलसीपुर में मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील एवं डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं कतिपय शिकायतों / समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने शिकायत निस्तारण पंजिका का अवलोकन किया एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार , मुख्य विकास अधिकारी,एसडीएम तुलसीपुर ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग, तहसीलदार तुलसीपुर, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने अग्निकांड का निरीक्षण किया

**बैदपुरा, सैफई।** वैदपुरा बाजार में शॉर्ट सर्किट से से लगी भी भीषण आग के नुकसान का जायजा लेनें उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एकप्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व मे वैदपुरा बाजार मे पहुंचा ज्ञात हो कल लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ राख हो गया था रात में कृष्ण सक्षम की बीज भंडार की दुकान में आग लगी थी जिसकी सूचना पड़ोस के दुकानदारों को दी गई देखते ही देखते आग बीज भंडार से कृष्ण बेकरी में लग गई कृष्ण बेकरी के बाद आग ने प्रमोद जनरल स्टोर को अपने आगोश में ले लिया तीनों दुकानों में लाखों रुपए का सामान जल का नष्ट हो गया सर्वाधिक नुकसान कृष्ण सक्षम बीज भंडार बालों का हुआ है उसके मालिक तेज सिंह ने बताया मेरा कम से कम 30 लख रुपए का खाद बीज कीटनाशक जलकर राख हो गया है श्री श्याम बेकरी के मालिक दिनेश कुमार ने बताया मेरी दुकान का पांच 5रू30 लख रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया है प्रमोद जनरल स्टोर के मालिक प्रमोद कुमार ने बताया मेरी दुकान में 200000 का नुकसान हुआ है दुकान का सारा सामान जल गया है तीन फ्रिज भी जल गए हैं बह तो पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अन्य दुकानदारों के सहयोग से पहले आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आज पर काबू नहीं पा सके तब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई फायर ब्रिगेड ने अथक प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया जा सका था। वैदपुरा बाजार मे हुये अग्निकांड का निरीक्षण करनें पहचे, व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल ने कहा प्रशासन से व्यापारियों को सरकारी सहायता दिलानें की मांग करेंगे साथ ही, स्थानीय बाजार के दुकनदारों से वार्ता कर आपस में चंदा कर पीड़ित दुकनदारों की मदद की अपील की, जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस संम्बंध मे विधायक शिवपाल सिंह यादव को भी अवगत करा कर पीड़ित व्यापारियों की भी मदद की अपील करेंगे, प्रतिनिधि मंडल मे रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता, मु.दिलशाद सहित वैदपुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अनुज गौड़, अखिलेश तिवारी मौजूद रहे।

# समिति ने 5200 जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल




- लोकाधिकार सेवा समिति के बैनर तले हर वर्ष होता है वितरण

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को तहसील क्षेत्र के बरौसा चैराहे पर स्थित कमला नर्सिंग होम में लोकाधिकार सेवा समिति के तत्वावधान में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिव्यांगजनों को 52 सौ कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे

विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, पुलिस ट्रेनिग सेंटर एसपी बृजेश मिश्र, मनरेगा डिप्टी कमिश्नर केडी गाश्वामी, एसडीएम संतोष ओझा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आरए वर्मा, तहसीलदार मयंक मिश्रा, ओपी चैधरी, शिवकुमार सिंह, सीओ रमेश कुमार ने दिव्यांग को वितरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक ने समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना सबसे पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने सामर्थ्यवान लोगों से गरीबों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया ने कहा कि अबकी बार 20 वें वर्ष कंबल वितरण का आयोजन किया जा रहा है। कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य ठिठुरती ठंड से दिव्यांगजनों को बचाना है। प्रभाकर शुक्ल ने कहा संस्था की तरफ से क्षेत्र के चिन्हित 5200 दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किया गया। ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल ने बताया रविवार को सेमरी में चश्मे का वितरण किया जाएगा। यहां मोतिगरपुर प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह, मोतिगरपुर थानाध्यक्ष प्रवीण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, डा. नीरज पाण्डेय, सिंटू श्रीवास्तव, बाजार अध्यक्ष उदय प्रताप शुक्ला, अंजनी यादव, आदेश मिश्र, अमित तिवारी, बब्लू मिश्रा, बृजेश शुक्ला अन्नपूर्णानगर, प्रधान बिक्की यादव सहित प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रमोद व मोना आज रामपुर खास में सड़क परियोजना का करेंगे भूमिपूजन

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को संयुक्त रूप से रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में सड़क परियोजना की सौगात सौंपेगे। विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह ग्यारह बजे ननौती में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद नेताद्वय साढ़े ग्यारह बजे रांकी तथा साढ़े बारह बजे नरवल एवं अपरान्ह दो बजे आमीशंकरपुर तथा दिन में तीन बजे नेवली का पुरवा रेहुआ लालगंज में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# सड़क सुरक्षा की जागरूकता को लेकर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं

- प्रारम्भ में महाविद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा को लेकर राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर में प्रतियोगिता के जरिए जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्रप्रकाश के आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों से आये छात्र छात्राओं ने क्विज, भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रारम्भ में महाविद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय के छात्र आदर्श पाण्डेय ने प्रथम तथा मदन मोहन मालवीय महाविद्यालय कालाकांकर की छात्रा मीनाक्षी कोरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की छात्रा काजल वर्मा प्रथम तथा चाहत यादव द्वितीय रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में भी राजकीय महाविद्यालय की सुहानी ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी कोरी रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र, डॉ. राकेश कुमार शुक्ल, डॉ. राजेश कुमार यादव, सीमा देवी, डॉ. मेवा लाल यादव, अर्चना शुक्ला, डॉ. रजनीश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## पीयूष का शिक्षक पद पर चयन



**प्रतापगढ़।** बिहार प्रदेश में लोक सेवा आयोग द्वारा प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों की भर्ती में क्षेत्रीय मेधावियों के चयन को लेकर शनिवार को यहां खुशी का माहौल दिखा। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के बरीबोझ निवासी पीयूष तिवारी ने जूनियर विद्यालय में शिक्षक पद पर सफलता का कीर्तिमान बनाया है। पीयूष की सफलता पर शनिवार को लोगों ने घर पहुंचकर परिजनों का मुंह मीठा कराया। स्थानीय सक्षम एकेडमी में अभिवावकों व शिक्षकों की बैठक में उपलब्धि पर खुशी जतायी गयी। क्षेत्र के नितिन पाण्डेय, अनुज यादव, अतुल कौशल, अविनाश सिंह का प्राथमिक संवर्ग में तथा प्रीतम शुक्ला, मोहिनी शुक्ला, पूजा मिश्रा व श्रुति शुक्ला व सत्यम दुबे का जूनियर वर्ग में शिक्षक के रूप में चयन हुआ है। उपलब्धि पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इसे रामपुर खास के शैक्षिक हब के मिशन की सफलता कहा।

एकेडमी मे हुई बैठक की अध्यक्षता निदेशक अतुल तिवारी ने किया। वहीं बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता केशवकांत उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, अमित उपाध्याय, विजय आनन्द मिश्र, केके यादव, धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू, अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी आदि ने मेधावियों की सफलता को सराहा।

## बैंक/डाकघर व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा के लिए चला चेकिंग अभियान



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा बैंकों/डाकघर/जनसेवा केन्द्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षार्थ जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को बैंकों/डाकघर की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको/डाकघर के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों/ कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म आदि को किया चेक। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## जनजाति के लोकनायक के रूप में प्रसिद्ध हुए बिरसा मुंडा

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ क्षेत्र में स्थित बरुआ उत्तरी में जनजातीय गौरव दिवस पर लोकनायक बिरसा मुंडा को याद करते हुए केंद्रीय खेल



मंत्रालय के युवा कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमत शिक्षण संस्थान में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके संघर्षों को याद किया गया। उनके बलिदान को याद करते हुए प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र प्रताप मिश्र ने उनके व्यक्तित्व तथा जीवन के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोकनायक के रूप में परिचित कराया गया। मुंडा ने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी में हुए एक आदिवासी धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया था, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। इस मौके पर नेहरू युवा मंडल बरुआ उत्तरी अध्यक्ष संदीप कुमार, कृष्ण पाल, ओमप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

- जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# शिकायतों का मौके पर निस्तारित करें : एएसपी





**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल एक सौ सात शिकायतों में से अफसरों ने चार शिकायतों का निस्तारण कराया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व एसडीएम नैंनसी सिंह ने शिकायतों की संयुक्त रूप से सुनवाई की। शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की इक्यावन, पुलिस सोलह विकास विभाग की ग्यारह व अन्य उन्तीस रहीं। ज्यादातर शिकायतें सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण तथा छोटे मोटे विवाद से जुड़ी दिखीं। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने शांति व्यवस्था सम्बन्धी शिकायतों पर समाधान दिवस में मौजूद थाने के दरोगाओं को मौके पर जाने के कड़े निर्देश दिये। एसडीएम नैंनसी सिंह ने सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण के साथ सरकारी सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को तलब कर फटकार लगायी।

अमावां के गोसांई का पुरवा के विनोद वर्मा ने शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते पर जबरिया नाली का निर्माण कराया जा रहा है। सांगीपुर के नौबस्ता निवासी ओमप्रकाश वर्मा ने शिकायती पत्र में सार्वजनिक रास्ते में अतिक्रमणी द्वारा अवैध सीढ़ी के निर्माण के जरिए अवरोध को लेकर शिकायत दर्ज करायी। वहीं जनई निवासी प्रेमलाल के साथ आये ग्रामीणों ने भी सार्वजनिक रास्ते पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करायी।

## भीकमपुर में हिंसा की बसपा ने निंदा की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये

**तिलोई/अमेठी।** प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में दलित परिवार के साथ हुई हिंसा की घटना की निंदा करते हुए बसपा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर बसपा सुप्रीमो के बयान आने के बाद बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने इसे पार्टी पदाधिकारियों को शेयर किया है। बसपा के अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी और सर्वेंद्र अम्बेडकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हिंसा और अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले के गांव भीकमपुर थाना रबुपूरा में दबंगों द्वारा एक दलित परिवार के साथ की गई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत व कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अति दुःखद एवं निन्दनीय है। सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही पीड़ित परिवार की मदद जरूर करें। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि बुलडोजर संस्कृति वाली सरकार कानून व्यवस्था, मंहगाई रोकने और रोजगार के मामले में पूरी तरह फेल है। जिला प्रभारी दिनेश गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता दुखी है, लोग बहन मायावती जी के शासनकाल की याद कर रहे हैं। सरकार के मंत्री झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। जिला प्रभारी विजय गौतम, विधानसभा प्रभारी रामदेव पासी, विधानसभा अध्यक्ष महादेव मौर्य,आर डी गौतम आदि ने गौतम बुद्ध नगर की घटना की तीखी निंदा की है और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

## विवाहिता का शव पंखे से लटका मिला

**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र के संसारपार गांव मे 22 वर्षीय विवाहिता रुसी खातून पत्नी अमन अहमद का शव शनिवार की सुबह उसके घर मे पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का पति अमन दुबई मे रहकर काम करता है। अभी दो माह पूर्व दुबई गया है। मृतक रुबी को 06 वर्षीय पुत्री व 04 वर्षीय पुत्र है।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का समापन

**मझगांवा,गोरखपुर।** मंझगांवा स्थित राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रचलित कर खेलों का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री शिवदत्त तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर बल दिया। विभिन्न खेलों में आदर्श, शिवम, परी, श्रेया, रेनू, प्रियांशु, अंश आदि ने पदक अपने नाम किए। रेड हाउस ने 585 अंक लेकर चैंपियनशिप जीती, जबकि ग्रीन हाउस दूसरे स्थान पर रही। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रबंधक ने मैडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गगहा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के गोला -कौडीराम मार्ग पर पकड़ी दूबे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त गोला थाना क्षेत्र के रामनगर परसिया निवासी 28 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार के रूप में हुई सुचना मिलते ही गगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम के अनुपस्थित होने से फरियादी दिखे मायूस



**बांसगांव,गोरखपुर।** बांसगांव तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ गोरखपुर संजय कुमार मीणा ने किया। बताते चलें कि इस माह के तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश करने वाले थे लेकिन किन्हीं कारणवश वो अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी विभागों से जुड़े कुल 51 मामले आए जिसमें 9 मामलों का निस्तारण तुरंत कर दिया गया। जिन पीड़ितों को न्याय पाने के लिए यह समाधान दिवस एक सुनहरा अवसर दिख रहा था उन लोगों के चेहरे पर डीएम के अनुपस्थिति के कारण मायूसी भी दिखी। इस अवसर पर एसएसपी डॉ0 गौरव ग्रोवर सहित एसडीएम केशरी नंदन तिवारी, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार जीवेंद्र कुमार त्रिपाठी व सभी विभागों के जिला, तहसील तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 114 मामलों में मात्र एक का निस्तारण

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार चौरीचौरा में उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशान्त वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल एक सौ चौदह मामले निस्तारण के लिए आये। जिसमें मात्र एक का निस्तारण किया गया। उक्त अवसर पर तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार संजय सिंह, नायब तहसीलदार राजधानी, चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर सिंह सहित तमाम विभागों अधिकारी एवं कर्मचारी सहित तहसील के राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## गाय केंद्रित है प्राकृतिक खेती की परिकल्पना

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में शनिवार को आयोजित ह्यगौ आधारित प्राकृतिक खेतीह्व विषयक व्याख्यान में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि गाय पारंपरिक भारतीय कृषि प्रणाली की आधार है। प्राकृतिक खेती की परिकल्पना ही गाय केंद्रित है।



डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि हमारे पूर्वज वर्षों पूर्व भी समकालीन कृषि के उन्नत विधाओं की जानकारी रखते थे। वे उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से कृषि का परिचालन करते थे, जिसमें बीजामृत, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र व अग्निस्त्र जैसी विधियों से बीज शोधन, कीट प्रबंधन व मृदा संरक्षण आदि कार्य किए जाते थे। यह सब कुछ प्रकृति के अनुकूल था। उन्होंने कहा कि वर्तमान की आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। वर्तमान में भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अन्य देशों को अनाज निर्यात कर रहा है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में एक करोड़ किसनों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसान प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक प्रणाली को अपना सकें व जनमानस तक स्वस्थ आहार उपलब्ध करा सकें।व्याख्यान के दौरान अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दुबे, डॉ. सरस्वती प्रेम कुमारी, डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह व डॉ. विकास यादव तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## न्यायालय सूचना

**हेतु संदर्षित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**मुकदमा अन्तर्गत धारा 144 उ. प्र. राजस्व संहिता 2006**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी गौरीगंज, जिला अमेठी**
**वाद सं. T2022047100 764 2022 ई.**

जहीर आलम आदि बनाम उस्मान आदि प्रतिवादीगण आदि ग्राम-जेठू मवई प. अमेठी तह.-गौरीगंज जिला-अमेठी-चूंकि उपरिनामांकित जहीर आलम आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है दावा वादी बिक्री किया जाय। अतः एवं आपकी एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 2024 के 11 माह 27 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 14.11.2024 के दिवस को निकाली गयी।

नेटिस बनाम - उस्मान पुत्र वली मोहम्मद निवासी ग्राम-जेठूमवई पर.-अमेठी तहसील-गौरीगंज जिला -अमेठी

**न्यायालय**

## Court Notice

**NATIONAL CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION**
Under the Consumer Protection Act, 2019
**Revision Petition No. 1929/2023**
(Against the order dated 03 Apr 2023 in Appeal Number A/1850/2017 of the State Commission Uttar Pradesh)

**MRS. NEHA CHAURASIA**
**.....Petitioner/Appellant**
**Versus**
**MY CAR PRIVATE LIMITED AND OTHERS**
**.....Opposite Party/Respondent(s)**

To
1. M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD. THROUGH ITS MANAGING DIRECTOR MR. GURJEET SINGH ALIAS LUCKY, 4/38. VIPUL KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH.
2. M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD. THROUGH ITS DIAMOND MR. SATYENDRA KUMAR YADAV ALIAS GUDDU WORKING IN M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD., SINDHU NAGAR, KRISHNA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH.
3. M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD. THROUGH ITS DIRECTOR CLUB MEMBER, P. SAGAR WORKING IN M/S. M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD., SINDHU NAGAR KRISHNA NAGAR, LUCKNOW. UTTAR PRADESH.
4. M/S. VCARE MULTITRADE PVT. LTD. THROUGH ITS COUNTRY HEAD PREM KUMAR SINGH M/S VCARE MULTITRADE PVT. LTD. SINDHU NAGAR KRISHNA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH.

**Notice**

**WHEREAS MRS. NEHA CHAURASIA., VS. MY CAR PRIVATE LIMITED AND OTHERS.,** has filed a Revision Petition No. 1929 of 2023 Against the order dated 03.04.2023 in Appeal No. 1850 of 2017 of the State Commission, Uttar Pradesh. The abovementioned Revision Petition is pending before the National Commission, New Delhi wherein you have been arrayed as Respondent.

**WHEREAS** this Commission has ordered vide order dated 31.07.2024 to effect service upon you by this Publication returnable on 03.12.2024.

**NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE** that you are hereby directed to appear before this Commission in person or through your counsel/authorised representative on 03.12.2024 at 10.30 a.m., failing which the Petition will be disposed of ex-parte on merits.

Dated 14th November, 2024.

**SECTION OFFICER**


## नौ दिन बाद भी गायब मासूम का सुराग नही लगा सकी गोला पुलिस

गोला,गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के बारानगर गांव से दरवाजे पर खेलने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक गायब हुए मासूम का अब तक पता नही चल सका है। मासूम को ढूंढने मे जुटी गोला पुलिस बच्चे को खोज निकालना तो दूर नौ दिन बाद उसका सुराग तक नही लगा सकी है। तो वहीं बच्चें के मां-बाप हर दिन सुबह से लेकर शाम तक जगह-जगह बच्चें को ढूंढते रहते है और शाम को थक-हार कर खाली हाथ लौटते ही विलय पड़ते है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है।

ताराचंद ने गोला पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि आठ नंबर यानि शुक्रवार की पूर्वान्ह उनका चार वर्षीय बेटा गौतम गेट के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था। फिर वहां से अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बच्चे को उन लोगों गांव-क्षेत्र समेत रिश्तेदारों में काफी जगहों पता किया। लेकिन उसका कही कुछ भी पता नही चला। अनहोनी की आशंका जताते हुए उन्होने गोला पुलिस को तहरीर देकर बच्चे को ढूंढवाने में मदद की गुहार लगाई थी। गायब मासूम के माता की तहरीर पर पुलिस बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर बच्चें को बरामद करने में जुटी हुई है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस अधिकारियों समेत डाग स्क्वायड क टीम ने मौके का गहनता से निरीक्षण किया तथा परिजनों से जानकारी भी ली। लेकिन नौ दिन बाद पुलिस द्वारा बच्चें को ढूंढना या मामले का खुलासा करना तो दूर बच्चे का सुराग भी नही लगा सकी है। परिजन बच्चे के साथ किसी अनहोनी की आशंका से काफी सबमें हुए है और पुलिस से बच्चे को बरामद की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी गोला रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले का खुलासा करने के लिए लगी हुई है।मामले से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहनता के साथ पड़ताल कर रही है। नये इंस्पेक्टर को भी मामले के खुलासा करने का निर्देश दिया जा चुका है। अगल-बगल के जिले में बच्चे की फोटो भेजकर पता कराया जा रहा है।

- **दरवाजे से संदिग्ध परिस्थितिं में लापता हो गया था चार साल का मासूम**

## दुकान से 25 हजार नगदी और एक किलो चांदी चोरी

**गोरखपुर।** बड़हलगंज क्षेत्र के पटना चौराहे से आगे छात्रावास के सामने स्थित यश ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर एक किलो चांदी सहित 25 हजार रुपए नगद चुरा ले गयें। रामू वर्मा ने पुलिस को तहरीर दे दिया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार को सरकार प्रयासरत

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विवि के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के ग्यारहवें दिन शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्थिति, लक्ष्य और नीतियां विषय पर व्याख्यान देते हुए डॉ. सरीन एनएस, परामर्श चिकित्सक रिसर्च एंड इनफार्मेशन सिस्टम फार डेवलपमेंट कंट्री ने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए सतत प्रयासरत है।

# शिकायतों को जल्द निपटायें

जिला संवाददाता (vol)



**भरथना, इटावा।** एक समस्या की कई बार शिकायत आना सम्बन्धित विभागीय कर्मचारी की उदासीनता को दशार्ता है। अतः सम्बन्धित कर्मचारी समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय रहते हरसम्भव जल्द से जल्द निस्तारण करें। हालांकि समाधान दिवस में 40 फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र सौंपकर समस्या निस्तारण की गुहार लगायी। जिसमें एडीएम की अध्यक्षता में मौके पर दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

यह निर्देश शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने मौजूद विभिन्न विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये। उन्होंने कहा कि फरियादियों द्वारा प्रार्थन पत्र सौंपते समय जानकारी दी जा रही है कि इससे पूर्व भी उक्त समस्या के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को अवगत कराया गया, किन्तु कोई कार्यवाही न होने के चलते उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड रहा है। समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के ग्राम पीपरीपुर पचार निवासी लज्जावती पत्नी स्व0 हरगोविन्द ने भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने के प्रयास को रोके जाने, क्षेत्र के ग्राम निवाडीकलां निवासी सुनीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार ने दबंगों द्वारा आवासीय प्लाट पर जबरन कब्जा करने के प्रयास को रूकवाये जाने, पूर्व सभासद निहालुद्दीन ने हाईमास्क लाइटों को सही करवाने, सभासद नूरबानो ने नाला निर्माण कराये जाने, विरौंधी निवासी विनय अवस्थी ने मा0 न्यायालय में विचाराधीन व निर्माण पर रोक के बाबजूद विपक्षियों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए कराये जा रहे निर्माण को रूकवाये जाने सहित 40 फरियादियों ने विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर समस्या निस्तारण की गुहार लगायी। जिसमें सबसे अधिक राजस्व, बिजली विभाग की समस्यायें आयीं। वहीं तहसीलदार राजकुमार सिंह ने बताया कि आलाधिकारियों की मौजूदगी में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव, सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुलकांत शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अधीक्षक डॉक्टर अमित दीक्षित, एसडीओ लव वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार पलटी, तीन लोग घायल

**चकरनगर, इटावा।** थाना चकरनगर के अंतर्गत फूटाताल गांव के समीप उदी मार्ग पर एक अनियंत्रित कार पलट गई। कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से तीनों को सीएचसी पर भर्ती कराया, यहां से गंभीर हालत में एक वृद्ध को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। एमपी के जिला भिंड थाना सुरपुरा के गांव चितावली निवासी 65 वर्षीय बिट्टी देवी पत्नी रन सिंह, 56 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी विजय सिंह व चालक गुड्डू पुत्र लालता निवासी किशुपुरा थाना सुरपुरा भिण्ड मारुति वैन कार से चकरनगर थाना के गांव गौहानी में रिस्तेदारी में किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार दोपहर समय करीब 11 बजे मारुति वेन कार चकरनगर उदी मार्ग पर फूटाताल गांव के समीप घूम पर अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। रहगीरों की सूचना पर दौड़ी डायल 112 पुलिस ने घायलों को सीएचसी केन्द्र पर भर्ती कराया। यहां वृद्ध बिट्टी देवी की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। राजेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक चकरनगर ने बताया कि अनियंत्रित कार पलटने से तीन लोग घायल हुए हैं, जिसमें एक को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## सरकारी स्कूल में मिला युवक का अधजला शव

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के लौहरई रमपुरा गांव के प्राथमिक विद्यालय में एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ। शनिवार की सुबह 9 बजे विद्यालय में यह शव पाया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय चरण सिंह के रूप में हुई। शव के पास जूते पड़े हुए थे जिसके आधार पर मृतक के छोटे भाई मुन्नालाल ने शव की शिनाख्त की। पुलिस के मुताबिक मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी गीता देवी और उसकी भाभी ने ही हत्या की योजना बनाई। मृतक के भाई मुन्नालाल ने दावा किया कि उसकी भाभी गीता देवी तीन बार पहले किसी अन्य के साथ घर छोड़ चुकी थी और तीन दिन पहले ही उसे कोर्ट से वापस लाया गया था। मृतक की पत्नी गीता देवी ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उनके सगे भाई मुन्नालाल ने उनसे झगड़ा किया था और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस इस पूरे मामले में दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है, जबकि फारेंसिक टीम भी घटनास्थल पर जांच कर रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस और फारेंसिक टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।


**अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-निविदा) संख्या 14/विजाखं (वि.)/एल /ई-टेन्डर/2024-25** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने हेतु अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम भाग में नियम व शर्ते संलग्न PQC में देखें। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग - द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। इसके अतिरिक्त म.वि.वि.नि.लि. के निदेशक मंडल के दिनांक 28.03.18 के आदेशानुसार अव्यवहारिक दरों पर सेक्योरिटी/परफारमेंस गारेन्टी लिये जाने का प्राविधान है। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग-2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के खाता संख्या-0294002100078232 आई.एफ.एस.सी. कोड- PUNB0586900 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी तथा धरोहर धनराशि e-BG के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) लखनऊ के नाम बन्धक होगी एवं अपलोड की जायेगी। निविदा का भाग -1 व 2 (प्राइस विड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य की आर.टी.जी.एस. साक्ष्य (रसीद) को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त/खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **(1) निविदा विशिष्ट सं. 90/विजाखं(वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर सीवर लाइन बिछाने का कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधिः-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(2) निविदा विशिष्ट सं. 91/विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र शुग्गामऊ इन्दिरा नगर लखनऊ पर वाटर कूलर एवं पाइप लाइन से सम्बन्धित कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(3) निविदा विशिष्ट सं. 92 / विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर - 14 न्यू इन्दिरा नगर लखनऊ पर वाटर कूलर एवं पाइप लाइन से सम्बन्धित कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(4) निविदा विशिष्ट सं. 93/विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** निदेशक (का.प्र. एवं प्रशा.) मध्यांचल के कार्यालय में शौचालय का जीर्णोद्धार से सम्बन्धित कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधिः-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(5) निविदा विशिष्ट सं. 94/विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/ 2024-25 I कार्य का नामः-** मध्यांचल मुख्यालय म.वि.वि.नि.लि. में निदेशक वाणिज्य की छत की वाटर प्रूफिंग से सम्बन्धित कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(6) निविदा विशिष्ट सं. 95/ विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लौलाई चिनहट लखनऊ पर वाटर कूलर एवं पाइप लाइन से सम्बन्धित कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथि-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथि -** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(7) निविदा विशिष्ट सं. 96/ विजाखं (वि.) / एल /टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल पंचम लेसा के कार्यालय कक्ष में एल्यूमिनियम पार्टीशन एवं क्षतिग्रस्त वायरिंग बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित ) **(8) निविदा विशिष्ट सं. 97/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय राजेन्द्र नगर के कार्यालय भवन में सीलनरोधी उपचार तथा क्षतिग्रस्त खिड़कियों एवं दरवाजों का बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथि :-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-**रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(9) निविदा विशिष्ट सं. 98 / विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** उपखण्ड अधिकारी विद्युत नगरीय वितरण खण्ड चौक, लखनऊ के कार्यालय भवन के सम्मुख जलभराव की समस्या के निराकरण के सम्बन्ध में। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(10) निविदा विशिष्ट सं. 99/विजाखं (वि.)/ एल/टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र जी.टी.आई. पर स्थित अवर अभियन्ता कक्ष एवं 3 नग शौचालय की मरम्मत के सम्बन्ध में। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(11) निविदा विशिष्ट सं. 100/विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/ 2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र जवाहर भवन पर स्थित अवर अभियन्ता कक्ष, उपखण्ड अधिकारी कक्ष पर सीलनरोधी उपचार एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(12) निविदा विशिष्ट सं. 101/विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/ 2024-25 I कार्य का नामः-** तालकटोरा स्थित विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला पर स्थित शेड से जलरिसाव को रोकने हेतु सम्बन्धित कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(13) निविदा विशिष्ट सं. 102 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नाम :-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र नादनमहल रोड पर स्थित अवर अभियन्ता कक्ष एवं बिलिंग कक्ष में सीलनरोधी उपचार तथा क्षतिग्रस्त खिड़कियों एवं दरवाजों का बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित)**(14)निविदा विशिष्ट सं. 103/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/ 2024-25 I कार्य का नामः-** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय क्लाइड रोड लखनऊ पर स्थित कार्यालय कक्षों में एल्यूमिनियम पार्टीशन एवं रंगाई-पुताई का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(15) निविदा विशिष्ट सं. 104/विजाखं (वि.)/एल /टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड-प्रथम के कार्यालय भवन में क्षतिग्रस्त वायरिंग, खिड़की दरवाजें तथा रंगाई-पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(16) निविदा विशिष्ट सं. 105/विजाखं (वि.) /एल / टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र रहीमाबाद पर स्थित बिलिंग कक्ष एवं अवर अभियन्ता कक्ष के क्षतिग्रस्त में सीलनरोधी उपचार तथा क्षतिग्रस्त खिड़कियों एवं दरवाजों का बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधि :-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(17) निविदा विशिष्ट सं. 106 /विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/ 2024-25 I कार्य का नामः-** उपखण्ड अधिकारी आलमबाग के कार्यायल भवन में सीलनरोधी उपचार तथा क्षतिग्रस्त खिड़कियों एवं दरवाजे का बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशिः-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधिः-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(18) निविदा विशिष्ट सं. 107 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I कार्य का नामः-** सहायक अभियन्ता परीक्षण खण्ड राजभवन के कार्यालय में एल्यूमिनियम पार्टीशन तथा क्षतिग्रस्त फॉल्स सीलिंग बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधिः-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(19) निविदा विशिष्ट सं. 108/विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/2024-25 I कार्य का नामः-** उपखण्ड अधिकारी चन्दर नगर के कार्यालय भवन में सीलनरोधी उपचार तथा क्षतिग्रस्त टीन शेड की शीट को बदलने का कार्य। **II निविदा अपलोड करने की तिथिः-** 29.11.2024 सांय 5:00 बजे तक **III निविदा खुलने की तिथिः-** 30.11.2024 अपरान्ह 3:30 बजे तक **IV धरोहर धनराशि :-** रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) **V समयावधिः-** एक माह। **VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, (प्रथम तल) सेक्टर-5. गोमतीनगर (विस्तार), लखनऊ।**

**हेल्पलाईन नम्बर - 18001800440**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्व की जगह एल.ई.डी. लगायें''**

**(पत्रांक 3066 / दि. 16.11.2024)**

संक्षेप

## 76 एकड़ में प्रस्तावितः किसानों की जमीन की रजिस्ट्री शेष

कुशीनगर। जिले के पटहेरवा क्षेत्र के रजवटिया में 76 एकड़ में प्रस्तावित बहुउद्देशीय हब के निर्माण के क्रम में किसानों की जमीन की रजिस्ट्री शेष मात्र ही बची है। हब निर्माण में शासन के आदेश पर शनिवार के दिन आवास विकास गोरखपुर की टीम ने राजस्व टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण से अब हब निर्माण की उम्मीद आगे बढ़ती दिखती नजर आ रही है।

मालूम हो कि पटहेरवा क्षेत्र के फोरलेन सड़क के किनारे राजवटिया गाव में सरकारी व किसानों की कुल 76 एकड़ जमीन पर बहुउद्देशीय हब प्रस्तावित है। हब में पड़े किसानों की जमीन का अधिकतम अधिग्रहण कर लिया गया है। कुछ ही किसानों की रजिस्ट्री शेष बच गयी है जो प्रकिया में है। निर्माण के क्रम में शनिवार के दिन आवास विकास की गोरखपुर के जेई की टीम सुधांशु जायसवाल व मनीष कुमार बिंद ने मौके पर राजस्व टीम के राणा प्रताप सिंह, नर्वदेश्वर सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित हब की चार दिवारी व अन्य निर्माण आदि के क्रम में निरीक्षण किया गया है। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही निर्माण का काम शुरू होगा।

जब कि इस सम्बंध में एस डी एम विकास चंद ने बताया कि आवास विकास की टीम ने हब में कहा कैसे क्या निर्माण हो इसका स्थलीय निरीक्षण किया है अगले क्रम में टीम अपना प्रपोजल डी एम साहब को ब्रीफ करेगी उसके बाद उनके निर्देश पर हब की अगली प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम



जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। तहसील सलेमपुर में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने जनता की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके शीघ्र और निष्पक्ष समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में विलंब से आने के लिए डीपीओ प्रोबेशन से स्पष्टीकरण भी तलब किया।

ग्राम कोल्हुआ निवासी रागिनी देवी पत्नी स्वर्गीय गुड्डन प्रसाद ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि 2 वर्ष पूर्व उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं और जीविका का कोई साधन नहीं है। गत संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अंत्योदय राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था। जिस पर डीएम ने तत्काल डीएसओ से उनके ऑनलाइन आवेदन की स्थिति जांचने के लिए निर्देशित किया और मौके पर ही उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया। बरडीहा परशुराम निवासी सुग्रीव चौरसिया पुत्र सर्वजीत चौरसिया ने अपनी शिकायती पत्र में कहा कि उन्होंने सेंट्रल बैंक सलेमपुर से ऋण लिया था, जिसके चलते खतौनी में सेंट्रल बैंक का नाम अंकित हो गया था। अब ऋण को चुका दिया गया है। उन्होंने खतौनी से सेंट्रल बैंक का नाम हटाने की मांग की। डीएम ने तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करवाया और मौके पर ही खतौनी से सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का नाम हटा दिया गया और उन्हें अपडेटेड खतौनी प्रदान की गई।

मझौलीराज निवासी इंदु देवी पत्नी स्वर्गीय अमरनाथ ने अपने जीविका का साधन न होने का हवाला देते हुए सहायता की गुहार लगाई। डीएम ने दो दिन के भीतर उनका विधवा पेंशन बनवाने तथा अंत्योदय राशन कार्ड बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल नियमित रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण करें और कृषि पट्टों पर आवंटित भूमि पर संबंधित व्यक्तियों को समय से कब्जा दिलाना सुनिश्चित करें। वरासत और भूमि विवादों का समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्षता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि खलिहान, चकरोड, नाला अथवा अन्य सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न होने पाए और यदि हो तो उसे अविलंब हटवाकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जाए जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त अधिकांश शिकायतें भूमि माप, पारिवारिक संपत्ति विवाद, और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित होती हैं।

यदि लेखपाल अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता से करेंगे, तो शिकायतों की संख्या में स्वतः कमी आएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि जो शिकायतें आज हल नहीं हो सकीं, उनका एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए सभी थानाध्यक्षों और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और निष्पक्ष समाधान किया जाए। तहसील सलेमपुर में आयोजित इस समाधान दिवस में कुल 114 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग के 63, पुलिस विभाग के 18, विकास विभाग के 9, स्वास्थ्य विभाग के 2, समाज कल्याण विभाग के 2 और अन्य विभागों के 20 प्रकरण सम्मिलित थे। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 108 शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, सीओ दीपक शुक्ला, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीपीआरओ श्रवण कुमार, डीसी मनरेगा खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारणः डीएम

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील कप्तानगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/ फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए।इसी क्रम अधिवक्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भी दिया गया। जिलाधिकारी ने नामांतरण बही आर 6 की जांच की तथा अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को जनपद में उर्वरक खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 24 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 04, विकास विभाग से संबंधित 02, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 01 तथा अन्य विभाग के 07 मामले आए।इस प्रकार कुल 38 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 33 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

इस दौरान परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह, सीएमओ डॉ0 सुरेश पटारिया, सीओ कुंदन सिंह,डीपीओ विनय कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र रॉय, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीडी एग्रीकल्चर आशीष कुमार, बीएसए राम जियावन मौर्य, जिला गन्ना अधिकारी डी के सैनी, डीआईओएस रविंद्र कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार दिनेश कुमार नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह श्रीनेत, विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## देव दीपावली पर जालपा माता मंदिर पर हुआ महा आरती का आयोजन



भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर पंचायत के छोटी गण्डक नदी के तट पर स्थित जंगली जालपा मन्दिर के घाट पर दीप दीपावली के अवसर पर भव्य मन्दिर समिति के तत्वावधान मे महा आरती का आयोजन वाराणसी से आये विद्वानो के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीज शंख ध्वनि व अन्य वाद्यो के साथ शुरू हुई जो शुक्रवार को देर रात्रि तक चला ।जिसमे आस्था का भारी जनशैलाब महा आरती मे उमडा पडा । आरती के समय दुर्गा मन्दिर नदी की अनुपम छवि देकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये ।सायंकाल दुर्गा मन्दिर घाट पर महा आरती मे शामिल होने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के भी स्त्री व पुरुषो के आने जाने क्रम शुरू हो गया ।आरती के लिए जब मंत्रोच्चारण शंक घण्टी डमरू की आवाज के बीच शुरू हुआ तो पुरा वातावरण ही भक्तिमय हो गया । कार्यक्रम देर रात्रि तक चला ।जिसमे उपस्थित भक्तों द्वारा की गयी जयकारे से पुरा नगर गुँज उठा ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मन्दिर समिति व्यापार मण्डल सहित सभासद पति लालबिहार प्रजापति की भी अहंम भूमिका रही ।कार्यक्रम मे व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा मोहनलाल गुप्त मन्दिर समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र वर्मा सभासद अशोक कुमार वर्मा टुनटुन विजयशंकर मध्देसिया सहित सभी सभासद भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## देश की रक्षा के लिए उदा देवी पासी ने दे दी प्राणों की आहुति : रामजी गिरि

देवरिया ।महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उदा देवी पासी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए मनाई ।इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि उदा देवी पासी का सम्पूर्ण जीवन अखण्ड राष्ट्र की सेवा व आजादी के लिए समर्पित रहा ।उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।अंग्रेजों ने अवध के नवाव के किले पर हमला किया तो इन्होंने पुरुष का वेश धारण कर लड़ाई के समय अपने साथ गोला बारूद लेकर पेड़ पर चढ़ गई और अंग्रेजों को लखनऊ के सिकन्दर बाग में तब तक नहीं घुसने दिया था जब तक कि उनका गोला बारूद समाप्त नहीं हो गया ।पेड़ से उतरते समय अंग्रेजों ने उन्हें गोली मारकर छ्लनी कर दिया,जिससे वह वीरगति को प्राप्त हो गई। कार्यक्रम के दौरान मुकुंद भाष्कर मणि त्रिपाठी, दीनदयाल यादव, नीलेश त्रिपाठी,सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, आलोक त्रिपाठी राजन,शाकिर हुसैन,जयप्रकाश पाल,सत्यम पांडेय,सुहैल अंसारी, बृजेश सिंह राणा, अब्दुल जब्बार, मनोज मणि, मानवेन्द्र तिवारी, मधु शर्मा, मार्कण्डेय मिश्र,सुनील द्विवेदी, प्रेमलाल भारती,वीरेन्द्र त्रिपाठी,राशिद अंसारी, शिवशंकर सिंह,अशोक गौड़ आदि प्रमुख रूप से शामिल रहै।

## जिलाधिकारी ने किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण



देवरिया । आज अपराह्न जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर फायर सेफ्टी मानकों का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज के एमसीएच विंग पहुंचीं, जहां उन्होंने एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुए इमरजेंसी फायर एग्जिट का स्पष्ट और सुरक्षित मार्ग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकस्मिक परिस्थितियों में इमरजेंसी एग्जिट लोगों की जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में लगे सभी फायर एक्सटिंगशर की एक्सपायरी डेट की नियमित जांच हो। उन्होंने कर्मचारियों को आग जैसी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया।इस दौरान चीफ फायर सेफ्टी ऑफिसर अरुण कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज का फायर ऑडिट इस वर्ष जनवरी और जून में संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि फायर ऑडिट के दौरान जो भी कमियां पाई गई थीं, उन्हें मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने समय रहते ठीक कर लिया है जिलाधिकारी ने जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी और मेडिकल कॉलेजों में फायर सेफ्टी मानकों के अनुपालन की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में फायर सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल, सीएमओ डॉ. राजेश झा, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीसरी आंख करेगी रूद्रपुर कस्बे की निगहबानी



रूद्रपुर, देवरिया। अब रुद्रपुर कस्बे की निगहबानी तीसरी आंख करेगी। इसके लिए नगर पंचायत ने बंदोबस्त कर लिया है। कस्बे के कुल 17 स्थानों पर 52 सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिससे कस्बे की हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम ने बकायदे जलकल परिसर में इस कार्य का उद्घाटन किया और बताया कि फर्स्ट फेज में 17 स्थान पर कैमरे लगाए जाएंगे। जिनकी मॉनिटरिंग नगर पंचायत के नए भवन से होगी। कैमरा लग जाने से कस्बे के अंदर हो रही अवांछनीय गतिविधियों पर लगाम लग सकेगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में प्रवेश करने वाले हर मार्ग पर अनिवार्य रूप से कैमरा लगाया जाएगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कैमरों का विस्तार किया जाएगा। कैमरे लग जाने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और घटनाओं का पदार्फाश करने में पुलिस को मदद मिलेगी।इस अवसर पर राम विनोद शुक्ला, अयूब खान,सुनील साहनी, सज्जाद अली, विजय यादव, अंकित मणि त्रिपाठी, अजय जायसवाल, जय रतन चौरसिया सहित तमाम सभासदगण मौजूद रहे ।

## जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से होगा डीएपी का वितरण : जिलाधिकारी

देवरिया ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि निजी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा जनपद में सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु 300 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिसका आवंटन 15 सहकारी समितियों ( बी-पैक्स ) को किया गया है। इसके अतिरिक्त, जनपद बलिया में लगने वाली इफको डीएपी की रैंक से जनपद में वितरण हेतु 350 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुआ है, जिसका आवंटन 21 सहकारी समितियों ( बी-पैक्स ) एवं 03 पीसीएफ के कृषक सेवा केंद्रों को जनहित/कृषक हित में किया गया है जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देशित किया है कि समितियों के खाते में उपलब्ध क्रेडिट बैलेंस के सापेक्ष उक्त डीएपी का त्वरित गति से प्रेषण सुनिश्चित किया जाए। डीएपी की बिक्री कृषकों को 1350 रुपये प्रति बोरी ( 50 किलोग्राम ) की दर पर एवं नैनो डीएपी की बिक्री 600 रुपये प्रति बोतल ( 500 एमएल ) की दर पर की जाएगी। कृषकों को पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु विक्रय केंद्रवार लेखपालों की तैनाती की गई है, जिनकी उपस्थिति में ही वितरण किया जाएगा।

## रामकोलाः पांच वर्षीय बच्ची के साथ हैवानियत

कुशीनगर। जिले के रामकोला में 05 वर्षीय मासूम के साथ गांव के ही रहने वाले युवक द्वारा दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। युवक ने घर के सामने खेल रही मासूम को अपने पास बुलाया और अपने घर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मासूम अपने घर पहुंची तो अपनी मां से सारी बात बताई, जिसके बाद रामकोला थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया जो मानवता को शर्मशार करने वाला है। 19 वर्षीय युवक ने घर के सामने खेल रही 05 वर्षीय मासूम को पहले अपने पास बुलाया। युवक का घर और उसके घर के पास ही है, इसलिए मासूम भी उसके पास बेझिझक चली गई। उसे क्या पता था कि जिसे वह चाचा चाचा कह कर बुलाती है वह उसके साथ हैवानियत करेगा, लेकिन मासूम के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। युवक मासूम को अपने साथ लेकर अपने ही घर में गया और उसके साथ दरिंदगी किया। युवक के चंगुल से छूटकर मासूम अपने घर पहुंची उसने अपनी मां के पास पहुंची तो उसने सारी बात बताई। इसके बाद मासूम की मां ने अपने पति को बुलाया और सारी बात बताई ।इसके बाद दोनों ने रामकोला थाने में न्याय की गुहार लगाइ। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को डॉक्टरी जांच के लिए भेज दिया है।

## देव दीपावली पर दीपों से जगमग हुआ घाट



जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा जन सहयोग से देव दीपावली (कार्तिक पूर्णिमा) के अवसर पर शुक्रवार की शाम कुशीनगर जनपद स्थित सोहसा दुबौली घाट पर बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी की अध्यक्षता में 2100 दीपों के साथ दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन कर देवी-देवताओं से लोक मंगल व सोहसा मोक्ष धाम एवं दुबौली छठ घाट निर्माण की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद विजय दुबे ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण में आ रही विधिक अड़चनों को दूर कराने एवं दुबौली में अपने निधि से छठ घाट निर्माण कराने की घोषणा की।

इसके पूर्व पंडित राघवेंद्र मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीपदान प्रारम्भ हुआ और मंच से जनता के प्रतिनिधि के रूप में नयी दिशा सचिव डा0 हरिओम मिश्र ने सोहसा मोक्ष धाम निर्माण और दुबौली छठ घाट निर्माण की मांग को मजबूती के साथ रखा। धीरज राव की टीम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, ब्लॉक प्रमुख मोतीचक अर्चना प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख हाटा प्रतिनिधि सुधीर राव, ब्लॉक प्रमुख कसया प्रतिनिधि अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, सोहसा प्रधान प्रतिनिधि मुकेश राव, दुबौली प्रधान सेवा लाल यादव, भठही बाबू प्रधान सुभाष कान्दू, परवरपार प्रधान राजेश राव, मुहम्मदा प्रधान विनय कुशवाहा, सिकटिया प्रधान जमुना सागर, सत्यजीत सिंह, बबलू मिश्र, राम कोमल, ए डी ओ मोतीचक प्रमोद सिंह, हेमंत मिश्र, पंडित कन्हैया मिश्र, कृष्णमोहन, पेशकार, आशुतोष पांडेय, डीके पांडेय, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, राम नरेश मिश्र, रवि यादव, देवानंद, आदित्य पांडेय, विजय राव, शम्भू राव, जय राम पटेल, हर्षित मिश्र, जितेंद्र राव, टुनटुन मिश्र, गौतम मुनि तिवारी, पारस गुप्ता, प्रशांत किशोर यादव, रुदल पटेल, विकेश, संजेश, गुलशन तिवारी, प्रमोद सिंह, वेद प्रकाश तिवारी, आशुतोष मिश्रा, बबिता सिंह, संगीता सिंह, प्रियंका सिंह, रिशु यादव, आर के पांडेय, मनोज कुमार, कन्हैया सिंह, अखिलेश दास गुप्ता, अनिल तिवारी, दिनेश पांडेय, गुलशन त्रिपाठी, रविश सिंह, सत्यकाम पांडेय, राघवेंद्र प्रताप शुक्ल, चिन्तु मणि त्रिपाठी, हर गोविंद राव, संजय पांडेय, अयूब खान, मो0 सरफराज, कौशल जायसवाल सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एएसपी दीपेंद्र चौधरी को मिला आईपीएस का पद : एसपी ने स्टार व बैज लगाकर दी बधाई



देवरिया । अपर पुलिस अधीक्षक श्री दीपेन्द्रनाथ चौधरी के आईपीएस पद पर पदोन्नत के उपरान्त पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने उन्हें स्टार एवं आईपीएस बैज लगाकर पदोन्नत की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधकारी लाइन अंशुमान श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## दीपों से सजी दूसरी काशी

रूद्रपुर, देवरिया। देव दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को लहरी काशी के रूप में विख्यात दुग्धेश्वर नाथ मंदिर असंख्य दीपों से जगमगा उठा। मंदिर के पीछे स्थित पोखरे पर भव्य गंगा आरती का भी आयोजन किया गया।इसके साक्षी नगर की गणमान्य जनता व सैकड़ो भक्त बने। शाम होते ही देव दीपावली समिति द्वारा मंदिर परिसर को असंख्य दीपों से सजाया जाने लगा। समिति के आह्वान पर नगर व देहात क्षेत्र से लोग दीप तेल व बाती लेकर मंदिर में पहुंचे। जहां लोगों ने विभिन्न आकार में दीपों को सजाया। मंदिर के परिसर में भारत माता के आकार का दीप जलाकर देव दीपावली समिति के लोगों ने वाहवाही बटोरी। वहीं विष्णु मंदिर के मुख्य पुजारी आदित्य पांडे के आयोजन में लगातार दूसरी बार पोखरे पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी से आए धमाचार्यो ने आकर्षक ढंग से गंगा आरती कर लोगों को भाव विह्वल कर दिया।इस अवसर पर कौशल किशोर सिंह, देवेश नारायण शुक्ला ,पद्माकर दुबे ,चंद्रभूषण तिवारी, शिव हरी तिवारी, कोतवाल रतन पांडे, मन्मथ त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, सज्जाद अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने चलाया फेज-5 अभियान व ऑपरेशन जागृति

ग ऑडियो वीडियो पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं स्वयं की सुरक्षा हेतु किया जागरुक

देवरिया । पुलिस अधीक्षक, संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा आज अपने-अपने थाना क्षेत्रो में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं सम्बन्धित पंपलेट वितरित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया थाना भटनी की मिशन शक्ति टीम म0का0 कंचन वर्मा द्वारा ग्रामीण कस्बों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं से सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ? आदि के विषय में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया गया जिसमे महिलाओं, युवतियों,स्कुल कालेज की छात्राओं द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया ।

थाना रुद्रपुर की मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अरविन्द यादव व महिला आरक्षी कन्चन यादव द्वारा प्राथमिकी विद्यालय बड़ी मस्जिद रुद्रपुर में जाकर छात्राओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरिक कर जागरुक किया गया इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी अंचलों में चौपाल छात्राओं को स्वयं सरकार द्वारा जारी व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया ।

## मुगलों और अंग्रेजों के विरुद्ध आदिवासियों ने बजाया बिगुलः कुंवर प्रशांत सिंह




जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 9 (नरकटिया खुर्द) वार्ड नंबर 9 बाला साहब देवरस नगर में महारानी दुर्गावती सेवा संस्थान द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवारा के तहत जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया।

शनिवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश गढ़ मंडला राज

**बिरसा मुंडा जयंती पखवारा के तहत जनजाति गौरव दिवस आयोजित**

परिवार के कुंवर प्रशांत सिंह मरावी ने कहा कि भारत देश गोंडवाना लैंड का हिस्सा है तथा अनादि काल से गोंड पृथ्वी पर निवास करता रहा है इसी लिए इन्हें आदिवासी कहा जाता है आदिवासी समाज प्रकृति शक्ति को पूजता है स्वतंत्रता के बाद अखंड भारत के निर्माण में गोंड राजाओं का बहुत योगदान है। कार्यक्रम संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी एस टी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राधेश्याम गोंड ने कहा कि भारत में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सर्व प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा ने आरंभ किया था आदिवासी समाज मुगलिया हुकूमत के साथ-साथ अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बिगुल बजाया तथा प्रकृति द्वारा दिए गए जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए जंगलों में निवास किया तथा अपने मान सम्मान एवं संस्कृति बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अध्यक्षता भूमक शिवनाथ मरावी तथा संचालन राममनोहर गोंड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्या लाल गोंड, लल्लन कुमार गोंड, पंकज कुमार गोंड, अरविंद कुमार गोंड, रामधनी गोंड, सहदेव गोंड, प्रेमचंद गोंड, संजय कुमार गोंड, भोला गोंड, घनश्याम गोंड, रंजन श्रीवास्तव,समसुल अंसारी, मीर हसन अंसारी, मनोज कुमार गोंड, राधिका देवी, सुनैना देवी, रीमा देवी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गांव की सीमाओं का हुआ सीमांकन



कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज विकास खण्ड के गंगुआ गांव में राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में गांव का सीमांकन कर पत्थर लगाया गया ।यूपी बिहार के बॉर्डर पर बसे इस गांव की अधिकतर सीमाए बिहार प्रान्त के सुकसेनवा गांव से सटा हुआ है ।गांव की सीमाओं का सीमांकन नही होने से कई बार विबाद की स्थिति भी उतपन्न हो जा रही थी ।ग्रामीण शासन से गांव के सीमा निर्धारित किये जाने की मांग काफी समय से कर रहे थे ।इसके लिये ग्राम प्रधान अख्तर अली गुड्डू ने भी तहसील प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों से सीमांकन कराने की मांग कर चुके थे। ग्रामीणों की मांग पर शनिवार को राजस्व निरीक्षक( कानूनगों ) तमकुहीराज राणा प्रताप सिंह लेखपाल दीपू जायसवाल ग्राम विकास अधिकारी इमरान आलन के साथ पहुचकर गांव के चारो ओर की सीमाओं का सीमांकन कर पक्की पत्थर लगवाया। इस दौरान ग्राम प्रधान अख्तर अली गुड्डू, पंचायत मित्र उपेंद्र गुप्ता, ग्रामीण मनोज बैठा, विजय सिंह, पुनीत यादव, मुहम्मदीन अंसारी, मुस्तफा, श्याम सुन्दर गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, तूफानी अंसारी आदि मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में एक की मौत

कुशीनगर। जिले के पटहेरवा क्षेत्र के पटहेरवा ग्रामसभा निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के छोटे भाई की शुक्रवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पत्रकारों ने इस दुखद घटना को लेकर शोक व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम सभा के शहदौली निवासी व पत्रकार कृष्णमुरारी पांडेय के छोटे भाई विनोद पांडेय 40 वर्ष की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। क्षेत्र के अशोक मिश्रा, मृत्युंजय द्विवेदी, जितेंद्र तिवारी, वागीश सिंह, आद्या सिंह, उमेश पांडेय, अशफाक अंसारी, दिनेश सिंह, विजय राव, रविंद्र तिवारी सहित अन्य पत्रकारों ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया।

संक्षेप

## चोरों ने पचास हजार रुपये की संपत्ति की पार

सीतापुर। चोरों ने सदरपुर के अलायपुर के एक घर से ताला तोड़कर करीब पचास हजार रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के अलायपुर के अरविंद कुमार पुत्र राम सरन के घर शुक्रवार की रात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घुस गए। चोरों ने यहां से 100 लीटर डीजल तेल, एक साइकिल, दो बोरी डीएपी खाद, एक ट्रैक्टर का बैट्रा चोरी कर ले गए। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना सदरपुर पुलिस को दे दी गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में चार लोग घायल

पुरवा, उन्नाव। पाटन मार्ग पर स्थित मिर्री चौराहा के आगे सड़क के किनारे बने चबूतरे पर रखे ट्रांसफार्मर में अनियंत्रित होकर इको वैन जा घुसी। जिससे वाहन में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीती रात करीब चार बजे के आसपास कोइथर निवासी पिंकी व प्रकाश व विनोद एवं साहिल गंगा स्नान करके वापस लौट रहे थे। तभी पुरवा पाटन मार्ग पर स्थित मिर्री चौराहा के आगे रखें ट्रांसफार्मर के बने चबूतरे में ईको गाड़ी अनियंत्रित होकर जा घुसी जिससे चार लोग घायल हो गए। जहां स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस को सूचना दी गई वही मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को स्थानीय सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पुत्र ने पिता की हत्या की

बलिया। जिले के उभांव थाना क्षेत्र के चंद्रौल ग्राम में शनिवार को एक युवक ने अपने 55 वर्षीय पिता की कथित तौर पर धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के चंद्रौल ग्राम में शनिवार को पूर्वान्ह खेत में काम करते समय जय प्रकाश चौहान (55 वर्ष) के ऊपर उनके बेटे मोहित चौहान ने कथित रूप से धारदार कुदाल से प्रहार कर दिया। घटना के बाद घायल जयप्रकाश चौहान को स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के समय पिता-पुत्र साथ में खेत की सिंचाई कर रहे थे कि अचानक मोहित ने पिता पर हमला कर दिया। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में जय प्रकाश के भाई की तहरीर पर मोहित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है तथा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुत्र मानसिक रूप से ठीक नहीं था और उसका विगत दो वर्षों से इलाज चल रहा था।

# शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारणः डीएम

सीतापुर। आम जनमानस की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निस्तारण के लिए शनिवार को जिले के सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और



पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा महमूदाबाद संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना।

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 शिकायतकर्ताओं ने शिकायती पत्र दिए। इनमें से 7 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील सिधौली में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील बिसवां में प्राप्त 50 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना-पत्रों में से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## डीएम ने तहसीलदार को लेखपाल और कानूनगो पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

सीतापुर। पांच भाइयों के स्थान पर एक के नाम वरासत करने पर जिलाधिकारी ने लेखपाल व कानूनगो पर कार्रवाई के निर्देश तहसीलदार को दिए हैं। जिलाधिकारी ने न्यायालयों के आदेशों का अनुपालन करवाए जाने के लिए सर्किलवार कानूनगो को सूची बनवाकर देने के निर्देश भी दिए। डीएम के अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित सामाधान दिवस में कुल 67 शिकायतें आईं जिनमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया।

शनिवार को महमूदाबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में देवरिया जिले के लाल बचन व बलजोर पुत्र परमेश्वर ने दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि उनके पिता रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र व परगना सदरपुर के चांदपुर फरीदपुर गांव में भूमि गाटा संख्या 823, 828, 829, 736 भूलेखों में दर्ज है। पिता की मौत हो चुकी है। पीड़ित छह भाई हैं, आरोप है कि पिता की मौत के बाद एक भाई जितेंद्र ने उक्त भूमि को लेखपाल व कानूनगो को दो लाख रुपए देकर मिलीभगत कर अपने नाम करवा लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार अनिल कुमार राम, कानूनगो अरविंद सिंह, लेखपाल रंजना को तत्काल मौके पर बुलाया। वरासत की फाइल तलब की तो पता चला कि उसमें परिवार रजिस्टर की नकल भी नहीं लगी है और लेखपाल ने गलत तरीके से वरासत करने के साथ न्यायालय में कलमबंद बयान भी दर्ज कराया है। वरासत में पांच भाइयों का नाम गायब कर एक के नाम भूमि किए जाने पर जिलाधिकारी ने कानूनगो व लेखपाल को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि न्यायालयों से पारित होने वाले आदेशों के अनुपालन के लिए कानूनगो के परगनावार सूची बनवाकर उन्हें निस्तारित करवाएं। रामपुर मथुरा के दुगार्पुर के महेश कुमार पुत्र बेंचे लाल ने शिकायती पत्र देकर बताया है कि गांव में उसके खेत तक नक्शे पर चकमार्ग है लेकिन प्रधान और लेखपाल ने मिलीभगत करके उसके खेत से चकमार्ग निकाल दिया है। मामले को लेकर अबतक उसके द्वारा 20 बार शिकायत की जा चुकी है, किंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ने स्थानीय लेखपाल पर पैमाइश के लिए रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया है।

## समाधान दिवस पर आयीं 93 शिकायतें, डीएम ने समस्याएं सुनी



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में शनिवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 93 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, पुलिस, विकास और अन्य विभागों से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

डीएम ने फरियादियों की एक एक कर समस्या सुनी वही पुलिस से सम्बंधित शिकायते पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुनवाई की गई। जिलाअधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें।93 शिकायतों में से 46 राजस्व विभाग, 16 पुलिस विभाग, 7 विकास विभाग और 24 अन्य विभागों से संबंधित थीं। इनमें से 8 राजस्व के मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पीड़ित ग्राम कीरतपुर निवासी मनोज त्रिवेदी ने डीएम से गाटा संख्या 19 की पैमाइश के लिए कई बार आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने इस मामले का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम बाबू खेड़ा थाना बिहार क्षेत्र के प्रभास पांडेय ने मंदिर जाने के रास्ते में अवरोध खड़ा करने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं ग्राम घीना खेड़ा निवासी श्रीपाल ने खेल के मैदान में अतिक्रमण की समस्या उठाई। ग्राम परसंडा निवासी राजेन्द्र और अन्य ग्रामीणों ने गौशाला बनाए जाने की मांग की। ग्राम भैरमपुर की राजकुमारी ने सरकारी आवास दिलाने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने पुलिस और राजस्व विभाग को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और समाधान की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए।

जनता ने समाधान दिवस से अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण की उम्मीद जताई है। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर समस्याओं और अधिकारियों को सख्त निर्देश देने से लोगों में समाधान दिवस के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सत्य प्रकाश, तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, बेसिक शिक्षाधिकारी संगीता सिंह, क्षेत्राधिकारी ऋषि कांत शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ईंट भट्ठे पर मिला नाबालिग का शव, परिजनों ने काटा हंगामा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र एक ईंट भट्ठे पर नाबालिग बालक का शव संदिग्ध हालात में पाया गया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए



हंगामा काटा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम नगोइया दारानगर निवासी विक्रम पुत्र मन्नू लाल उम्र 15 वर्ष कई वर्षो से के अंतर्गत कटिया दारानगर के निकट लगे आर बीएफ ईट भट्ठे पर बुग्गी से ईटे लाने और ले जाने का काम करता था। शनिवार की दोपहर उसका शव भट्ठे पर पाया गया।, शव मिलने से ईंट भट्ठे पर हड़कंप मच गया। बुग्गी से गिरकर मौत होने की जानकारी मिल रही है। सूचना पाकर परिजनों ने ईंट भट्ठे पर पहुंचकर हंगामा काटा। पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन माने। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। रामकोट थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने बताया नाबालिक का शव ईंट भट्ठे पर पाया गया है। वह 2 वर्ष से ईट भट्ठे पर ईंट ढोने का काम करता था। मृतक की उम्र 15 वर्ष थी। मृतक के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## छात्राओं के लिए गुड टच-बैड टच पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

सीतापुर। सीतापुर राउंड टेबल व लेडीज सर्कल व सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के संयुक्त प्रयास से हिंदू कन्या पाठशाला जूनियर विभाग में कक्षा एक से कक्षा आठ तक की छात्राओं के लिये आत्मरक्षा प्रशिक्षण और गुड टच-बैड टच पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षकों ने बच्चों को यह समझाया कि किसी भी अनजान या असुविधाजनक स्पर्श की पहचान करना क्यों आवश्यक है। सरल उदाहरणों और संवाद सत्रों के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि किसी भी खतरनाक स्थिति में वे कैसे प्रतिक्रिया कर सकते हैं और किससे मदद ले सकते हैं। साथ ही, आत्मरक्षा के कुछ बुनियादी और प्रभावी तरीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे बच्चों को आत्मविश्वास और साहस विकसित करने में मदद मिले। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सवाल भी पूछे। कार्यक्रम के आयोजक, राउंड टेबल और लेडीज सर्कल के सदस्यों ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस तरह की कार्यशालाएं बच्चों को न केवल जागरूक बनाती हैं। बल्कि उन्हें सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरपूर भविष्य की ओर अग्रसर करती हैं। अभिभावकों और शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए बेहद उपयोगी बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह की जागरूकता और सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर राउंड टेबल व लेडीज सर्कल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने चीनी मिल का निरीक्षण कर दिये निर्देश

सीतापुर। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि महमूदाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



चीनी मिल परिसर में साफ-सफाई, स्केपर को एक जगह रखने तथा इसको नीलामी हेतु निर्देश दिये गये। चीनी मिल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मिल गोदामों का निरीक्षण किया गया। मुख्य गन्ना अधिकारी को तौल काँटों के स्थापना एवं गन्ना कटने के बाद कम समय में ही चीनी मिल को गन्ने की आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही कृषकों को साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य अभियन्ता को जिला अधिकारी महोदय के द्वारा मशीनरी के ट्रायल एवं मिल बन्दी पर नियन्त्रण हेतु निर्देश दिये गये तथा मुख्य रसायन को 10 प्रतिशत से कम चीनी परता न आये तथा साफ सुथरी चीनी बनाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय चीनी मिल अधिकारी अनिल चतुर्वेदी, प्रधान प्रबन्धक, रोहित शुक्ला मुख्य अभियन्ता, विनोद यादव मुख्य रसायन विद्, गीतेन्द्र कुमार मुख्य लेखाकार एवं सुभाष चन्द्र पाण्डेय, प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने शिक्षकों को दिया प्रशस्ति पत्र

पुरवा, उन्नाव। राज्य सरकार द्वारा जारी शिक्षा योजनाओं की जमीनी हकीकत की पड़ताल करने के उद्देश्य से श्याम त्रिपाठी सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बीआरसी केन्द्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय असोहा (कम्पोजिट) का निरीक्षण किया। सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल जवाब कर शिक्षा के स्तर को टटोला और उन्हें शिक्षा के महत्व का बोध कराया। शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के संस्था राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने असोहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय असोहा कम्पोजिट के रसोईघर का निरीक्षण कर रसोइयों से मध्यान्ह भोजन के संबंध में



जानकारी ली। रसोइयों ने बताया कि प्रत्येक दिन मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन बच्चों को दिया जाता है। साथ ही सोमवार को मौसमी फल, बुधवार को दूध, बृहस्पतिवार को भुनें चना, गजक व मशरूम आदि भी दिया जाता है। उच्च प्राथमिक विद्यालय असोहा कम्पोजिट की छात्र उपस्थिति, बच्चों के शैक्षिक स्तर, कक्षा-कक्षों की व्यवस्था व मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था से संतुष्ट हो श्याम त्रिपाठी ने विद्यालय के प्रधान शिक्षक अनंत नारायण दीक्षित, सहायक शिक्षक रागिनी त्रिपाठी, विनीत श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, मनजीत सिंह, अनुदेशक सुशील कुमार, शिक्षामित्र निशा देवी, सुरेश कुमार और सहचर संजय कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही है। परिषदीय विद्यालयों में ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, मजदूर और किसानों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इन्हें राज्य सरकार की सभी योजनाओं का समुचित लाभ मिलना चाहिए।

## वीरांगना ऊदा देवी का मना बलिदान दिवस

सीतापुर। महोली कस्बे में अमर शहीद वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान मनोज राजवंशी ने इस मौके पर कहा कि 16



नवम्बर 1857 को गदर में अंग्रेजों से जंग लड़ते हुए शहादत पायी थी। उन्होंने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वही कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व विजय प्रधान ने वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में ऊदा देवी व पासी समाज की महती भूमिका रही है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान मुन्ना लाल राजवंशी, मंजेश कुमार, मनमोहन, कुनेंद्र यादव, तुलाराम, राकेश कुमार, पूर्व प्रधान चेतराम राठौर, डॉक्टर रवि कुमार, राजेश भार्गव एडवोकेट महेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान रामलाल राही, पूर्व प्रधान राजाराम, प्रधान भगवानदीन राजवंशी, संतराम भार्गव ,जिला पंचायत सदस्य अशोक कुमार राजवंशी, लखीमपुर से पहुंचे गंगाराम राजवंशी,एडवोकेट रामजीवन, तोताराम प्रधान, मनोज प्रधान, अनिल राज, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर न्याय पायें

उन्नाव। जन सामान्य को त्वरित, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत जिलान्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ अश्विनी कुमार त्रिपाठी के निदेर्शानुसार अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मीनाक्षी सोनकर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत में पक्षो के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार, व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।

लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओ से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक, सुलह सुमझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से संबंधित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली प्रीलिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम, नगर पालिका अधिनियम, श्रम संबंधी वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, राजस्व संबंधित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आरबीटेशन वाद, आपदा राहत वाद, यातायात चालानी वाद, जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से सम्बन्धित प्रकारण आदि का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद वासियों से अपील है कि यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह.समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चहते है, तो कृपया संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते है।

# तहसीलदार ने पुजारी को जूस पिलाकर भूख हड़ताल करायी समाप्त

### मंदिर जाने के लिए दोनों ओर से रास्ता दिए जाने के बाद पुजारी ने तोड़ा मौन व्रत

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। तहसील प्रशासन के अथक प्रयास के बाद तीसरे दिन आखिरकार बम्हौरा गांव से बाहर बने मंदिर जाने के लिए दोनों ओर से रास्ता दिए जाने के बाद पुजारी ने मौन व्रत तोड़ते हुए भूख हड़ताल आमरण अनशन समाप्त कर दी। पुजारी को तहसीलदार ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाते हुए आमरण अनशन तोड़वाया।

विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत बम्हौरा में गांव से पश्चिम उत्तर कोने में परागीदास बाबा का मंदिर बना है। भक्तों के मंदिर पहुंचने के लिए खेतों के बगल से संकरा मेड़नुमा रास्ता था। बीते दिनों ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त से मुलाकात कर गांव के मुख्य मार्ग से परागीदास बाबा मंदिर तक रास्ता बनवाए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत द्वारा मार्ग पटाई के साथ खड़ंजा लगाए जाने का शुरू कर दिया गया। खड़ंजा निर्माण का काम अंतिम दौर में मंदिर के निकट



आकर एक खेत स्वामी द्वारा रोंक दिया गया। मार्ग निर्माण काम रोंके जाने से आक्रोशित मंदिर के पुजारी राज बहादुर पटेल ने बुधवार को मौन व्रत का संकल्प लेते हुए मार्ग पर ही बैठकर भूख हड़ताल शुरू कर दिया था।

बाबा के साथ प्रधान कामिनी देवी, रमेश चंद्र, शिव बालक, अवनीश कुमार, साहेब सरन, दीप शिखा, पुष्पा कुमारी, अमर सिंह, अर्चना, सुशीला वर्मा समेत करीब आधा सैकड़ा ग्रामीण पुजारी के साथ धरने पर बैठ गए थे। गुरुवार को तहसीलदार अनिल कुमार राम अधीनस्थों संग बंहौरा पहुंचे थे और मौका मुआयना कर रास्ते के आसपास पड़ने वाले खेत स्वामियों से वार्ता की। एक खेत मालिक तो मान गया, किंतु दूसरी ओर के खेत मालिक राजेंद्र ने खेत में रास्ता पटवाने से मना कर दिया। तहसीलदार ने जब उसे रास्ते के लिए खेत की थोड़ी जमीन छोंड़ने की बात कही तो वह मौके से चला गया। तहसीलदार इसके बाद धरना स्थल पर पहुंचे और पुजारी व उनके अनुयायियों को समझाने का काफी प्रयास किया कि रास्ता बनवा दिया जाएगा। इसपर पुजारी दोनों तरफ से रास्ता बनवाए जाने की मांग करने लगे, जिसपर आखिरकार तहसीलदार वापस लौट आए थे। तहसीलदार के जाते ही खेत मालिक राजेंद्र रावत उर्फ सरदावन करीब सौ मीटर दूर जाकर यूकेलिप्टस पेंड़ पर रस्सी गले में डालकर चढ़ आत्महत्या की धमकी देने लगा था। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह के समझाने पर राजेंद्र नीचे उतरा था। शुक्रवार को आखिरकार तहसील प्रशासन ने पुनः दोनों ओर के रास्ते में पड़ने वाले किसानों से बुलाकर वार्ता की। सहमति बनने पर शुक्रवार की देर शाम तहसीलदार अनिल कुमार, विधायक पुत्र आकाश मौर्य, लेखपाल ललित मौर्य, प्रदीप शाह एसआई संतोष राय, प्रदीप पांडेय मौके पर पहुंचे और गांव से मंदिर आने वाले दोनों तरफ के रास्तों को जेसीबी से पटवा दी। रास्ता पट जाने के बाद तहसीलदार ने पुजारी को जूस पिलाकर भूख हड़ताल और आमरण अनशन तोड़वाया। तहसीलदार ने बताया कि किसानों की सहमति बन गई है दोनों ओर से रास्ता पटवा दिया है, पुजारी ने आमरण अनशन और धरना समाप्त कर दिया है। इस मौके पर रवि अवस्थी, शरद सिंह, शैलेंद्र वर्मा, अरविंद वर्मा सहित करीब एक सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

## 11 हजार दीपमालाओं से मां संकटा देवी धाम परिसर जगमगाया

सीतापुर। गुरू पूर्णिमा पर प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना। इस मौके पर आयोजित देव दीपावली पर्व पर मां संकटा देवी धाम परिसर 11 हजार दीपमालाओं से जगमगा उठा। वाद्य यंत्रों की थाप पर होने वाली सामूहिक आरती व भक्तिमय जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

आकर्षक घाट से पवित्र सरोवर में सैकड़ों लोगों ने दीपदान किया तो अत्यन्त मनोहारी दृश्य देख लोग अभिभूत हो उठे। नगर के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में देव दीपावली के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। मुख्य मंदिर सहित सभी मंदिरों व पूरे परिसर को बेहतरीन ढ़ंग से 11 हजार दीपों से सजाया गया। सायं साढ़े पांच बजे एक साथ दीप मालायें जलाई गईं तो दृश्य बहुत मनोहारी हो गया। महाआरती प्रारम्भ होने से पहले घाट से पवित्र सरोवर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा किए गए दीपदान से सरोवर में झिलमिलाते दीपकों की आभा मनमोहक हो उठी। दीपदान के लिए जलाए जाने वाले दीपक में लगने वाले तेल की व्यवस्था समरेंद्र गुप्त व मां संकटा देवी धाम की ओर से की गयी। मां संकटा देवी धाम में शुक्रवार की सायं छह बजे से प्रारम्भ होने वाली सामूहिक आरती में भाग लेने के लिए मां के भक्त पांच बजे से ही जुटने शुरू हो गए। आरती के आरम्भ होने तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त एकत्रित हो गए। भगवान गणेश की वंदना से शुरू हुई सामूहिक आरती में मां संकटा की आरती, भगवान शिव की आरती, जगतजननी आदिशक्ति मां दुर्गे की आराधना, पवनपुत्र हनुमान जी की आरती सहित आदि आरतियों वाद्य यंत्रों के माध्यम से संगीतमय प्रस्तुति के साथ पं. पुरुषोत्तम मिश्र द्वारा सम्पन्न कराई गई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण कराया गया। गर्भगृह सहित मैय्या के दरबार की सजावट फूलों द्वारा की गई। इस अवसर पर आरजे वर्मा, शिवम गुप्त ह्यविक्रांतह्य, राजेंद्र मुंशी, राजकुमार वर्मा, गौरव मिश्र, रिषभ अवस्थी, प्रतिभा सिंह, रमा कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व सैकड़ों पुरुष मौजूद रहे। देव दीपावली के अवसर पर बन्नी स्थित श्री श्री 1008 बाबा परमहंस मंदिर पर भी समिति की ओर से 21 सौ दीपकों से मंदिर परिसर तथा सरोवर घाट की भव्य सजावट की गई। इस अवसर पर आकर्षक रंगोली सजाकर भक्तों ने बाबा परमहंस की आरती की।

## मां सरस्वती की प्रतिमा का किया अनावरण

सीतापुर। महोली ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण हवन पूजन के साथ क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव की बात है। इस कार्य में लगे सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और यहां के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे बधाई के पात्र हैं।कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।आरोपी नामवर उर्फ मणि (19) का शिकायतकर्ता पीड़िता के साथ डेढ़ महीने से संबंध था। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने 16 वर्षीय पीड़िता से शादी का वादा किया था और इस बहाने उसके साथ कथित तौर पर शारीरिक संबंध बनाए। सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ डेढ़ महीने पहले यहां पुरंदरपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

संक्षेप

## ट्रैक्टर चलाकर फसल नष्ट कर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी निराशा पत्नी झलकन लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे वह अपने खेत पर फसल देखने गयी थी तो वहां पहले से मौजूद गांव के मानसिंह पुत्र रतन सिंह, रूप सिंह व जसवन्त पुत्रगण मानसिंह, नेकपाल पुत्र जगत सिंह एकराय होकर उसके खेत में ट्रैक्टर चलाकर फसल को नष्ट कर रहे थे। जब नुकसान होने पर उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 324 (4) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## हाथ-पैर बंधा हुआ युवक संदिग्धावस्था में पड़ा मिला

**ललितपुर।** जिले के ग्राम खांदी नाटो में शनिवार सुबह एक युवक को खेत में संदिग्ध हालत में पाया गया। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। युवक को परिजनों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का कहना है कि वह 12 दिन से लापता था। 26 वर्षीय अरविंद कुशवाहा, जो कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के निवासी हैं। 4 नवंबर की शाम से लापता थे। उनकी कार जखौरा मार्ग पर मिली थी। जिसमें मोबाइल और चाबी मौजूद थे। परिजनों ने 5 नवंबर को पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह अरविंद खेत के पास पेड़ के नीचे बेहोशी की हालत में मिला। उसे तुरंत तालबेहट अस्पताल ले जाया गया, जहां से ललितपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अरविंद ने बताया कि वह पैसे लेने के लिए बंटी ठाकुर की कार से ग्राम बौलारी में धन सिंह के पास गया था। रात को धन सिंह उसे जंगल ले गया। जहां उसका मोबाइल और चाबी छीनकर कार से उतार दिया। इसके बाद क्या हुआ, उसे याद नहीं। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने कहा कि मामले की जांच जारी है। युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## दाल मिल के पल्लेदार से की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी सोनू सिंह यादव पुत्र वीरपाल सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अंकुर जैन की चन्देरा स्थित दाल मील पर पल्लेदारी करता है। बताया कि बीती 14 नवम्बर की रात करीब 11 बजे वह अपनी मोटर साइकिल से काम करके लौट रहा था। वह जैसे ही गल्ला मण्डी में अंदर जाने के लिए मुड़ा तो अचानक आगे चल रही स्कूटी के चालक राकेश साहू जो कि गल्ला मण्डी में आजाद ट्रेडिंग कम्पनी के मालिक हैं, ने अचानक स्कूटी में ब्रेक लगा दिया, जिससे उसकी मोटर साइकिल का टायर उसकी स्कूटी से छू गया। इसी बात से क्षुब्ध होकर राकेश साहू ने स्कूटी से उतरकर उसे गालियां दी। मना करने पर उसकी मोटर साइकिल की चाबी निकालकर मण्डी के अंदर बने चबूतरे के पास खड़ा हो गया। वह माफी मांगते हुये चाबी मांगने पहुंचा तो गालियां देकर उसके साथ डण्डो से मारपीट कर दी। बताया कि वहां पर मौजूद राजू साहू व जितेन्द्र साहू ने अपने 8-10 साथियों के साथ उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसे गंभीर चोट आयीं हैं। बताया कि चंदेरा में साथ काम करने वाले दिनेश यादव व अमर सिंह जो कि साथ में दालमील में काम करते हैं ने यह घटना देखी और बचाव किया।

# समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समय से निस्तारण करें: डीएम



जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि तहसील दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें।जलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल शनिवार को तहसील बिजनौर (सदर) में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 30 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कृष्ण कान्त राहुल, उप जिलाधिकारी सदर अवनीश त्यागी, तहसीलदार अमर पाल, सीओ सिटी सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

### सभासदों ने जनहित में नुमाइश को बंद कराने के लिए तहसील दिवस में की शिकायत

**नगीना, बिजनौर।** हर चार माह में नगीना में लगातार लगाई जा रही नुमाइश को तत्काल बंद करवाने की मांग को लेकर आधा दर्जन से अधिक पालिका सभासदों ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत की है।

शनिवार को नगीना में तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर कपिल पवार, सभासद उसमान जैदी, सभासद मोहम्मद अहमद, राजकुमार, ब्रजमोहन उर्फ बल्ली मोहम्मद शारिक, रोहित बिश्नोई ने नगीना में लगने जा रही नुमाईश को बंद कराने की मांग करते हुए कहा है कि नगर पालिका की सीमा के अन्दर मौ0 काजी वराय द्वितीय तार वाला बाग में पैसा वसूलने के लालच में बस्ती के अन्दर बिना परमीशन कर अवैध तरीके से नुमाईश का संचालन कर रहे है। नुमाईश ठेकेदार नुमाईश के अन्दर डाँस पार्टी कराते है जिसमे अश्लील गाने आदि बजाते है। जिसमे झगडा होने की पूर्ण संभावना होती है। तथा पहले भी कई बार नुमाईश में झगडे हो चुके है। बस्ती के बच्चो के हाईस्कूल व इन्टर बोर्ड के पेपर भी आने वाले है जिससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ता है। नुमाईश में गुंडागर्दी छेड़छाड़ जैसी अनेक घटनाये होती है। नगर पालिका की सीमा के अन्दर लोगों की घनी आबादी है ऐसी स्थान पर नुमाईश नहीं लगनी चाहिए तथा अब से चार माह पूर्व भी बिना परमीशन के नुमाईश लगी थी तथा अब फिर नुमाईश लगने की तैयार हो रही है। जनहित में नुमाइश तुरंत बंद कराई जाए नुमाइश को बंद कराने की पूर्व में भी सभासदों द्वारा जिलाधिकारी व एडीएम व एसडीएम को शिकायत की जा चुकी है।

# शिकायतों का तत्परता से करें निस्तारण: आयुक्त



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** संपूर्ण समाधान दिवस आयुक्त व डीआईजी की उपस्थिति में तहसील पैलानी में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में 60 शिकायतें व समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों में

- 60 शिकायतों में 5 निस्तारित

राजस्व 29, पुलिस 10, विकास 8, आपूर्ति 10 तथा विद्युत विभाग, जल निगम एवं चकबंदी विभाग से संबंधित अन्य शिकायतें मिलीं।

आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्धता के साथ प्राथमिकता पर निस्तारण करें। उन्होने निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को एक ही समस्या के लिए बार-बार परेशानी नही उठानी पड़े। अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका तत्परता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। डीआईजी अजय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग से संबंधित शिकायतों में शीघ्र कार्रवाई एवं जांच करते हुए समय पर निष्पक्षता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें तथा भूमि विवाद के मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम आपसी विवाद व अन्य विवादित मामलों का मौके पर निरीक्षण करते हुए संयुक्त रूप से जांच कर निस्तारण करें।

समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी शशिभूषण, जिला विकास अधिकारी रमाशंकर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, तहसीलदार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आईं 19 शिकायतें एक निस्तारित

**महोबा,चरखारी।** चरखारी तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन तहसील स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उप जिलाधिकारी डाक्टर प्रदीप कुमारए तहसीलदार रामानंदा मिश्राए सीओ रविकान्त गौड द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से पुलिस से सम्बंधित एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग 5ए पुलिस विभाग 5ए पूर्ति निरीक्षक विभाग 5 ए विद्युत विभाग 1ए खंड विकास 1ए नगर पंचायत खरेला 1ए समाज कल्याण बिभाग से सम्बंधित 1 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए उपजिलाधिकारी व तहसीलदार रामानन्द मिश्रा ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाएए शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों की दी जानकारी




**बांदा।** शहर के सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं मे कालूकुआं चैराहे पर नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में बताया साथ ही यातायात नियमों से जुड़ी जरूरी बातें बताते हुए उनका पालन करने की सलाह दी। उन्होने छात्रों से कहा कि वह अपने परिवार तथा पास-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करें।

उन्होने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना हेलमेट पहने व्यक्ति को हेलमेट गिफ्ट करने की परंपरा को जीवन में उतारने की जरूरत है। शिक्षित होते हुए भी नियमों का पालन न करना दंडनीय अपराध है। सभी को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कालूकुआं चैराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्र ने यातायात नियमों से परिचित कराते हुए छात्र-छात्राओं को नोडल छात्र के रूप में अभियान के लिए नियुक्त किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए यातायात माह नवंबर के समापन पर पुरस्कृत करने की बात कही। क्षेत्राधिकारी प्रगति चैहान ने नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा ट्रिपलिंग सवारी से बचने की बात करते हुए दो पहिया वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं से भी अवगत कराया।

## डीएम, एसपी ने फायर उपकरणों का लिया जायजा



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** झांसी मेडिकल कालेज में बीती रात हुए हादसे से सबक लेकर शनिवार को डीएम व एसपी ने मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया।

उन्होने आईसीयू, एनआईसीयू, पीआईसीयू एवं सीएसएचडी ओटी रूम का निरीक्षण करते हुए विद्युत, अग्निशमन तथा अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से जायजा लिया।

उन्होने आग से बचाव के उपकरणों को देखा। डीएम नगेन्द्र प्रताप व एसपी अंकुर अग्रवाल ने इंट्रीग्रेटेड फायर सिस्टम का निरीक्षण करते हुए उपकरणों को संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होने संचालित कैमरे, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश, चिकित्सा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं को देखा और जरूरी व्यवस्थाओं को संचालित रखने के निर्देश प्राचार्य को दिए। उन्होने विद्युत सुरक्षा के लिए अधिकारियों को

- प्राचार्य को जरूरी निर्देश

उपकरणों को ठीक तरह से संचालित रखने के लिए निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ सुनील कौशिक, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला, विद्युत, फायर सुरक्षा, चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद रहा। डीएम के निर्देश पर जिला चिकित्सालय में भी अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में फायर उपकरण नही मिले। डीएम नगेन्द्र प्रताप ने अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को जिले भर के अस्पतालों में फायर इंतजाम का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन के अधिकारियों ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर यहां फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की।

इस दौरान अस्पताल में फायर उपकरण तो मिले लेकिन सभी भरे नही थे। जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में फायर सेफ्टी का कोई उपकरण ही नही मिला। एडीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल फायर सेफ्टी लगाने के निर्देश दिए।

## भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का भव्य अनावरण



**महोबा,चरखारी।** पचास लाख से अधिक की लागत से बने गोवर्धन पार्क में स्थापित भगवान गोवर्धन्नाथ जी की मूर्ति का अनावरण नगर पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा द्वारा विधिवत पूजन करते हुए किया गया। बता दें कि आदर्श नगर पंचायत की स्वीकृत कार्ययोजना से पार्क का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया गया था जो कि आमजमानस के लिए करीब एक वर्ष पूर्व से ही खुला हुआ है। लेकिन विधिवत हेण्डओवर होने के बाद नगर पालिका द्वारा पार्क के मध्य में स्थित विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। अनावरण के पूर्व पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा और उनके प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा ने विधि.विधान से पूजा अर्चना की। ज्ञातव्य हो कि गोबर्धन पार्क में बनी भव्य प्रतिमा में भगवान श्री कृष्ण अपनी छिंगली में पर्वत उठाएं हुए हैंए जिसका आकर्षक चित्रण किया गया है। गोबर्धन नाथ मन्दिर के मुख्य पुजारी द्वारा पूजा अचर्ना करवाकर शुभावसर में अनावरण कराया गया है। बता दें कि गोवर्धन मेला में भगवान श्री कृष्ण जी के 108 मन्दिर स्थित हैंए इस शुभ अवसर पर इस विशाल प्रतिमा का अनावरण बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अमरजीतए लेखाकार अय्यूब खानए संजीत कुमारए प्रवीण कुमार सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से एक महिला की मौत, दो घायल

**महोबा,जैतपुर।** मोटरसाइकिल चालक सहित दो अज्ञात लोगों ने रास्ते में जा रही दो महिला एवं एक छोटी बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों को गंभीर चोटे आयी हैंए जिसमें से एक महिला की अस्पताल में मौत हो चुकी हैए पूरा मामला जनपद महोबा के थाना अजनर के अंतर्गत ग्राम अकौनी का है। अकौनी ग्राम निवासी परमलाल राजपूत ने थाना अजनर में शिकायती पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी रामरति उम्र 51 वर्षए बहू सुशीला उम्र 32 वर्षए नातिन रागिनी उम्र 6 वर्षए यह तीनों लोग खेत से घर की तरफ गांव में आ रहे थे तभी ग्राम कैथोरा निवासी रामकुमार राजपूत उम्र 32 वर्ष तथा दो अज्ञात लोग सहित तीन लोग मोटरसाइकिल पर सवार थे एवं मोटरसाइकिल बहुत तेजी से आ रही थीए स्पीड से तीनों लोगों को टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग मौके पर गिर गए व गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में भीड़ इकठ्ठा हो गईए लोगों ने तीनों को उठाया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर उपचार हेतु लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा गंभीर हालत देखते हुए रामरति एवं सुशीला को रेफर कर दियाए छतरपुर में रामरति की हालत गंभीर देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गयाए झांसी मेडिकल कॉलेज में रामरति ने दम तोड़ दियाए रामरति की मौत होने के कारण पारिवारिक जनों सहित पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। मोटरसाइकिल चालक घायलों को गंभीर अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडेय का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जल्द ही वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### संगठन मंत्री की मां की अंतिम यात्रा में पहुंचे डिप्टी सीएम

**बांदा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र के संगठन मंत्री चंद्रशेखर की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने बांदा पहुंचे। यहां सवेरे हेलीकॉप्टर से कृषि विश्व विद्यालय में उतरने के बाद वह सड़क मार्ग से बांदा-इलाहाबाद मार्ग स्थित महुआ गांव पहुंचे जहां उन्होने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी और चंद्रशेखर की मां को कंधा दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार चंद्रशेखर के साथ है। ईश्वर उन्हे इस आघात को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होने झांसी मेडिकल कालेज में बीती रात हुए अग्निकांड में 10 बच्चों की मौत पर भी चिंता जताई और कहा कि इस दुखद घटना की जांच कराई जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष जांच समिति का गठन किया गया है तथा रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के इस घटना पर की गयी टिप्पणी के जवाब में कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को ऐसी त्रासदी पर राजनीति नही करनी चाहिए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री वापस लखनऊ के लिए रवाना हो गये।

# झांसी मेडिकल कॉलेज में आग में ललितपुर के तीन नवजात काल कवलित

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** महानगर झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वार्ड में शुक्रवार की देर रात भीषण आग लग जाने से मरने वाले दस नवजातों में 3 ललितपुर जिले के हैं। मासूम बच्चों की मौत से पूरा जिला गमगीन है। निक्कू वार्ड में भर्ती 49 बच्चों में से 10 बच्चों की आग से जलने के कारण मौत की पुष्टि शुक्रवार रात ही कर दी गयी थी जबकि 39 बच्चों को भारतीय सेना और पुलिस की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया था, जिन्हें झांसी और ललितपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रकरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे तौर पर जुड़कर अधिकारियों से पल-पल की अपडेट ले रहे हैं तो वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने झांसी मेडीकल कॉलेज पहुंच कर मौका मुआयना किया। झांसी मेडीकल कॉलेज में भर्ती बच्चे के दादा थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम सीरोंनकलां निवासी निरन ने एक वीडियो में बताया कि उसके पुत्र भगवानदास की पत्नी पूजा को दो दिन पहले ललितपुर में प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल ललितपुर ले गये थे। जहां से उसे रेफर कर दिया गया, लेकिन प्रसव पीड़ा के चलते ललितपुर में ही एक निजी नर्सिंग होम में पूजा का प्रसव हुआ और पैदा हुए बच्चे को झांसी रेफर कर दिया गया था, जहां वह मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में रखा गया था। उसका नाती भी इस अग्निकाण्ड में काल के गाल में समा गया। वहीं दूसरा बच्चा ललितपुर मुख्यालय व तीसरा बच्चा ग्राम पुलवारा से होना बताया जा रहा है।

### एडीजे/सचिव ने विजिट कर देखी व्यवस्थाएं

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निदेर्शानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने जिला कारागार में विजिट की। एडीजे/सचिव द्वारा जिला कारागार की विजिट में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वातार्लाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया।

## दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से चोरी हुआ बच्चा बरामद



जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से 45 दिन के नवजात बच्चे की चोरी को बरेली के जीआरपी ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने चोर गैंग के सदस्य युवक और युवती को गिरफ्तार कर बच्चा सकुशल बरामद कर लिया।

- जीआरपी को मिली कामयाबी

बीती रात सफदरजंग अस्पताल से एक महिला और उसके साथी ने नर्सिंग स्टाफ की मदद से नवजात बच्चे को चोरी कर लिया था। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों में घटना कैद हो गई और फुटेज को पूरे देश के पुलिस थानों को भेज दिया गया।

इसके बाद बरेली जीआरपी ने सतर्क रहते हुए चेकिंग के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और बच्चे को सुरक्षित पाया।सद्भावना एक्सप्रेस से गिरफ्तार हुए आरोपीःचोरी कर 14016 सद्भावना एक्सप्रेस के जरिए फरार हो रहे आरोपी युवक रोहित और युवती सफिया को बरेली जीआरपी ने दबोच लिया। दोनों आरोपी बरेली के रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की चेकिंग के दौरान नजर आए। पूछताछ के बाद पता चला कि आरोपी बच्चे की चोरी में अस्पताल के कुछ स्टाफ सदस्य भी शामिल थे।

पूछताछ में आरोपियों ने रोहित कुमार निवासी संजय नगर बांदा और सफिया नई बस्ती, ईदगाह, मुरादाबाद बताया। दिल्ली पुलिस को सौंपा आरोपी जोड़ाः

बरेली जीआरपी को भी सीसीटीवी फुटेज भेजा गया। बीती रात जीआरपी ने चैकिंग के दौरान युवती सफिया उसके साथी रोहित और नवजात बच्चे को बरामद कर लिया गया। इसके बाद जब दोनों से पूछताछ की गई तो खुलासा हुआ कि बच्चा चोरी करने में अस्पताल का स्टाफ ने उनकी मदद की। फिलहाल जीआरपी ने दोनों को दिल्ली पुलिस सौप दिया है।

जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि हमे सीसीटीवी फुटेज भेजा गया। जिसके बाद हमने चैकिंग के दौरान युवती सफिया उसके साथी रोहित और नवजात बच्चे को बरामद कर लिया गया। इसके बाद जब दोनों से पूछताछ की गई तो खुलासा हुआ कि बच्चा चोरी करने में अस्पताल का स्टाफ ने उनकी मदद की। फिलहाल जीआरपी ने दोनों को दिल्ली पुलिस सौंप दिया है।

# फर्जी मार्कशीट पर की मृतक आश्रित कोटे की नौकरी

- फर्जी तरीके से पुलिस में भर्ती होकर की नौकरी, जांच में खुली पोल
- प्रधान लिपिक भर्ती की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भर्ती लिपिक ने एसपी महोबा से प्राप्त पत्र का हवाला देते हुये बताया कि आवेदक भूतपूर्व सैनिक तिवारिन का बड़ा डेरा, सरकण्डी थाना असोथर जिला फतेहपुर व हाल कलक्टरगंज फतेहपुर निवासी रामबिहारी तिवारी ने मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र स्व.बाबूराम तिवारी द्वारा फर्जी मार्कशीट व अंकपत्र लगाकर पुलिस में भर्ती होने एवं सीओ चरखारी उमेशचंद्र के पत्र 29 दिसम्बर 2021 में अंकित कि मृतक आश्रित नियमावली के अन्तर्गत मृतक कर्मचारी के परिजनों में से किसी एक ही व्यक्ति को सेवायोजन का लाभ मिल सकता है, जबकि मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी के अनुसार उसका तथा उसके भाई दोनों व्यक्तियों का सेवायोजन मृतक आश्रित नियमावली के अन्तर्गत किया गया है। उपरोक्त तथ्यों से प्रकरण में अनियमित्ता होना परिलक्षित हो रहा है। अतरू दोनों मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी पीएनओ 880910462 एवं प्रमोद तिवारी के सेवायोजन की वैधानिकता सत्यापित करने के लिए पत्राचार करने के लिए अंकित किया गया है। जिसके आधार पर तत्समय नियुक्त रहे एएसपी ललितपुर गिरिजेश कुमार को उक्त प्रकरण की जांच सौंपी गयी। जांचोपरान्त पाया गया कि मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी पुलिस विभाग में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भर्ती होने के सम्बन्ध में उसके छोटे भाई प्रमोद कुमार तिवारी की पत्नी श्रीमती राधादेवी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन को प्रेषित शिकायती पत्र के आधार पर कोतवाली नगर महोबा में मु.अ.सं. 158/2023 अन्तर्गत धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी बनाम मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी पर दर्ज होकर विवेचना सम्पादित करते हुये जुर्ग का अपराध बखूबी प्रमाणित होने पर जरिए आरोप पत्र संख्या 333/23 दिनांक 23 अगस्त 2023 को पूर्ण कर प्रेषित किया जा चुका है। जांच से मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार तिवारी पीएनओ 880910462 सेवानिवृत्त महोबा द्वारा अपने पिता मुख्य आरक्षी स्व.बाबूराम के मृतक आश्रित के रूप में फर्जी शैक्षिक प्रपत्रों, दस्तावेजों के आधार पर 1988 में पुलिस विभाग में भर्ती होना व बड़े भाई के मृतक आश्रित के रूप में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी हो जाने के उपरान्त छोटे भाई प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा तथ्यों को छिपाकर पुनरू मृतक आश्रित के रूप में पुलिस विभाग में भर्ती के लिए आवेदन करते हुये मुख्यालय के आदेश संख्या 10-374-90 दिनांक- 27 अप्रैल 1991 द्वारा मृतक आश्रित के रूप में भर्ती होकर जनपद गोण्डा में 20 जून 1991 को अपना आगमन कराना पाया गया है, जो कि प्रथम दृष्टया अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए अभियोग पंजीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी है। जांच में मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार तिवारी के मृतक आश्रित के रूप में वर्ष 1991 में भर्ती होने पर रजिस्टरों, प्रपत्रों को जनपद के प्रधान लिपिक शाखा से मृतक आश्रित रजिस्टर व रिकॉर्ड रूम से स्थाई एचओबी रजिस्टर को तत्समय नियुक्त रहे लिपिकों द्वारा जानबूझकर नष्ट किया जाना प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्य से प्रतीत होता है। लिपिक भर्ती अरूण कुमार मौर्य की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र स्व.बाबूराम तिवारी व भर्ती लिपिक प्रधान के खिलाफ धारा 409 व 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन घायल

**सिरौली, बरेली।** थाना सिरौली क्षेत्र के आंवला रामनगर मार्ग वालरपुर चौराहे पर शनिवार की शाम दो बाईकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया है।जानकारी के मुताबिक नबाबपूरा के आकाश अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे उनके साथ ब्योधन खुर्द के संजय भी साथ में थे। इसी दौरान आंवला की ओर से सिरौली के रहने वाले तस्लीम बाइक से आ रहे थे।

जिसमें वालरपुर चौराहे पर दोनों की बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 तथा थाना सिरौली पुलिस को दी गई जिसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया दिया। सिरौली नगर के नई बस्ती के रहने वाले तस्लीम के सिर पर गंभीर चोटे आई हैं उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बरेली रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों की बाइकों को अपने कब्जे में कर लिया है।

संक्षेप

## 51 वाहनों के विरुद्ध ई-नोटिस जारी

सोनभद्र। सरकार के दिशा निदेर्शानुसार जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी बीएन सिंह के निर्देशन में जनपद में गठित टास्क फोर्स द्वारा माह नवम्बर में 01 से 16 नवम्बर तक के मध्य कुल 195 वाहनों पर ऑन लाइन नोटिस निर्गत करते हुए शास्ति की धनराशि रू0 78,46,800 जमा कराया गया है साथ ही 03 वाहनों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। 15 नवम्बर 2024 एवं 16 नवम्बर, 2024 की मध्य रात्रि में ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए कुल 51 वाहनों के विरूद्ध ई-नोटिस निर्गत किया गया है तथा कोयले के 01 वाहन पर परिवहन प्रपत्र न होने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। रात्रि में मारकुण्डी के पास वाहन संख्या-यू0पी0 64 बी0टी0 1212 की जाँच करने पर मध्य प्रदेश राज्य का परिवहन प्रपत्र व आईएसटीपी पाया गया तथा गिट्टी सोनभद्र से भरा जाना परिलक्षित हुआ। जाँच के समय वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गया था, जिसके कारण वाहन पर बिना परिवहन प्रपत्र के आरोप में ई-नोटिस निर्गत कर रू0 58,600 की शास्ति अधिरोपित की गयी।

## संपत्ति विवाद को लेकर बुजुर्ग की हत्या

शाहजहांपुर। जिले में संपत्ति विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की उसकी बहू और रिश्तेदारों ने हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोज कुमार अवस्थी ने शनिवार को बताया कि थाना खुटार के अंतर्गत रैतापुर कला गांव में रहने वाले रामसेवक (65) बृहस्पतिवार की रात अपने घर में सो रहे थे। सुबह जब घर के अन्य लोग जागे तो उन्होंने देखा कि रामसेवक की किसी ने वजनदार वस्तु से प्रहार करके हत्या कर दी है। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर जब रामसेवक के परिजनों से पूछताछ की गई तो उनकी पुत्रवधू शशि मिश्रा, देवर (मौसेरे) सुबोध मिश्रा तथा शत्रुघ्न मिश्रा ने पूछताछ में बताया कि बृहस्पतिवार को शशि मिश्रा ने फोन कर सुबोध को बुलाया और कहा कि आज यह मामला खत्म कर दें। अपर पुलिस अधीक्षक अवस्थी ने बताया कि शशि तथा उसके ससुर का अक्सर विवाद होता रहता था। शशि को संदेह था कि कहीं रामसेवक अपनी सारी संपत्ति अपनी बेटी को ना दे दे। वहीं शशि का अपने मौसेरे देवर सुबोध मिश्रा से काफी मेलजोल था और दोनों की अक्सर बात होती रहती थी। पुलिस ने मामले में शशि मिश्रा तथा सुबोध मिश्रा के अलावा शत्रुघ्न मिश्रा को शनिवार को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## प्रोत्साहन योजना जारी

सोनभद्र। सहायक आयुक्त राज्य कर/प्रभारी अधिकारी पूर्व मनोरंजन कर मनीष ने अवगत कराया है कि प्रदेश/जनपद में बन्द पड़े अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल सहित व्यवसायिक काम्प्लेक्स के निर्माण, पुराने बन्द पड़े एवं संचालित सिनेमा घरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन (रिमॉडल) कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बन्द पड़े एकल छविगृहों को बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किये यथास्थिति में पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों, व्यावसायिक गतिविधियों सहित/रहित, न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित नहीं है, वहां मल्टीप्लेक्स खुलवाने, जिन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्मित/संचालित है, उन जनपदों में नवीन मल्टीप्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण हेतु समेकित प्रोत्साहन योजना जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी बन्द पड़े एवं चालू (संचालित) सिनेमा के स्वामी/ लाइसेंसी/ प्रबन्धक/ संचालक अथवा अन्य इच्छुक व्यक्ति/ फर्म/ कम्पनी इसका लाभ उठायें। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के सहयोग तथा सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर) कार्यालय वाणिज्य कर बाला जी टावर उरमौरा रावर्ट्सगंज में सम्पर्क कर सकते हैं।

# शिकायतों का समय से करें निस्तारण: मंडलायुक्त

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन नवम्बर महीने के तीसरे शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में मण्डलायुक्त डॉ0मुथुकुमार स्वामी बी द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीन सम्बन्धीत रहे। जिनका समाधान मौके पर ही तत्परता के साथ किया जाता रहा, जो जमीन सम्बन्धी मामले विवादित स्थिति में थे, ऐसे प्रकरणों में क्षेत्रों में टीम भेजकर स्थलीय जॉच कर शंका समाधान के साथ ही निस्तारण भी कराया गया।

मंडलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार के दिशा निर्देश पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाना है, सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले जो मौके पर जाकर निस्तारण किया जाना है, दोनों पक्षों के समक्ष वार्ता कर प्रकरण का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये।

कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मंडलायुक्त, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी आदि ने 73 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये और 03 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 03 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 11 मामले निस्तारित हुए, बाकी 62 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इस मौके पर शिकायतकर्ता पत्तू पुत्र स्व0गिरजा शंकर ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थना पत्र दिए कि उनके पिता की मृत्यु हो गई है, प्रार्थी दोनों आंख से नेत्रहीन है, प्रार्थी के पिता के नाम से ग्राम नेवारी परगना बढ़हर में पांच विश्वा भूमि है, जिसे एक भूमाफिया द्वारा फर्जी तरीके से एक दलित महिला मालती को पुत्री बनाकर राजस्व निरीक्षक द्वारा गलत वरासत दर्ज की गई है। जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने लेखपाल व तहसीलदार संतोष कुमार, पेशकार दिलीप गिरी से इस संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, तो उक्त कार्मिको द्वारा संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया और काफी समय व्यतीत करने के बाद भी फाइल प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपाल तहसीलदार पेशकार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश उप जिलाधिकारी घोरावल को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, उप जिला अधिकारी घोरावल राजेश सिंह आदि ने 73 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरण को निस्तारित कराये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 67 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं। इसी प्रकार से सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी ओबर विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार आदि ने 37 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 31 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं।

# किसी का अहित कभी नहीं करता भक्त: प्रेमभूषण

जौनपुर। सात दिवसीय रामकथा के छठवें दिन कथा शुरू होने से पहले मुख्य यजमान ज्ञान प्रकाश सिंह ने सपरिवार व्यासपीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी, तत्पश्चात कथा शुरू हुई। कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि भक्त कभी किसी का अहित नहीं करता है। अगर कोई किसी भी प्रकार से किसी का अहित सोचता है तो वो भक्त नहीं हो सकता है। श्रीमहाराज ने व्यासपीठ से भरत



चरित्र और शबरी प्रेम से जुड़े प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि मानव जीवन में प्रयास करके भगवान का भक्त बनने की कोशिश करनी चाहिए। भगवान में लग जाने वाले व्यक्ति की चिंता स्वयं भगवान करते हैं। जीव भगवान की ओर एक कदम चलता है तो भगवान स्वयं चलकर उसके पास आ जाते हैं। वह उसी हर प्रकार से वैसा ही देखभाल करते हैं जैसे मां अपने बच्चों का करती है। भक्त की राह में अगर कोई रोड़ा बनता है तो उसे भी भगवान जरूर दंड देते हैं। महाराज ने कहा कि हमारी संस्कृति धर्म पर आधारित है, जैसे तैसे नहीं चलती है और धर्म और परंपराओं का सब विधि से पालन होना चाहिए और तभी समाज का कल्याण संभव है। मनुष्य अपने परिवार के लोगों के लिए ही जीवन में गलत कार्य करता है और धन इकट्ठा करता है लेकिन उसे सोचना चाहिए कि इस गलत कार्य में कोई भागीदार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाव और स्वभाव समझकर व्यवहार करना चाहिए। प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि जानबूझकर किया गया अपकर्म या पाप मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ता है और उसका फल हर हाल में भोगना पड़ता है। अगर ऐसा नहीं होता तो लोग रोज-रोज काम करते और गंगा जी में नहाकर पाप धो लेते हैं फिर तो धरती पर कोई पापी बचता ही नहीं। महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याजी नंद गिरी जी महाराज ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया और प्रेमभूषण महाराज का सम्मान करते हुए उनको आशीर्वाद दिया। संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने व्यासपीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी।

# धूमधाम से मनायी बिरसा मुंडा की जयंती



सोनभद्र। अमर शहीद स्वतंन्त्रता सेनानी बिरसा मुण्डा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मधुपूर क्षेत्र के ग्रामसभा-लोहरा के गुलरहवाँ गाँव में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छोटेलाल खरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ०लोकपति सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख कर्मा सीमा कोल एवं डॉ० भागीरथी मौर्य, मनोज सिंह पटेल, मनोज कुशवाहा, बासदेव कोल, राजेश गोड, लालबहादुर पाल एवं कार्यक्रम का संचालन कार्यकम के आयोजक गुलाब देशमुख द्वारा किया गया। इस मौके पर सांसद छोटेलाल खरवार ने आदिवासियों के भागीदारी एवं हिस्सेदारी की बात की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ० लोकपति सिंह पटेल ने विस्तार पूर्वक धरती आबा बिरसा मुण्डा के किये गये संघर्षो एवं अंग्रजों द्वारा आदिवासियों पर हुये अत्याचार की बात की। साथ ही वर्तमान समय में सत्ता में बैठे लोग किस प्रकार से आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन एवं खनीज सम्पदा को पूँजीपतियों के हाथों में बांट रहे है।

इस पर विस्तार पूर्वक अपनी बातें रखी एवं आदिवासी वनवासियों के आर्थिक सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिये उन्हें शासन में बैठे लोगों को महंगी शिक्षा व्यवस्था बढ़ती महंगाई पर ध्यान देने की बात की और आदिवासियों को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष अवसर प्रदान कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने को कहा।

# कलश यात्रा के साथ विराट रूद्र महायज्ञ आज से

जिला संवाददाता(vol)

- प्रतिदिन चलेगा भंडारा, श्रद्धालु करेंगे प्रसाद ग्रहण
- शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट ने किया है आयोजन, रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चलेगा कार्यक्रम

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ 17 नवंबर से शुरू होगी। जिसका समापन 25 नवंबर को होगा। इसके अलावां प्रतिदिन भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

17 नवंबर को कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। यज्ञाचार्य राधेकृष्ण तिवारी, रेवती रमण तिवारी व योगेश तिवारी के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारा भी चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़ व शिव शक्ति महिला मंडल के जरिए यह आयोजन किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक शिव शक्ति महिला मंडल सुशीला पाठक, अध्यक्ष किरन मोदनवाल, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की जिला कोषाध्यक्ष चिंता मौर्या, कार्यक्रम अध्यक्ष सालिक राम साहु, कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सविता देवी, संगीता देवी, रामा देवी, अनिता केशरी, प्रभा देवी, उर्मिला देवी, रेनु गुप्ता, कृष्णावती देवी, परमेश्वरी देवी, विमला देवी, शशि देवी, कालो देवी, हीरा सिंह, मनोज केशरी, पवन कुमार गुप्ता, दीनदयाल केशरी, विनय दास केशरी, अमरनाथ मौर्य, राजेंद्र बाबा, बलिराम दास, शेषनाथ मिश्रा का विशेष योगदान है। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

# अपना दल एस ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

मीरजापुर। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष ई० राम लौटन बिंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं द्वारा सांसद जनसंपर्क कार्यालय स्थित पटेल चौक (भरुहना) जनपद मीरजापुर में आदिवासी जन चेतना के लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि, यह जनजातीय के गौरव के लिए सम्मान का दिन है। उन्होंने प्रदेशवासियों को जयंती पर शुभकामनाएं दी और कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा देश के जनजातीय समुदायों के शौर्य, साहस, पराक्रम व बलिदान के प्रतीक हैं। उन्होंने देश के अमर नायकों और बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हर साल 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल, जमीन के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि बिरसा मुंडा ने तत्कालीन ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों का विरोध किया और आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए जीवन भर काम किया। उनके क्रांतिकारी विचार और देश प्रेम की भावना आज भी हम सभी को प्रेरित करती है। जयंती कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सचिव मेघनाथ पटेल, गोवर्धन पटेल, दुर्गेश पटेल, मुन्नर पटेल, रामवृक्ष बिंद, संतोष विश्वकर्मा, मनोज सिंह, शंकर सिंह चौहान, योगेश पटेल, विजय शंकर केसरी, उमाशंकर सोनी, राजेश मौर्य, मनोज बिंद, विकास मौर्य, हर्षित पटेल, सोनेलाल पटेल, आरिफ अली मंसूरी, प्रशांत शुक्ला, जग्गा बिंद, गौरव दुबे, संदीप सिंह, आकाश सिंह, सत्यम सिंह आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कामरेड एसपी आर्य व कामरेड रामसुमेर सिंह का मनाया शहादत दिवस

सोनभद्र। हिन्दुआरी पुल के पास जल निगम बगीचे में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा, के ब्रांच हिन्दुआरी के नेतृत्व में ओर कामरेड भोला सिंह के अध्यक्ष में कामरेड एसपी आर्य और कामरेड रामसुमेर सिंह का 33वीं शहादत दिवस संयुक्त रूप से सीपीआईएम पार्टी के झंडा को फहरा कर शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी मनाया गया। जहां उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने शहीद कामरेडों के संघर्षों को याद करते हुए वर्तमान मोदी सरकार और योगी सरकार के जन विरोधी नीतियों से चिंता व्यक्त करते हुए किसान मजदूर महिलाओं दलितों आदिवासियों अल्प संख्यकों एवं छात्रों के साथ हो रहे खिलवाड़ का निंदा कर जिले में बड़ा आंदोलन पर विचार किया गया। कार्य क्रम में का0 प्रेमनाथ, छबीनाथ पुरुषोत्तम, लल्लन राम, चतुरी प्रसाद हनुमान प्रसाद, भोला सिंह, डॉ0फौजदार के साथ जिला मंत्री नन्दलाल आर्य भी मौजूद रहे।

# महाकुंभ मेले में अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया शुरू

लखनऊ/प्रयागराज। संगम की रेती पर बसने जा रही कुंभ नगरी में सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक साधु-संन्यासियों के अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके बाद अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटित की जाएगी।

अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण, अखाड़ा परिषद और सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से मिलकर परंपरा के अनुसार भूमि आवंटन का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा है कि किसी भी सूरत में अखाड़ों को पिछले कुंभ से कम भूमि नहीं दी जाएगी। चतुर्वेदी ने बताया कि भूमि आवंटन का कार्य सभी अखाड़ों की सहमति से 18 और 19 नवंबर को पूरा कर लिया जाएगा तथा प्राधिकरण के अधिकारी अखाड़ा परिषद और अन्य सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से अलग-अलग वार्ता कर इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि परंपरा के अनुसार अखाड़ों को भूमि आवंटन के बाद ही अन्य संस्थाओं को भूमि देने की प्रक्रिया शुरू होगी। चतुर्वेदी ने कहा कि चारों पीठों के शंकराचार्यों और दंडी स्वामियों को भी परंपरा के अनुसार ही शिविर लगाने के लिए भूमि प्रदान की जाएगी। अपर मेलाधिकारी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान मेला प्राधिकरण समय-समय पर साधु-संतों की आवश्यकता के मुताबिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। प्रयागराज में महाकुंभ मेला 14 जनवरी, 2025 को मकर संक्रांति के साथ शुरू होगा और 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा।

# आयुक्त ने करमा के धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ0मुथुकुमार स्वामी बी ने आज निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम दौरान करमा में स्थापित पीसीएफ क्रय एजेन्सी के धान क्रय केन्द्र सासहस का औचक निरीक्षण किये, मण्डलायुक्त के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी प्रवीण तिवारी सचिव उपस्थित पाये गये।

निरीक्षण के समय क्रय केन्द्र कर्मा पर आभा सिंह निवासी-ग्राम करकोली कर्मा के धान की खरीद की जा रही थी क्रय केन्द्र पर 04 किसानों से 314.00 कु0 की खरीद की जा चुकी है। क्रय केन्द्र पर खरीद चल से किसान से क्रय केन्द्र पर उपलब्ध किसानों के सुख सुविधा के बारे में पूछा गया तो किसानों द्वारा बताया गया कि क्रय केन्द्र पर धान क्रय एवं किसानो से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण है और किसानो से अपील की गयी कि क्रय केन्द्रो पर मानक के अनुरूप ही धान विक्रय हेतु लेकर आये। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर नेएजेन्सियो के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी क्रय केन्द्रो पर धान के आवक से पूर्ण सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण कर लिए जाय और क्रय केन्द्रो पर बिचैलियों की सक्रियता न हो इसके लिए कठोर कार्यवाही की जाय जिससे किसानो को धान विक्रय करने मे समस्या उत्पन्न न हो।

# पीडब्ल्यूडी ठेकेदार संघ के अध्यक्ष चुने गये वीआईपी

जौनपुर। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार संघ की बैठक में आज सर्वसम्मत से आजाद सिंह वीआईपी को सभी ठेकेदारों ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुन लिया। वर्तमान चंद्र प्रकाश सिंह बिंदु ने वीआईपी को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा इसके पश्चात उपस्थित सभी ठेकेदारों ने तालियां बजाकर समर्थन कर दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष आजाद सिंह ने कहा कि ठेकेदारों की समस्याओं के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार हूं। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कार्यालय परिसर में शनिवार सुबह 11 बजे दर्जनों पंजीकृत ठेकेदार बैठक में पहुंचे। बैठक की शुरूआत में वरिष्ठ ठेकेदार घनश्याम सिंह, के के सिंह समेत कई ठेकेदारों ने कहा कि बिंदु सिंह हम लोगों के अध्यक्ष हैं। उनके द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा हम सभी को स्वीकार्य है। वर्तमान अध्यक्ष बिंदु सिंह द्वारा आजाद सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव किए जाने पर सभी लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और बधाइयां दी। बैठक में राजू मिश्रा, बृजेश तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, ज्ञानेंद्र सिंह, चित्रसेन सिंह डब्लू, धीरज मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा, घनश्याम मिश्र, सी पी सिंह चिटको, जगदीश सिंह, घनश्याम सिंह, केशु यादव, शिव शंकर यादव, के के सिंह मनोज सिंह जेपी, राज बहादुर यादव, शैलेंद्र कश्यप, पवन सिंह, शैलेंद्र सिंह, संजय त्रिपाठी, रमापति यादव, महावीर यादव, सुरेंद्र यादव, जयसराज सरोज, समेत काफी संख्या में पंजीकृत ठेकेदार मौजूद रहे।



# सदर तहसीलदार पर अधिवक्ताओं ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



सोनभद्र। सदर तहसील परिसर में शनिवार को दर्जनों अधिवक्ताओं ने सदर तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आयुक्त विंध्याचल को सौंपकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया।

विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे मनीष कुमार चतुर्वेदी, विनोद शुक्ला ने बताया कि सदर तहसील के तहसीलदार एवं उनके अधिनस्थ कार्यालय में व्याप्त अनियमितता व भ्रष्टाचार को लेकर कमिश्नर को पत्र दिया गया है श्री शुक्ल ने बताया कि तहसीलदार रावर्ट्सगंज के सह पर उनके अधिनस्थ कार्यालयों में घोर अनियमितता व भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण न केवल आम जनमानस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है अपितु आम जनमानस में सरकार व प्रशासन द्वारा उनके संवैधानिक व कानूनी ढांचे की घोर क्षति करने का संदेश जा रहा है। इस संबंध में शिकायताओं ने निम्न विन्दुओं पर ध्यानाकर्षण कराया है। कहा है कि तहसीलदार के न्यायालय में वादों के निस्तारण में उभय पक्षों की बहस सुनने के बाद जब तक आदेश पारित नहीं किया जाता तब तक किसी पक्षकार द्वारा संबंधित अधिकारी अथवा पेशकार को मुह मांगा धन प्रदान नही कर दिया जाता। यहीं नही किसी-किसी मामले में उभय पक्षो से बोली लगवाकर सबसे अधिक धन देने वाले के पक्ष में आदेश पारित कर दिया जाता है। जिसकी बानगी कई फाइलों में जाँच कर देखी जा सकती है।

दानपत्र अथवा बैनामा के आधार पर दाखिल खारिज के मामलों में तो तहसीलदार कार्यालय द्वारा सबरजिस्टार कार्यालय से प्राप्त अभिलेखों का मुकदमा दर्ज कर इश्तेहार तब तक जारी नहीं किया जाता जब तक संबंधित पक्षकार स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय में जाकर 500 से 1000 रुपये संबंधित बाबू को न दे दें, इसके बाद आदेश के नाम पर साधारण पत्रावली में भी 10000 से 20000 रुपये तक की मांग की जाती है, कहने पर वीआईपी खर्च की दुहाई दी जाती है।

भवन मानचित्र जो कि मास्टर प्लान द्वारा स्वीकृत किये जाने से पूर्व तहसील से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाता है। वह भी तब तक नहीं दिया जाता जब तक आवेदक तहसीलदार कार्यालय में आकर अवैधानिक धन नही दे देता तथा प्रकीर्ण पत्रावली में प्रति पत्रावली 2000 से 5000 रुपये तक व्यक्तिगत रुप से तहसीलदार सदर द्वारा लिया जाता है, तब आख्या प्रेषित की जाती है। बताया गया कि अविवादित पत्रावली में आदेश दर्ज करने में अनावश्यक विलम्ब तहसीलदार के कहने पर किया जाता है तथा जानबुझकर कुछ पत्रावली अपने न्यायालय में रखी जाती है जिससे ज्यादा से ज्यादा वसूली की जा सके। मामले की शिकायत पर तहसीलदार द्वारा पेशकार पर पूरा ठीकड़ा फोड़ते हैं तथा अनभिज्ञ बनते है। धारा 80 रा०सं० के मामले में तहसीलदार प्रति फाइल 2000 रुपये जबरियां चार्ज लगाते हैं न देने पर पत्रावली खारिज करवाने की धमकी देते हैं तथा बिना सूचना के पत्रावली खारिज करवा देते हैं। जिसमे पूर्ण रुप से तहसीलदार जिम्मेदार है। बताया है कि पैमाईश फाट संबंधित मामले की कोई मानिटरिंग तक नही करते है तथा बहुतायत मामले लम्बित हैं। वे उसी मामले में जाते है जिसमे 25000 रुपया कम से कम मिलता है। विवादित पत्रावलियों में तहसीलदार की मांग नाजायज है। तथा 50000 रुपये से 500000 रुपये तक की मांग करते है तथा पैसा प्राप्त होने पर भी आदेश करने में विलम्ब करते है, जो तमाम पक्षकारों का कहना है। सामने आने से डरते है, कहते है कि वे नजदीक गांव के जमींदार हैं। राईसमिल बनवा रहे हैं। हमे बड़े लोगो का सहयोग हो और मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता जब तक चाहूँगा तहसील में रहूँगा। मौके पर सोनभद्र बार एसोसिएशन के महामंत्री राजीव सिंह, ओमप्रकाश पाठक, विनोद शुक्ल, मनीष कुमार चतुर्वेदी, योगेश द्विवेदी, राजेंद्र पाठक, तापेश्वर मिश्र, पंकज सिंह, अखिलेश पाण्डेय, पंकज सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# बेहतर उपज लेने वाले किसान करायें पंजीकरण

जौनपुर। कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को हर वर्ष 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाता है। इसके लिए जनपद के किसानों की फसलों की क्रॉप कटिंग के आधार पर प्रतियोगिता कराई जाती है, खरीफ एवं रबी फसलों में सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों को प्रथम पुरस्कार के लिए रुपये सात हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को रुपए पांच हजार, प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्रम देकर जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदान कर किसानों को पुरस्कृत किया जाता है, ताकि अन्य किसान सम्मानित होने वाले कृषकों से उन्नति खेती की प्रेरणा लेकर अपनी उपज बढ़ाकर कृषि का सतत विकास कर सके। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि 23 दिसम्बर को आत्मा योजनान्तर्गत आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस में जनपद के कुल 30 उन्नति शील किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य आदि के क्षेत्रों से 15 कृषकों को प्रथम एवं 15 कृषकों को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है उन्होंने जनपद के किसानों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी उपज परिणाम निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर कृषि भवन में जमा कर अपना रजिस्ट्रेशन कराने की अपील किया है। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन होने के पश्चात प्रदेश स्तर पर भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कृषकों की सूची प्रेषित की जाती है, प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने वाले कृषकों को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान वालों 75 हजार रुपये एवं तृतीय अस्थान वाले कृषको को 50 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने जनपद की विशिष्ट महिला किसान, खाद्यान्न उत्पादन, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, मिलेट्स की खेती करने वाले किसानो से अपील किया है कि 20 नवम्बर तक कृषि भवन में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

संक्षेप

## चीन नेपाल के शूटरों ने दिखाया अपना हुनर



**अयोध्या।** जिला रायफल कल्ब में तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन पूरे भारत से आए हुए 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए दिल्ली से आई इंटरनेशनल खिलाड़ी अन्नपूर्णा शर्मा मौजूद रही। आयोजक शनि कुमार वर्मा ने बताया की प्रतियोगिता के दूसरे दिन चीन नेपाल के खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में दिल्ली हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कोच ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण का आयोजन रविवार को सायं 4:00 जिलाधिकारी अयोध्या की उपस्थिति में उनके द्वारा किया जाएगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर, समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी गण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय।

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता हृदयराम पुत्र माता प्रसाद, ग्राम मेंदनीपुर विकासखण्ड मयाबाजार द्वारा चकमार्ग पर अवैध कब्जा की शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने बी0डी0ओ मय पुलिस प्रशासन के साथ अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिये व शिकायतकर्ता राम दयाल यादव ग्राम राजेपुर (मूड़ाडीहा) विकासखण्ड पूरा द्वारा बैनामा शुद्व भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को समुचित रूप से जांचकर आख्या प्रस्तुत करने को कहा। एक अन्य शिकायतकर्ता परवेज अहमद पुत्र स्व0 मो0 सईद नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा अवैध निर्माण के सम्बंध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य राजस्व अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान संपन्न

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में सुखदेव निवासी कदनपुर ने शिकायती पत्र देते हुए देते हुए बताया किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन किया था। ब्लॉक मे सारे कागजात भी जमा किया था लेकिन प्रार्थी की आईडी को स्टेट लेवल से लॉक कर दिया गया है, जिससे प्रार्थी काफी दिनों से किसान सम्मान निधि से वंचित है। तहसील क्षेत्र स्थित खड़भड़िया निवासी कृष्ण लाल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि खड़भड़िया व अछोरा को जोड़ने वाले चकमार्ग के होते हुए भी खेत तक ट्रैक्टर नहीं जा पाता है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। तहसील समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल 91 शिकायतों के सापेक्ष मात्र 07 शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी व पुलिस विभाग से संबंधित छाया रहा। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी, उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह, आपूर्ति निरीक्षक रिषीस कुमार, प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर देवेंद्र पांडे, प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज अमरजीत सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सोहावल तहसील में आयी 149 शिकायतें, 12 का निस्तारण

**सोहावल-अयोध्या।** शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस पर कुल 149 शिकायतें सामने आई। जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। उप-जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित दिवस पर तहसीलदार सुमित सिंह के साथ राजस्व निरीक्षकों ने शिकायत सुनी। सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे तो नगर पंचायत के आधा दर्जन गांवों में संचालित सामुदायिक शौचालय में तालाबंदी की समस्या को लेकर सभासद फरीद अहमद ने पुरजोर शिकायत दर्ज कराई।

## बच्चों के प्रोजेक्ट की हुई सराहना



**बहराइच ।** सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल अकबरपुरा ,बहराइच में एक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला थाना इंचार्ज श्रीमती मंजू यादव के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीजीसी राजस्व अजय शर्मा अतुल गौड़ए पंडित शिव वंश शास्त्री आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को हार्दिक बधाइयां दी एवं निरंतर आगे बढ़ाने की सलाह दी ।बच्चों के द्वारा कुछ प्रस्तुत मॉडल जिसमें एनिमल एंड देयर होमएह्यूमन रेस्पिरेटरी सिस्टमए सोलर सिस्टम वर्किंग मॉडलए फोटोसिंथेसिस मॉडलए लेयर ऑफ एटमॉस्फेयर मॉडलए वोल्कानो मॉडलए सोर्सेज ऑफ वाटर मॉडलए चंद्रयान.3ए सोलर एक्लिप्स वर्किंग मॉडलएहाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट वर्किंग मॉडल ड्रिप इरिगेशन वर्किंग मॉडलए वाटर लेवल इंडिकेटर वर्किंग मॉडलए वॉटर प्यूरीफायर प्लांट वर्किंग मॉडलए कैटल वार्निंग अलार्म सिस्टम वर्किंग मॉडल ए वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांट वर्किंग मॉडल न्यूटन फर्स्ट सेकंड एंड थर्ड लॉ वर्किंग मॉडल कुछ प्रमुख प्रोजेक्ट रहे जिनको लोगों ने खूब सराहा ।इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक विजय गौड़ए श्रीमती प्रियंका शर्माए विद्यालय प्रधानाचार्य ; प्रशासनद्धश्रीमती असमी अतीकए एजुकेशन प्रिंसिपल श्रीमती रीना कश्यपए विद्यालय कोऑर्डिनेटर श्रीमती रितु गौड़ए कार्यालय इंचार्ज अंशु गौड़ तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक ध्शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## किसान दिवस 20 को

**बहराइच ।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 20 नवम्बर 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## टेनिस बाल क्रिकेट स्कूल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**बाराबंकी।** के0डी सिंह बाबू स्टेडियम में टेनिस बाल क्रिकेट स्कूल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि फैसल मतीन व विशिष्ट अतिथि डा0 रवि आहूजा ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता मे नूर मोहम्मद इंटर कालेज जैदपुर और यंग स्ट्रीम इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमे

- यंग स्ट्रीम टीम ने मैच जीत किया सेमीफाइनल मे प्रवेश

यंग स्ट्रीम ने पहले बैटिंग कर 7 विकेट खोकर 64 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नूर मोहम्मद कालेज टीम 8 ओवर मे 43 रन बना पाई। तथा यंग स्ट्रीम टीम ने 21 रन से मैच जीत सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। इस अवसर पर मोहम्मद अब्दुल रहमान लल्लू, अजीज अहमद, परवेज अहमद, आमिर अली, मुजीब अहमद सिद्दीकी, मनीष सिंह, रियाज, डॉ0 जावेद अहमद, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड सपा एड़वोकेट दानिश सिद्दीकी, चन्दारानी आदि मौजूद रहे।

## चौरासी कोसी परिक्रमा करने निकला चित्रकूट से आये संतों का जत्था

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** चित्रकूट के महंत गोविंद दास के नेतृत्व में 200 से अधिक साधु संतों का जत्था अयोध्या धाम की सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी परिक्रमा की यात्रा मखौड़ा धाम के लिए रवाना हुआ। शनिवार की सुबह वैद्य

- रामलला और हनुमानगढ़ी में किया दर्शन

जी का मंदिर से महंत राजेंद्र दास ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इसके पहले परिक्रमार्थियों ने हनुमान जी महराज और राम मंदिर में विराजमान श्री रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन भी किया।

यात्रा के संयोजक महंत गोविंद दास ने बताया कि यह परिक्रमा मखौड़ा धाम से शुरू होगी। कहा कि एक एक पग में भगवान का नाम लेकर चलने पर पापों का नाश होता है। बताया संतों की टोली अलग-अलग पड़ाव पर पहुंचने के लिए रवाना होगी। इसमें मुख्य रूप से रामरेखा आश्रम, हनुमान बाग, सृंगऋषि आश्रम, महादेव घाट, सूर्यकुंड, जन्मेजय कुंड, अमानीगंज, रानी मऊ हनुमान मंदिर, जम्मू दीप गौरीगंज, श्री नरहरि आश्रम के रास्ते नवाबगंज होते हुए पुनः परिक्रमा विभिन्न पड़ावों से होकर 7 दिसंबर को वापस मखौड़ा धाम पहुंचेगी। 8 दिसंबर को वैद्य जी का मंदिर अयोध्या आकर यात्रा का समापन होगा। महंत राजेंद्र दास ने बताया कि इस परिक्रमा के लिए दूर-दूर से साधु संत शामिल हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दौरान यह सभी साधु संत अयोध्या पहुंचे जो यहां पर धार्मिक अनुष्ठान कर यहां से मखोड़ा धाम के लिए रवाना हुए हैं। जहां से इस परिक्रमा को प्रारंभ करेंगे और राम विवाह के दूसरे दिन 8 दिसंबर को पुनः यह परिक्रमा यात्रा वापस अयोध्या पहुंचेगी।

## चीनी मिल नानपारा के पेराई सत्र का शुभारम्भ आज

**बहराइच ।** सचिव/प्रधान प्रबन्धक यमुनाधर चैहान ने बताया कि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, बलहा की श्रीमती सराज सोनकर एवं महसी के सुरेश्वर सिंह तथा सभापति/जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 17 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 41वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ होगा।

## एसपी ने छात्रों से किया संवाद स्थापित



**बहराइच।** पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा छात्र.छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस मॉडर्न स्कूल के छात्र.छात्राओं द्वारा विभिन्न भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया प्रस्तुतीकरण साइंस एक्जीबिशन में बच्चों द्वारा विभिन्न विषयों पर विज्ञान परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहना की गयी। पुलिस लाइन स्थिति पुलिस मॉडर्न स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में पढ़ने वाले सबसे छोटे बच्चों के साथ केट काटकरए उन्हे केक खिलाकर हुई । स्कूल द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में महोदय ने क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्रीमती हर्षिता तिवारी व स्कूल स्टाफ के साथ छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडल एवं परियोजना कार्यों का अवलोकन किया जिसमें छात्रों द्वारा विज्ञान से सम्बन्धी विभिन्न प्रकार के उन्नत मॉडल बना कर उनकी प्रदर्शनी लगाई गयी। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने प्रदर्शनी में छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी हासिल की गयीए कुछ प्रस्तुतियों पर सवाल पूछे जाने पर बच्चों को प्रोजेक्ट के पीछे के विज्ञान की समझ का अभाव परिलक्षित होने पर सम्बन्धित अध्यापकों को विज्ञान के सिद्धान्तों को स्पष्टता एवं सरलता से सभी विद्यार्थियों को सिखाने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।विज्ञान प्रदर्शनी का भ्रमण करने के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्रों की सराहना करते हुये बताया गया कि विज्ञान प्रदर्शनी वैज्ञानिक धारणाओं की समझ को प्रदर्शित करने का सर्वोत्तम अवसर है प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिकता व तार्किकता की सुदृढ़ बुनियाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैए जिससे छात्रों में आत्मविश्वास का संचार होता है इसमें विद्यार्थियों के लिये व्यावहारिक अनुप्रयोगों और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं की अपनी समझ को प्रदर्शित करने का सर्वोत्तम अवसर होता है ।इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसको सराहा गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी आरण्आईण् रिजर्व पुलिस लाइनए शम्भू शरणए प्रधानाचार्यए पुलिस मॉडर्न स्कूल श्रीमती निशा सिंह स्कूल के समस्त शिक्षकए शिक्षिकाएए बच्चे व अभिभावक गण उपस्थित रहे ।सभी के द्वारा छात्रों की मेहनत और विचारों की सराहना की गयी।

## लोक अदालत में लम्बित मामलों का अधिक से अधिक कराये निस्तारणः श्रीकृष्ण चन्द्र



**बाराबंकी।** आगामी 14 दिसम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत मे राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद/प्री-लिटिगेशन वाद, विभिन्न विभागों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने को लेकर अपर जिला

- अपर जिला जज ने नोड़ल अधिकारियो के साथ की बैठक

जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने विभागो के नामित नोडल अधिकारियो के साथ बैठक की। बैठक मे अपर जिला जज ने लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु अपने विभागों में लंबित वादो को ज्यादा से ज्यादा चिन्हित कर उनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराये जाने तथा निस्तारित वादों की सूचना 14 दिसम्बर 2024 को सायं 3 बजे तक आवश्यक रूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्राप्त कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, क्षेत्राधिकारी हर्षित चैहान, कर निर्धारण अधिकारी नगरपालिका कमलेश चैबे, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग दिनेश कुमार, सहायक अभियंता लो0नि0वि0 अशोक कुमार, आबकारी निरीक्षक गजेन्द्र कुमार प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## रामलला का तिलक चढ़ाने जनकपुर से अयोध्या पहुंचने लगे तिलकहरू



**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम का शुभ तिलकोत्सव सोमवार को दोपहर दो बजे विधि-विधान से संपन्न होगा। लगभग 300 से अधिक जनकपुरवासी तिलकहरुओं में से कुछ का आगमन शनिवार से ही शुरू हो गया है। तिलकहरुओं को सम्मान और सुविधा पूर्वक ठहराने के लिए कारसेवकपुरम, अभयदाता हनुमान आश्रम, विवेक सृष्टि, माता सरस्वती देवी मंदिर, तीर्थ क्षेत्र भवन में व्यवस्था की गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र के ओंकार सिंह ने बताया कि तिलक उत्सव समारोह के लिए रामसेवकपुरम परिसर में तैयार किए गए मंच पर राम के स्वरूप में सज्जित 18 वर्षीय युवक को आटे से बनाए गए चैक/सिंहासन पर विराजित किया जाएगा। जनकपुर के तिलकहरू अपने साथ कांसे के थाल, दो कटोरी, गिलास, चम्मच आदि पांच परम्परागात बर्तनों सहित अन्य बर्तन लाएंगे। इसके अलावा पीली धोती, गमछा, करधनी (डाड़ा), हल्दी गांठ, चंदन गांठ (मुट्ठा), धान, पीले चावल, दूर्वा (दूब घास), पान, इलायची, सुपारी (पुंगी फल), यज्ञोपवीत (जनेऊ), चांदी के सिक्के आदि परंपरागत वस्तुएं तिलक समारोह के दौरान राम के स्वरूप को भेंट की जाएगी। श्रीराम का तिलक चढ़ाने के लिए सीता जी के छोटे भाई की भूमिका जानकी मंदिर जनकपुर के छोटे महंत रामरोशन दास जी निभाएंगे। इस पल के साक्षी बनने के लिए जनकपुर मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह अपने आधा दर्जन मंत्रियों के साथ उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनकपुर के मेयर मनोज कुमार शाह नेपाल के अन्य तीन मेयर के साथ मौजूद रहेंगे। वहीं तिलकहरुओं के स्वागत भोजन में स्वादिष्ट आलू टिक्की, पापड़ी चाट, छोला, चावल, पूड़ी, मिक्स सब्जी, रायता, पापड़, हलवा आदि का इंतजाम किया गया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में चार शिकायतों का निस्तारण



**बाराबंकी।** तहसील हैदरगढ़ सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में आने वाले शिकायतकताओं की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किये जाने को लेकर निर्देशित किया। समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ने समक्ष राजस्व विभाग से 132, पुलिस विभाग से 22, विकास विभाग से 14, पूर्ति विभाग से 4, विद्युत विभाग से 7, अन्य समस्या के 23, कुल 202 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। मौके पर 4 शिकायती प्रार्थना पत्रो का निस्तारण कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ शम्स तबरेज, उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, तहसीलदार सीमा भारती, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वीरांगना ऊदा देवी पासी के शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन




जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस एवं बलिदान का परिचय देने वाली महान वीरांगना ऊदा देवी पासी का नाम स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरो में अंकित है। उन्होने 16 नवम्बर 1857 को अवध क्षेत्र में अपनी वीरता का परिचय देते हुये 36 अंग्रेज सैनिको को मौत के घाट उतार कर वीरगति को प्राप्त हो गयी। आज हम उनके शहादत दिवस पर कांग्रेस परिवार के साथ उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित करने में अपने को गौरान्वित महसूस करते है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने ओबरी आवास पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अद्वितीय

- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में साहस का परिचय देने वाली वीरांगना का नाम इतिहास मे स्वर्ण अक्षरो मे अंकितः तनुज पुनिया

साहस और बलिदान का परिचय देने वाली नायिका माता ऊदा देवी पासी की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि माता ऊदा देवी पासी ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जिस साहस व समर्पण का परिचय दिया वह आज के समाज के लिये अमूल्य प्रेरणास्त्रोत है। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि यदि बात देश की हो तो हमे किसी भी प्रकार के अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ खडा होना चाहिये। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो मे जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, आदर्श पटेल, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, अजय रावत, रामहरख रावत, के0सी0 श्रीवास्तव, आमिर अय्यूब किद्वाई, सिकन्दर अब्बास रिजवी, अब्दुल समद, तौकीर अहमद मौजूद रहे।

### डॉ.आर.के. बनौधा को अध्यक्ष व डॉ. प्रवीण मौर्या को सचिव पद की दिलाई गयी शपथ

**अयोध्या।** आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) अयोध्या के बैनर तले दीपावली सेलीब्रेशन और शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन शहर के एक होटल सभागार में किया गया। इस आयोजन में चिकित्सकों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ हिस्सा लिया और पूरे कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में फिजिशियन डॉ. ए.के. राय ने अध्यक्ष डॉ. आर.के. बनौधा और सचिव डॉ. प्रवीण कुमार मौर्या को शपथ दिलाई। इस अवसर पर आइएमए के सभी उपस्थित चिकित्सकों ने बारी-बारी से अध्यक्ष और सचिव को माला पहनाकर शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अफरोज खान सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थित रही, जिनमें डॉ. हरिओम यादव, डॉ. नानक शरण, डॉ. डी.आर. भुवन, डॉ. एस.के. पाठक , डॉ. अब्दुस सलाम, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. विपिन वर्मा, डॉ. जयगोविन्द, ,श्रीवास्वत, डॉ. यश प्रसाद, , डॉ. कुमार वैभव, डॉ. शशांक वर्मा, डॉ. सत्येन्द्र वर्मा , डॉ. पवन पाण्डेय, डॉ. मुकेश गौतम आदि शामिल रहे।

## बार एसोसिएशन महसी के पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट

**बहराइच ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात तहसील बार एसोसिएशन महसी के अध्यक्ष एवं महामन्त्री के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट कर तहसील महसी के राजस्व ग्राम सिसई हैदर, गजपतिपुर, टेण्डवा बसन्तुपर, हेमरिया, भोगाजोत व तमाचपुर की भूमि के सम्बन्ध में परिसीमा निर्धारितकरते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से सुदूर स्थित आराजी के विक्रय पत्रों का प्रतिबन्ध समाप्त कराये जाने, तहसील महसी में तहसीलदार की नियुक्ति, तहसील महसी के न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों की अमल दरामद की व्यवस्था नियमित कराये जाने, राजस्व ग्रामों के जंक गाटों को अवमुक्त करने समयबद्ध व्यवस्था के साथ-साथ तहसील मुख्यालय के सामने वाहनों के गति अवरोधक हेतु स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रिप्स) बनवाये जाने सम्बन्धित मांग पत्र प्रस्तुत किया। डीएम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मागों का समाधान कराया जायेगा। तहसील मुख्यालय के सम्मुख स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रीप) निर्माण की मांग के सम्बन्ध में डीएम ने अधि.अभि. लो.नि.वि. को निर्देश दिया कि तत्काल कार्य प्रारम्भ कर दिया। डीएम ने एसडीएम महसी को निर्देश दिया कि बार द्वारा प्रस्तुत किये गये मांग-पत्र पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए विशेषकर अमलदरामद की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाय।

## गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई

**बहराइच ।** तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने आईसीडीएस के स्टाल पर 05 गर्भवती महिलाओं श्रीमती रामदेवी, सरिता, जलवर्षा, नाजमा व उर्मिला की गोद भराई की तथा दो बच्चों अभिवांश व रूपाली को अन्नप्रासन्न कराया

संक्षेप

## निगम के भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसी 18 को करेंगे आंदोलन

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर निगम से संबंधित जन समस्याओं और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर के कांग्रेसी बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं उनके द्वारा सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में 18 नवंबर सुबह 11 बजे बैठक करने के बाद नगर निगम तक मार्च किया जाएगा और विभिन्न जन समस्याओं को लेकर के और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर के नगर निगम का घेरा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने बताया के नगर निगम में करोड़ अरबो रुपए का घोटाला हुआ है अधिकारी तथा महापौर और इस घोटाले में शामिल सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय से विभिन्न मार्गों से नगर निगम तक पहुंचेंगे और नगर निगम के अधिकारियों का घिराव करेंगे।

## अनीता अग्रवाल ने किया संप्रेषण गृह किशोर का निरीक्षण

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता अग्रवाल के द्वारा जनपद में संचालित राजकीय बाल गृह शिशु, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई एवं राजकीय संप्रेषण गृह किशोर मथुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सदस्य के द्वारा बच्चों के रखरखाव भोजन आवास आदि को देखा गया। इसके अलावा सदस्य के द्वारा श्रम विभाग, बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। सदस्य के द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को वृंदावन में आंगनबाड़ी केन्दो को संचालित करने के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही श्रम विभाग के सहायक आयुक्त श्रम को जिला बाल संरक्षण इकाई के साथ मिलकर जनपद मथुरा के विभिन्न मंदिरों के आसपास तिलक लगाने वाले बच्चों की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने तथा जनपद में बाल श्रम के उन्मूलन के लिए प्रयास करने को निर्देशित किया गया।

## मां की पुण्य तिथि पर 201 प्रभुजनों को करायी भोजन प्रसादी

**मथुरा।** समाज सेवा के प्रति समर्पित श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति रोटी बैंक के सहयोग से कस्बा इगलास निवासी सत्यपाल वर्मा ने अपनी माताजी कमल देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मथुरा क्षेत्र में 201 प्रभुजनों को स्वादिष्ट भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। सत्यपाल वर्मा ने बताया कि मां से ही सीखा था कि मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। यह कार्यक्रम माताजी की सेवा और प्रेम का प्रतीक है। समिति समाज सेवा में अग्रणी कदम उठाती है, यह कदम सराहनीय है। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने बताया कि सेवा करें, दूसरों का साथ दें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। विशेष अवसरों पर इस तरह के आयोजन निश्चित रूप से आने वाले समय में भी जारी रहेंगे। समिति के सदस्य हमेशा से ही जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहते हैं और इस कार्यक्रम ने उनकी सेवा भावना को एक बार फिर से प्रदर्शित किया।

# पर्यटन मंत्री ने किया दयानंद सरस्वती की जयंती पर स्मरण उत्सव का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** जनपद के सिरसागंज में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती पर आयोजित स्मरणउत्सव का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया इस कार्यक्रम में देश के आर्य गुरुकुलों से बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं आए हैं साथ ही साथ देश के विभिन्न भागों के प्रबुद्धजन इस विराट महासम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत बालिकाओं की वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ, सनातनी परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मरण पत्र देकर किया गया, इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मैं दूर दराज क्षेत्र से आए हुए सभी अतिथियों का मन की अंतः स्थल की गहराइयों से स्वागत करता हूं, उन्होंने कहा कि जब हिंदुस्तान में लोग अज्ञानता के कारण गहरी निद्रा में सोए हुए थे उस समय महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने अपने ज्ञान के प्रकाश से लोगों को जाग्रत किया, नारियों के सशक्तिकरण का सर्वप्रथम कार्य किसी ने किया तो वह स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने किया, उनकी प्रेरणा से ही जगह-जगह आर्य गुरुकुल विद्यालयों की स्थापना की गई जहां पर छात्र एवं छात्राएं अपनी संस्कृत का गहनता से अध्ययन कर रहे हैं, हमारे लिए यह अत्यंत ही गर्व का विषय है कि इस विराट आर्य धर्म सभा का आयोजन सिरसागंज की पावन भूमि पर किया जा रहा है यह वही भूमि है जहां के गुरुकुल में अनेक विशिष्ट जनों ने शिक्षा पाई है हाल ही में इसी गुरुकुल में पढ़े हुए छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में प्रथम स्थान पाकर हम सभी का सम्मान बढ़ाया है, आप सबको यह बताते हुए मुझे अत्यंत ही हर्ष हो रहा है कि यहां पर आर्य संस्कृति संकुल नामक बड़े ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है, हमारा लक्ष्य है कि यह ऑडिटोरियम अगले वर्ष तक अवश्य पूर्ण हो जाएगा, साथ ही साथ यहां पर एक छात्रावास निर्माणअधीन है, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए हितकारी साबित होगा, आने वाले समय में यह स्थान पूरे देश में प्रकाशकुंज बनकर उभरेगा, ऐसी मेरी उम्मीद है कि इस प्रकाश कुंज से बड़े-बड़े विद्वान निकलकर देश का नाम रोशन करेंगे, हम सब ऐसी उम्मीद करते हैं कि हमारी कामना है कि 2047 तक हम विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा कर सकें। साथ ही भारत को विश्व गुरु का सपना साकार कर सके यही हमारी कामना है। स्वामी दयानंद जी की 200 वीं जयंती पर हम सभी संकल्पित है कि संपूर्ण भारत को छुआछूत, उच्च नीच, जात- पात इत्यादि से मुक्त करेंगे और अखंड भारत के सपने को पूरा करेंगे। साथ ही एक ऐसा जीवन पथ चुनेंगे जो हमें सर्वांगीण विकास की ओर ले जाए। इस मौके पर डीएम रमेश रंजन ने जनपद में आए समस्त आचार्यों, छात्र-छात्राओं, विद्वानों को धन्यवाद अर्पित किया, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के विचार आज भी नई पीढ़ी के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं, ऐसे महापुरुष सदैव अपने ज्ञान से प्रेरित और उत्साहित करते रहेंगे। साथ ही मानवता के विकास में इनके विचार हमें नई दिशा प्रदान करते रहेंगे। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों की रैली को भी माननीय मंत्री जी ने झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही साथ इस मौके पर शासन की योजनाओं एवं स्वामी दयानंद जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर कैबिनेट मंत्री ने शुभारंभ किया, इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन मंत्री वं डीएम एवं एसएसपी सौरभ दीक्षित ने किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं डीएम के अलावा मंच पर ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत, प्रधान देवेंद्र पाल वर्मा प्रसिद्ध विद्वान डॉ वेदपाल डा वर्चस्वपति मिश्र, विनय आर्य, गजेंद्र सिंह आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व विशु राजा, एडीएम न्यायिक संगीता गौतम सहित जनपद के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने किया दीपदान

**वृंदावन।** कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को श्रीकृष्ण की क्रीड़ा भूमि राधारानी के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। यमुना किनारे स्नान व पूजन कर श्रद्धालुओं ने पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। मंदिरों में हो रहे धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर शाम को दीपदान किया।

मान्यता है कि कार्तिक माह की पूर्णिमा को शास्त्रों में देव दीपावली माना गया है। देवोत्थान एकादशी को देव जागने के बाद इस दिन देवता दीपावली मनाते हैं। जिसका उल्लास मंदिरों की नगरी वृंदावन में देखने को मिलता है। भोर की पहली किरण के साथ भक्तों की भारी भीड़ परिक्रमा के लिए निकल पड़ी। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग राधारानी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर भगवान विष्णु का पूजन किया। दान-पुण्य कर मनोरथ पूर्ण करने के लिए ठाकुरजी की आराधना भी की। सप्तदेवालयों में शामिल ठा. राधादामोदर, ठा. गोपीनाथ ने रास रासेश्वर के रूप में दर्शन दिए तो भक्तों का हुजूम मंदिर में उमड़ पड़ा। ठा. बांकेबिहारीजी के दर्शन को उमड़ी भीड़ कार्तिक पूर्णिमा पर ठा. बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के पट खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम मंदिर के आसपास जमा हो गया। जैसे ही मंदिर के पट खुले श्रद्धालुओं के आने का क्रम टूट नहीं रहा था। हर साल की तरह श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा नजर आया।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान क्रम में आज शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को जागरूक किया गया। इसी क्रम में थाना दक्षिण के मौहल्ला जोशियान स्टेशन रोड थाना बसईमौ0पुर के ग्राम पहाडपुर थाना नगला खंगर के श्री जय दयाल सिंह इंटर कॉलेज थाना रसूलपुर के कंपोजित विद्यालय हाजीपुरा थाना रजावली के ओपी ग्लोबल एकेडमी नगला मुरली थाना पचोखरा के भगवान सिंह भगवान देवी इंटर कॉलेज कोटकी थाना मक्खनपुर के ग्राम जिजोली थाना टूण्डला के कस्बा टूण्डला थाना उत्तर के रामलील ग्राउंड दुर्गा नगर थाना मटसैना के ग्राम विजयपुरा थाना लाइनपार के महात्मा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज थाना सिरसागंज के एमडी जैन इंटर कॉलेज , थाना खैरगढ़ के एसजीएम पब्लिक स्कूल , थाना एका राम आदर्श इंटर कॉलेज जहाँपुर थाना नगला सिंघी के डीपीएस पब्लिक स्कूल थाना जसराना के साहब इंटर कॉलेज आदि में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ह्ममिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरूक किया गया।

## ब्रज के साधु-संत दिल्ली रवाना धर्म संसद में करेंगे सहभागिता

**वृंदावन।** धार्मिक नगरी वृंदावन से बड़ी संख्या में ब्रज के साधु संत, धमार्चार्य एवं बृजवासी शुक्रवार की प्रातः 8:00 बजे दिल्ली में होने वाली सनातन धर्म संसद में भाग लेने के लिए रवाना हुए। सभी संतो को वृंदावन के एक आश्रम में बाल भोग प्रसाद खिलाने के बाद पूरे उत्साह के वातावरण में बस के माध्यम से दिल्ली के लिए विदा किया गया। जिससे सम्पूर्ण वातावरण सनातनी हो गया।

सनातन पताका पहराने के लिए ब्रज से रावना हुए सन्तों का कहना था कि सनातन धर्म संसद में आज सनातन की ताकत दुनिया देखेगी यदि सनातन बोर्ड का गठन नहीं किया गया तो इससे भी अधिक संख्या में अगली धर्म संसद में संपूर्ण भारत से संत और सनातनी कूच करेंगे।

वीतराग संत स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि आज सभी सनातनियों को एक होने का समय है यदि सभी सनातनी एक नहीं हुए तो आने वाला भविष्य अंधकार में हो सकता है सरकार को सनातन बोर्ड की मांग स्वीकार कर श्री कृष्ण जन्मभूमि निर्माण के लिए कानूनी बाधाओं को दूर करना चाहिए।

ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम ने कहा कि इस बार सनातन धर्म संसद के लिए बृजवासियों में वही जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है जो कभी राम मंदिर आंदोलन के दौरान हुआ करता था। सनातन धर्म संसद में भाग लेने के लिए प्रस्थान करने वाले प्रमुख लोगों में सुतीक्ष्ण देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामस्वरूप दास ब्रह्मचारी, महामंडलेश्वर भास्करानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रघुनाथ दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रुद्रदेवानंद महाराज, आदि रहे।

## एफडीए ने मिलावट की जांच के लिए गृहणियों को दिया प्रशिक्षण



**फिरोजाबाद।** एफडीए द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने का महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को राजा का ताल फिरोजाबाद स्थित ऑर्चिड ग्रीन सोसायटी में सीनियर सिटीजन क्लब में ऑर्चिड ग्रीन के ब्रांड अम्बेसडर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन फिरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक फूड क्वालिटी कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के खान पान को बेहतर करने एवं मिलावट रहित भोजन के तौर तरीकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एफएसएसएआई द्वारा प्रदत्त फूड सेफटी वैन से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की त्वरित जॉच करायी गयी। आयोजन को सम्बोधित करते हुए सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय ने उपस्थित लोगों से किचिन को आधुनिक एवं गुणवत्ता परक बनाने के लिये खाद्य विभाग के प्रयासों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि घरेलू जॉच के उपाय एवं सुपर फूड का इस्तेमाल करके सुपर किचिन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अनिल यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हल्दी दूध दाल व मिठाइयों के मिलावट की घरेलू जॉच विधि का प्रशिक्षण दिया।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार कुँवर ने डार्ट बुक के बारे में बताया मिलावट की असली युद्ध की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर है। इस कार्यक्रम के सहयोजक प्रदीप मित्तल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम को बहुत प्रभावी बताया। ब्रान्ड अम्बेसडर शिखा गर्ग वं सौम्या चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रयोगशाला विशेषज्ञ दिलीप कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार एवं इशिता अग्रवाल व नीता मित्तल, रितुजा मित्तल, मेघा जैन, संगीता वर्तिका मित्तल अक्षत गर्ग ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक गृहणियों ने चलती फिरती प्रयोगशाला में घेरलू खाद्य पदार्थों की जॉच करायी।

## बुजुर्ग को नशा कराकर धोखाधड़ी से लिखाया प्लॉट



**टूंडला।** नगर की राधिका विहार कॉलोनी स्थित एक बुजुर्ग के प्लॉट का कुछ लोगों ने बुजुर्ग को नशा कराकर धोखधड़ी कर बैनामा करा लिया जानकारी मिलने पर बुजुर्ग ने तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। मामला थाना टूंडला क्षेत्र के टुंडली स्थित राधिका विहार कॉलोनी का जहां बुजुर्ग रूपेंद्र सिंह पुत्र स्वः बैजनाथ सिंह की 401 वर्ग गज जमीन थी। बुजुर्ग रूपेंद्र सिंह काफी समय से जनपद आगरा की तहसील किरावली के गांव जैंगारा में परिवार सहित निवास कर रहे थे। तहसील समाधान दिवस में बुजुर्ग ने दी शिकायत में बताया है कि दिनांक 13.8.24 को टूंडला शिव नगर निवासी ललित जैन अपने 3अन्य साथियों सहित उसके गांव आया उस समय वह गांव के बाहर ही सड़क से खेत पर जा रहा था। ललित जैन अपनी कार से उतर कर मुझसे कहा कि हम लोग यहां से गुजर रहे थे तुम मिल गए हमारे साथ टूंडला चलो अपने भाई से मिल आना उनकी तबियत भी ठीक नहीं है। ललित जैन को मे पहले से जानता था इसलिए मैं उसकी गाड़ी में बैठ गया उक्त लोग उसे रास्ते में शराब पिलाते हुए टूंडला ले आए और मुझे मेरे भाई के घर न लेजाकर फिरोजाबाद रोड स्थित एक निर्माणधीन कॉलोनी में ले गए जहां उन्होंने मुझे और शराब पिलाई मुझे अत्यधिक शराब पिलाकर उन लोगों ने मुझसे कई कागजों पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवालिए उसके बाद उन्होंने क्या क्या कराया मुझे ज्ञात नहीं और रात को बिना किसी को सूचना दिए मुझे मेरे गांव के बाहर मुझे छोड़आए होश में आने पर मैं किसी तरह अपने घर पहुंचा। कुछ दिन बाद मुझे ज्ञात हुआ कि ललित जैन ने मेरे राधिका विहार स्थित 401वर्ग गज प्लॉट के बैनामा धोखधड़ी से करा लिए है। जब ललित जैन से इस बारे में बात की तो वह कहने लगा जो करना है कर लेना तब हार थक कर वह तहसील में आया और लिखित शिकायत दे अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। उक्त ललित जैन और उसके साथियों ने धोखाधड़ी कर उसके प्लॉट का बैनामा बिना कुछ रुपया पैसा दिए करा लिया है।

- बुजुर्ग ने समाधान दिवस में लगायी न्याय की गुहार

## बुजुर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने को होगा चिंतन

- जेनवाइस क्लब एवं बेस्ट के सहयोग से यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा



जिला संवाददाता (vol)

**वृंदावन।** बुजुर्गों को एकांगी जीवन से निजात दिलाकर समाज की मुख्यधारा में समन्वित करने के उद्देश्य से तीर्थनगरी में नवजीवन महोत्सव को आयोजन रविवार को किया जा रहा है। जिसमें आध्यात्म और राजनीति के प्रखर वक्ता अपने विचारों से भावी पीढ़ी और समाज का मार्गदर्शन करेंगे।

शनिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोपालदास प्रभात ने बताया कि जेनवाइस क्लब एवं बेस्ट के सहयोग से यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। जिसमें बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों के सेवार्थ नवजीवन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंत का शुभारंभ ? वैष्विक चेतवानी विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन तराश मंदिर स्थित श्रीजमाई ठाकुर मंदिर में किया जा रहा है जिसमें मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज, बाबा कर्मयोगी महाराज, गोविन्दकृष्ण महाराज, डॉ. उदयन शर्मा और पूर्व विधायक प्रदीप माथुर जैसे विचारक अपने उद्बोधन से समाज का मार्गदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि जेनवाइस क्लब विगत एक वर्ष से ऑनलाइन गतिविधियों का संचालन कर रहा है। जिसमें साथियों की सलाह, मार्गदर्शन और समस्या समाधान का प्रावधान है। उनके स्वास्थ्य हेतु योग, ध्यान तथा आध्यात्म के उपाय और मनोरंजन के लिए ऑनलाइन गेम्स, क्विज आदि के माध्यम से उपहार व ईनाम पाने का सुअवसर भी मिलता है। इसके साथ ही वृन्दावन में ऑफलाइन सेंटर ऑफ वेलनेस की नींव रखी जाएगी। जहां बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक रहने, भोजन तथा ज्ञान और स्वास्थ्यवर्धन की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर ब्रजेश शर्मा मौजूद रहे।

## अलवर से वृंदावन दर्शन करने आये चार दोस्तों की कार में लगी आग, बाल-बाल बचे

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा राधाकुंड रोड पर मघेरा चैराहे के पास चलती कार में अचानक से आग लग गई। चालक द्वारा कार रोकने पर कार में बैठे लोग आग की लपटें देखकर कार से उतर गए। कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। कार में आगे लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कार में आग लगने से वाहनों के पहिये थम गए। बाद में पुलिस ने यातायात सुचारू कराया। राजस्थान के अलवर के तीजकी स्वर्ग रोड, हरिजन बस्ती निवासी विकास कुमार चार दोस्त विनोद, ऋतिक, सुमित, अक्षय के साथ वृंदावन घूमने आए थे। शुक्रवार रात छटीकरा राधाकुंड रोड होते हुए कार से अलवर जा रहे थे। रात करीब 9 बजे कार में शॉर्ट सर्किट होने से आग की लपटे उठने लगीं। आग की लपटें देखकर चालक ने कार सड़क किनारे लगा दी। जिस पर कार में बैठे सभी पांच लोग दूर जाकर खड़े हो गए। कार धू-धू कर जल गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जैंत अश्वनी कुमार ने बताया शॉर्ट सर्किट से कार में आग लगी थी।

## वांछित को पकड़ा

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस ने आज तीन वांछित आरोपितों को नये बस स्टैण्ड के समीप से पकड़ा है। आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। उमेश चन्द्र त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल निर्देशन में उनि. माँगेराम (चौकी प्रभारी बाग बहादुर) ने गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे अमन पुत्र नासिर, पवन शर्मा पुत्र दीपक शर्मा उर्फ दिलीप शर्मा, चाँद पुत्र इलियास को शनिवार दोपहर मालगोदाम रोड मोड से 30 कदम पहले, नये बसस्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली पर पंजीकृत मुअसं 754/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर में बांछित थे जिन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जायेगा।

## बृज मेला उत्सव में जागरण पहल संस्था टीम ने डायरिया के लिए किया जागरूक



**मथुरा।** धौली प्याऊ बृज मेला उत्सव में शनिवार को जगरण पहल संस्था की टीम ने डायरिया से बचाव के लिए शिविर का आयोजन कर जागरूक किया। अभियान के तहत डब्ल्यू. एच.ओ.के सात सूत्रों की विस्तार से जानकारी दी। रेकिट इंडिया और जागरण पहल के संयुक्त तत्वाधान में संचालित परियोजनाह्ल डेटाल बनेगा स्वस्थ इंडिया ह्ल डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े पैमाने पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चल रहे हैं। इसके माध्यम से समुदाय को डायरिया के प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जागरण पहल स्टेट मैनेजर ओम प्रकाश ने स्टॉल पर भ्रमण किया। उन्होंने लोगों को बताया कि हाथों की डेटॉल साबुन से अच्छी तरह धोएं व डब्ल्यूएचओ के सात सूत्रों को अपनाकर बच्चों को डायरिया से बचाएं। स्टेट मैनेजर व जिला समन्वयक ने मथुरा सांसद हेमा मालिनी से मुलाकात कर अपनी संस्था व जागरण पहल प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से बताया। जिला समन्वयक निदा खानम ने बताया कि बृज मेला उतस्व में ग्यारह दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इसमें जागरण पहल टीम द्वारा डायरिया से जागरूक करने के लिए टीम द्वारा शून्य से पांच वर्ष के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु व डायरिया से बचाव की जानकारी दी। महिलाओं को दस्त प्रबंधन के बारे में समझाया। डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें। डेटॉल साबुन से हाथ धोएं, सुरक्षित स्वछ पेजल, सुलभ शौचालय, केवल स्तनपान, टीकाकरण व जिंक टेबलेट और ओ आर एस घोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम बचाव को अपनाएंगे तो उपचार तक नहीं पहुंचेंगे। जागरण पहल टीम ने लोगों को डेटॉल साबुन व आईसी मेटेरियल वितरित किया। गुलाबी दीदी पूजा चैहान व शालिनी चैहान ने हाथ धोने के लिए सुमन-के हाथ धोने के प्रयोग बताते हुए एस- सीधा, यू- उल्टा, एम- मुट्ठी, ए-अंगूठा एन- नाखून और के- कलाई के बारे में समझाया गया। इसके बाद उन्हें सबसे पहले कलाई, फिर हाथ की उलटी तरफ, फिर मुट्ठी, उसके बाद अंगूठा, फिर नाखून और अंत में फिर कलाई को साफ करना सिखाया गया। व बताया कि हाथ धोकर पोंछे नहीं हाथ धोने के बाद उसे हवा में ही सुखाएं। साथ ही घरों व आसपास सफाई रखने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बार-बार हाथों को 20 सेकेंड तक साबुन और पानी से धोना है।

# देव दीपावली पर ठाकुर बद्रीनाथ मंदिर पर हुई भजन संध्या

**मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने बताया कि ठाकुर बद्रीनाथ धाम मंदिर भूतेश्वर तिराहे पर देव दीपावली के अवसर पर ठाकुर बद्रीनाथ के भक्तों द्वारा दीप महोत्सव, भजन संध्या और प्रसादी का कार्यक्रम बड़ी भाव चाव से किया गया और ठाकुर जी का अभिषेक भी बड़ी फूलों और नवधारण पोशाक के साथ, भव्य और दिव्य के साथ किया गया। ठाकुर बद्रीनाथ के भक्तों ने भजन संध्या का लिया आनंद और भक्तों ने ठाकुर जी के समक्ष मंदिर परिसर के सालों में खुलने और कार्यक्रम आयोजित होने पर खुशी का किया इजहार और भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

संजय पंडित पाराशर ने कहा की भू माफियाओं द्वारा मंदिर परिसर में दो मंदिरों शिव परिवार और हनुमान जी के तोड़ने के पश्चात जिस प्रकार से अब मंदिर को नियमित भक्तों के लिए दर्शनों के लिए खोला जा रहा है। मंदिर प्रांगण की सफाई कराई गई है और मंदिर में रंग कार्यक्रम कराने के पश्चात अब ठाकुर बद्रीनाथ के भक्तों के लिए यह मंदिर प्रांगण पूर्ण रूप से खोल दिया गया है। सुबह और शाम समय अनुसार दर्शन भक्त कर रहे हैं और वर्तमान में पुजारी के रूप में पंडित संजय हरियाणा की सहमति से पंडित धनेश दत्त चतुर्वेदी जी को जिम्मेदारी दी गई थी ।जिसे वह बखूबी सुबह और संध्या नियमित निभा रहे हैं ।अभी एक कार्यकारिणी वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार मंदिर निर्माण ,मरम्मत और दर्शनों को खोलने के लिए बनाई गई है। जिसको भविष्य में स्थाई अन्य भक्तों को जोड़कर बनाया जायेगा ।जिसके उपरांत फिर स्थाई रूप से मंदिरों का निर्माण कराये जाने की श्रृंखला में कार्य किया जाएगा और मंदिर की देखरेख के लिए यह समिति मंदिर का संचालन करेगी। टीवी सीरियल और लव कुश में भूमिका निभाने वाले



दोनों कलाकारों द्वारा भी भजन संध्या मैं अपने भजनों की प्रस्तुति दी गई। आचार्य महेंद्र दत्त चतुर्वेदी व्यास जी ने भी अपने भजनों की प्रस्तुति के साथ-साथ उनके साथ ही कलाकारों द्वारा भी प्राचीन भजनों की संख्या का कार्यक्रम प्रस्तुत कर भक्तों के बीच शमां बाध दिया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा, पंडित घनश्याम हरियाणा पूर्व सभासद ,आचार्य महेंद्र दत्त चतुर्वेदी व्यास ,संजय पंडित पाराशर, रजत शर्मा मीडिया प्रभारी, श्रीमती ज्योति चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष हिन्दू महासभा, अनीता शर्मा, सरोज शर्मा, भागवत आचार्य पंकज शास्त्री ,भागवत आचार्य राजेश अग्निहोत्री, श्याम शर्मा मीडिया प्रभारी, राज नारायण गौड़ सर्वेश चतुर्वेदी, बिजय बंटा आर एस एस, दिनेश शर्मा कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास, गोविंद हरियाणा, हरित हरियाणा, गोविंद शर्मा, श्याम शर्मा, राहुल शर्मा, बब्बन शर्मा ब्यूरो चीफ अभी न्यूज परिवार, अभिषेक चतुर्वेदी, गोपाल चतुर्वेदी, भावना शर्मा, रश्मि शर्मा, सरोज शर्मा, सपना राजपूत, डोली राजपूत, रोहिणी शर्मा, हेमलता चैधरी, सोनम अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## दीपकों से यमुना के घाट रोशनी से नहाये

**मथुरा।** देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य देव दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। देव दीपावली महोत्सव का शुभारंभ राजा घाट सती बुर्ज पर शंखध्वनि के साथ पंकज बाबा महाराज गोकुल एवं गोपाल वैष्णव मन्दिर से कुंज किशोर, यदुनंदन चतुर्वेदी के पावन सानिध्य में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर देव दीपावली महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा एडवोकेट, महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, कमलेश अरोड़ा, योगेश उपाध्याय आवा, पंकज शर्मा, योगेन्द्र चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, डॉ जमुना शर्मा, महेन्द्र दत्त आचार्य, रामदास चतुर्वेदी, नारायण प्रसाद शर्मा, आशीष माहेश्वरी, धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, आलोक नागर एवं रामकुमार सारस्वत, राजेन्द्र केशोरैया तरुण नागर आदि ने वेदव्यासजी की साधना स्थली कृष्णगंगा घाट से ध्रुव महाराज की तपस्थली ध्रुव घाट तक एवं यमुना पार के घाटों पर दीप प्रज्वलित कराने में विशेष रूप से सहयोग किया। इस अवसर पर देव दीपावली महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं. सोहन लाल शर्मा ने देव दीपावली महोत्सव में सहयोग प्रदान करने वाले नगर के प्रशासनिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, शैक्षिक संस्थानों व मथुरा वृन्दावन नगर निगम और समाज सेवियों व उद्योगपति कल्याण दास अग्रवाल, प्रमोद गर्ग कसेरे आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वोट बैंक की राजनीति से दूर हैं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर वोट बैंक के लिए नीतियां बनाने को लेकर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति से कोसों दूर है और वह जनता की, जनता द्वारा तथा जनता के लिए प्रगति के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने जो वोट बैंक की राजनीति की, उसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ कि देश में असंतुलित असमानता का दायरा बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सरकार में लोगों का विश्वास बहाल किया। मोदी ने 90 के दशक को याद किया जब भारत में 10 साल में पांच चुनाव हुए थे। उन्होंने कहा कि देश में तब काफी अस्थिरता थी। प्रधानमंत्री ने कहा विशेषज्ञों, अखबारों में लिखने वाले लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत को ऐसे ही रहना पड़ेगा, भारत में सब कुछ ऐसे ही चलता रहेगा। लेकिन भारत के नागरिकों ने एक बार फिर ऐसे विशेषज्ञों को गलत साबित कर दिया। मोदी ने कहा कि दुनियाभर में अनिश्चितता और अस्थिरता पर चर्चा हो रही है तथा कई देशों में हर चुनाव में सरकारें



बदल जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में भारत के लोगों ने तीसरी बार उनकी सरकार को चुना है। उन्होंने कहा पहले हम अक्सर एक मुहावरा सुनते थे अच्छी अर्थव्यवस्था बुरी राजनीति है। विशेषज्ञ के तौर पर पहचाने जाने वाले लोग इसे खूब बढ़ावा देते थे। लेकिन इससे पहले की सरकारों को हाथ पर हाथ धरे बैठने का बहाना मिल जाता था। यह एक प्रकार से कुशासन, अकुशलता को छिपाने का माध्यम बन गया था। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले सरकारें बस चुनाव जीतने के लिए चलायी जाती थीं और चुनाव जीतने के लिए एक वोट बैंक बनाया जाता था तथा वोट बैंक को खुश करने वाली नीतियां बनायी जाती थीं। मोदी ने कहा इस प्रकार की राजनीति से सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ कि देश में असंतुलित असमानता का दायरा बढ़ता गया। विकास के बोर्ड तो लगे लेकिन विकास नहीं दिखा। इस असंतुलित स्थिति, इस मॉडल ने सरकार पर से जनता का भरोसा तोड़ दिया। आज हमने वह विश्वास बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा हमने सरकार का उद्देश्य तय किया। यह उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति से कोसों दूर है। हमारी सरकार का उद्देश्य बहुत बड़ा, व्यापक है। हम लोगों की प्रगति, लोगों द्वारा प्रगति और लोगों के लिए प्रगति के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य देश को विकसित बनाने के लिए एक नया भारत बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा और जब हमने इतना बड़ा लक्ष्य तय किया है तो भारत के लोगों ने भी हम पर भरोसा जताया है। आप कल्पना कर सकते हैं कि सोशल मीडिया, गलत सूचना, दुष्प्रचार के युग में, भारत के नागरिकों को हम पर, हमारी सरकार पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नागरिकों को निवेश के माध्यम से रोजगार और विकास के माध्यम से सम्मान का एक अनूठा संयोजन प्रदान किया है।

# सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी का चार दिवसीय नेपाल दौरा अगले सप्ताह

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा और रणनीतिक संबंधों को और अधिक विस्तारित करने के तरीके तलाशने के लिए अगले सप्ताह हिमालयी राष्ट्र नेपाल की चार दिवसीय यात्रा करेंगे। जनरल द्विवेदी की यात्रा के दौरान नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल 1950 में शुरू हुई परंपरा को जारी रखते हुए उन्हें नेपाल सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान करेंगे। यह परंपरा दोनों सेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



सूत्रों ने बताया कि अगले सप्ताह सेना प्रमुख की नेपाल यात्रा दोनों देशों की आपसी सैन्य कूटनीति में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे रक्षा संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है तथा इससे सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर रणनीतिक चर्चा सहित कई मोर्चों पर निरंतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। जनरल द्विवेदी अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ गहन वार्ता करने के अलावा हिमालयी राष्ट्र के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व से भी मुलाकात करेंगे। क्षेत्र में भारत के समग्र सामरिक हितों के संदर्भ में नेपाल उसके लिए महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेता सदियों पुराने रोटी बेटी संबंधों का अक्सर उल्लेख करते रहे हैं। चारों ओर से जमीनी सीमा से घिरा नेपाल माल और सेवाओं के परिवहन के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर है। नेपाल की समुद्र तक पहुंच भारत के माध्यम से है और वह अपनी आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा भारत से और उसके माध्यम से आयात करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं, जो सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक कारकों से और मजबूत हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह संबंध एक मजबूत सैन्य साझेदारी में बदल गया है और यह साझेदारी क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। जनरल द्विवेदी के नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में श्री मुक्तिनाथ मंदिर जाने की भी संभावना है। ऐसा बताया जाता है कि भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत भी मंदिर आना चाहते थे। उनकी याद में फरवरी 2023 में मंदिर में बिपिन बेल नाम की घंटी लगाई गई है। जनरल द्विवेदी की यात्रा के दौरान विभिन्न पहलों के माध्यम से दोनों सेनाओं में जारी रक्षा आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है।

## संक्षेप

### आदित्य बिड़ला समूह ने 20 अरब डॉलर निवेश किया : एम बिड़ला

नयी दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह ने मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 20 अरब डॉलर का निवेश किया है, क्योंकि यह अपने परिचालन वाले सभी क्षेत्रों में शीर्ष दो कंपनियों में शामिल होने की ओर अग्रसर है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में बोलते हुए, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन के एम बिड़ला ने कहा कि समूह ने कारोबार बढ़ाने के लिए हिंडाल्को द्वारा नोवेलिस के अधिग्रहण सहित कई कठिन निर्णय लिए हैं और अगले 10 वर्षों में सीमेंट कारोबार को 10 करोड़ टन से बढ़ाकर 20 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समूह के अधिकांश निवेश दीर्घकालिक हैं, जिनका कारोबारी दृष्टिकोण अगले 15-20 वर्षों का है, जबकि उपभोक्ता कारोबार की अवधि कम है। उन्होंने कहा, हम हर उस व्यवसाय में शीर्ष एक या दो बनना चाहते हैं, जिसमें हम हैं या शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने 36 वर्षों में 10 करोड़ टन सीमेंट क्षमता का निर्माण किया है, लेकिन अगले पांच वर्षों में इसे 15 करोड़ टन और अगले 10 वर्षों में 20 करोड़ टन तक बढ़ाया जाएगा।

### त्रिशूर पूरम उत्सव के आयोजन ने किया अदालत के फैसले का विरोध

त्रिशूर (केरल)। केरल उच्च न्यायालय द्वारा उत्सवों या अन्य कार्यक्रमों में हाथियों की परेड की अनुमति देने के लिए शर्तें निर्धारित करने के कुछ दिन बाद उत्सव प्रेमियों के एक समूह ने शनिवार को त्रिशूर में हाथी के बिना ही त्रिशूर पूरम उत्सव मनाकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन प्रसिद्ध वडक्कुनाथन मंदिर के सामने किया गया। यह मंदिर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित त्रिशूर पूरम उत्सव का स्थल है। हाथियों की परेड के स्थान पर प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में नेट्टीपट्टम (वस्त्र) और वेंचामारम (सजावटी गोलाकार पंखा) थामे मंदिर के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का आयोजन करने वाले पूरम प्रशंसकों के संगठन पूरा प्रेमी संघम ने कहा कि यह अदालत और सरकार को यह समझाने के लिए था कि कि पारंपरिक अनुष्ठानों और प्रथाओं को बिना किसी अड़चन के जारी रखने की आवश्यकता है।

### दिल्ली-एनसीआर में सबसे महंगा कार्यालय बाजार

नयी दिल्ली। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत क्षेत्र में छठा सबसे महंगा कार्यालय बाजार है। रियल एस्टेट सलाहकार के अनुसार यहां कार्यालय के लिए औसत मासिक किराया 340 रुपये प्रति वर्ग फीट है। इस सूची में मुंबई आठवें स्थान पर है। नाइट फ्रैंक ने 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए एशिया प्रशांत प्रमुख कार्यालय किराया सूचकांक के अपने ताजा संस्करण में कहा कि दिल्ली-एनसीआर एपीएसी क्षेत्र में छठा सबसे महंगा कार्यालय बाजार है। इस वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान हांगकांग एपीएसी का सबसे महंगा कार्यालय बाजार बना हुआ है।

# मोरबी पुल हादसा मामले में आरोपी उद्योगपति को किया सम्मानित

एजेंसी

मोरबी। गुजरात में 2022 में सस्पेंशन पुल हादसा मामले में मुख्य आरोपी उद्योगपति जयसुख पटेल को मोरबी जिले में पाटीदार समुदाय के एक कार्यक्रम में सम्मानित किए जाने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। पुल हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी।

पीड़ितों के परिजनों ने इस कार्यक्रम को लेकर दुख जताया वहीं आयोजकों ने कहा कि जमानत पर जेल से बाहर आए पटेल को अजंता समूह की स्थापना करने वाले उद्योगपति ओआर पटेल के बेटे के तौर पर सम्मानित किया गया। उमा संस्कारधाम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मोरबी शहर के बाहरी इलाके में कडवा पाटीदार कन्या केलवानी मंडल द्वारा आयोजित समारोह में पटेल को तराजू पर, मोदक (मिठाई) के साथ तौला गया। आयोजकों ने बताया कि मोदक को 60,000 डिब्बों में पैक करके पाटीदार परिवारों में बांटा जाएगा। पीड़ितों और उनके परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के सदस्य नरेन्द्र परमार ने कहा, मोरबी सस्पेंशन ब्रिज ढहने के मामले में मुख्य आरोपी को इस तरह सम्मानित होते देखना हमारे

**पीड़ितों के परिजन को आपत्ति**

लिए दुख की बात है। हाल ही में एक अदालत ने मोरबी जिले में पटेल के प्रवेश पर प्रतिबंध से जुड़ी जमानत की शर्त में ढील दी थी, जिससे उनके लिए कार्यक्रम में शामिल होना संभव हो गया। पटेल की कंपनी ओरेवा ग्रुप मोरबी शहर में मच्छू नदी पर ब्रिटिश काल के एक सस्पेंशन ब्रिज के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी, जो 30 अक्टूबर, 2022 को ढह गया था।

इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 135 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 56 अन्य घायल हो गए थे। घटना में 10 वर्षीय बेटी को खोने वाले परमार ने कहा, मुझे पटेल के सम्मान समारोह के बारे में एक समाचार के माध्यम से पता चला और मुझे दुख हुआ। मोरबी में उनके प्रवेश करने पर रोक लगी थी, लेकिन उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए अदालत से अनुमति ली। यह घटना और एक बच्चे को खोना ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई अपने जीवनकाल में भूल सकता है। कार्यक्रम आयोजित करने वाले संगठन के एक सदस्य ए.के. पटेल ने कहा कि उन्होंने जयसुख पटेल को दीवार घड़ियों का जनक उनके पिता दिवंगत ओ.आर. पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए सम्मानित किया, जिन्होंने अजंता समूह की स्थापना की थी।

# राहुल आरक्षण विरोधी नहीं, मोदी-शाह फैला रहे झूठ : प्रियंका

एजेंसी

शिरडी/कोल्हापुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अपने भाई राहुल गांधी के खिलाफ यह झूठ फैलाने का आरोप लगाया कि वह आरक्षण के खिलाफ हैं। प्रियंका ने कहा कि दोनों नेता राहुल से डरे हुए हैं, क्योंकि वह (राहुल) देश में जातिगत जनगणना करवाना चाहते हैं।

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के शिरडी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने दावा किया कि राज्य से 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं छीन ली गईं, जिससे आठ लाख नौकरियों का नुकसान हुआ और 6,000 व्यवसाय बंद हो गए। उन्होंने महायुति नेताओं पर शिवाजी महाराज का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि अगस्त में सिंधुदुर्ग जिले में स्थापित प्रतिमा इसलिए ढह गई, क्योंकि इसके निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ था। उन्होंने सवाल किया, संसद के बाहर लगी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हटा दी गई। सिंधुदुर्ग में स्थापित प्रतिमा इसलिए ढह गई, क्योंकि इसके निर्माण



में भ्रष्टाचार हुआ था। अगर आप उस महान शासक का अपमान करना चाहते हैं, तो उनका नाम लेने का क्या मतलब है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि और उसके लोगों का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मोदी जी समेत ये सभी नेता उनका (शिवाजी महाराज) नाम तो लेते हैं, लेकिन उनका सम्मान नहीं करते। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की आधारशिला रखी, लेकिन उन्होंने बाद में इसका काम रोक दिया। कांग्रेस महासचिव का इशारा मुंबई के पास अरब सागर में शिवाजी महाराज के प्रस्तावित स्मारक की तरफ था। प्रियंका ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि वह सार्वजनिक रूप से घोषणा करें कि जातिगत जनगणना कराई जाएगी और आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा हटाई जाएगी। उन्होंने कहा लेकिन मोदी और शाह सार्वजनिक मंच से कहते हैं कि मेरा भाई आरक्षण के खिलाफ है। राहुल ने मणिपुर से मुंबई तक न्याय यात्रा निकाली और आप उन पर आरक्षण-विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। वे सार्वजनिक मंचों से झूठ बोलते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि इस व्यक्ति ने न्याय और जातिगत जनगणना की मांग को लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी। प्रियंका ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के साथ भेदभाव किया जा रहा है, क्योंकि राज्य से कई औद्योगिक परियोजनाएं छीनकर उन्हें दूसरे क्षेत्रों में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री देश की मां की तरह हैं। और जिस तरह एक मां अपने बच्चों में भेदभाव नहीं करती, उसी तरह उन्हें राज्यों के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।

# पंजाब में कानून व्यवस्था का नया मॉडल होगा स्थापित

एजेंसी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि पंजाब में उनकी पार्टी की सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था का नया मॉडल स्थापित करेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब पुलिस को सबसे अनुशासित पुलिस बल बताया और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए भगवंत मान सरकार की सराहना।

अरविंद केजरीवाल ने पुलिस विभाग में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करने के दौरान ये बातें कहीं। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्यमंत्री मान भी मौजूद थे।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ढाई साल में पंजाब पुलिस विभाग में कुल 8,705 नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि पंजाब में हमारी सरकार है। लेकिन यह सच है कि पंजाब पुलिस देश का सबसे अनुशासित सख्त और सबसे प्रतिष्ठित पुलिस बल है। पिछली सरकारों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनने से पहले कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी और अपराधियों का बोलबाला था। उन्होंने कहा जब हमने कार्यभार संभाला तो हमारे सामने बड़ी चुनौती थी।

# संविधान भाजपा व संघ के लिए कोरी किताब : राहुल

एजेंसी

अमरावती। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान को देश का डीएनए मानती है, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के लिए यह एक कोरी किताब है। महाराष्ट्र के अमरावती में एक रैली में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकारें गिराई जा सकती हैं जैसा कि महाराष्ट्र में किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी नहीं लिखा है कि बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया जा सकता है। राहुल ने कहा कांग्रेस संविधान को देश का डीएनए मानती है, जबकि सत्तारूढ़



भाजपा और संघ के लिए यह एक कोरी किताब है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा द्वारा हाल ही में किए गए उस दावे के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की एक प्रति दिखा रहे हैं जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। राहुल ने आरोप लगाया, मेरी बहन ने मुझे बताया कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी मुद्दे पर बोल रहे हैं जिसे मैं उठाता रहा हूं। मैंने उनसे लोकसभा में कहा था कि जाति जनगणना होनी चाहिए और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाई जानी चाहिए। अब वह अपनी चुनावी रैलियों में कह रहे हैं कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं। वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह याददाश्त चले जाने की समस्या से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अब कहेंगे कि राहुल गांधी जाति जनगणना के खिलाफ हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया विरोधी लोगों ने मेरी छवि खराब करने और मुझे बदनाम करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं जबकि मैं दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए खड़ा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी किसानों और छोटे व्यवसायों को खत्म करने के हथियार हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी बढ़ रही है और इसी कारण समाज में नफरत फैल रही है।

# कांग्रेस को कमजोर करने के लिए 370 का इस्तेमाल कर रही भाजपा : अब्दुल्ला

एजेंसी

जम्मू। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद-370 को लेकर कांग्रेस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले का मकसद पार्टी को कमजोर करना और महाराष्ट्र तथा झारखंड के विधानसभा चुनाव जीतना है।

हालांकि, अब्दुल्ला ने कहा कि वह कांग्रेस को कमजोर नहीं होने देंगे और उम्मीद जताई कि दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) की जीत होगी। जम्मू में एक निजी समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से मुखातिब अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होने को लेकर कोई संदेह नहीं है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हाल ही में पारित प्रस्ताव में अनुच्छेद-370 की बहाली का जिक्र न होने संबंधी कांग्रेस नेताओं के बयान के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी खुद की वजहें हैं, क्योंकि उनकी पार्टी भाजपा के हमलों का सामना कर रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह सिर्फ चुनाव जीतने के लिए उन्हें लगातार निशाना बना रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष ने कहा, वे (भाजपा) सोच रहे हैं कि वे कांग्रेस को कमजोर कर देंगे, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें उम्मीद है कि वे (इंडिया गठबंधन) चुनाव जीतेंगे।

## पेज एक का शेष

### छत्तीसगढ़

बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 197 नक्सलियों को मार गिराया है। इससे पहले आठ नवंबर को राज्य के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए थे।

### भाजपा के

का विरोध करती है। यह केवल बांटने की राजनीति में विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का विकास से कोसों दूर तक रिश्ता नहीं है। इनका एक ही सिद्धांत है सबका साथ, सैफई परिवार का विकास। इससे ऊपर ये सोच भी नहीं सकते। हमने पहले ही दिन कहा था कि उत्तर प्रदेश की धरती को दंगामुक्त बनाएंगे, नकल माफिया, खनन माफिया, पशु माफिया आदि से सख्ती से निपटेंगे। इन पर कार्रवाई से सपा को बहुत पीड़ा होती है। सभी दुर्दांत माफिया सपा के गले के हार हैं। उन्हीं से इनकी आजीविका चलती है। उन्हीं के भरोसे ये जीते हैं। यहां लोक सेवा आयोग के खिलाफ चले छात्र आंदोलन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रतियोगी परीक्षाएं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हों, इसके लिए माहौल सरकार भी बनाएगी और चयन बोर्ड और आयोग भी इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। अच्छे नौजवान जब सेवा में आएंगे तो विकास की गति बढ़ाएंगे और गरीबों के लिए शासन की योजनाएं उन तक पहुंचाने में मदद करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने मंच पर मौजूद जया पाल (उमेश पाल की पत्नी) और पूजा पाल (राजू पाल की पत्नी) की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनके साथ जब अत्याचार हुआ था तो कोई पूछने वाला नहीं था। उल्लेखनीय है कि बसपा विधायक राजू पाल की दिन दहाड़े प्रयागराज में हत्या कर दी गई थी और इस मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल की भी दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इन दोनों हत्याओं में मुख्य आरोप सपा नेता अतीक अहमद पर था।

### झांसी अग्निकांड

रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुक्रवार रात महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 शिशुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए 16 अन्य बच्चे जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) अविनाश कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज की नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में शुक्रवार रात करीब पौने 11 बजे आग लग गई, जो संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। झांसी में शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सात बच्चों का पोस्टमार्टम हुआ। तीन बच्चों के माता-पिता की पहचान न होने पर उनका पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। झांसी जिले के नगर पुलिस अधीक्षक (एसपी सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शुक्रवार की रात झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के बच्चा वार्ड में अचानक लगी आग की वजह से दम घुटने और झुलसने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृत बच्चों में से सात के माता-पिता की पहचान हो जाने पर शनिवार को उनके शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। तीन बच्चों के माता-पिता की अभी तक पहचान नहीं हो पाई, इसलिए उनके शव रखे हुए हैं। पहचान होने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा घटना में 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई है। झांसी मेडिकल कॉलेज के अन्य वार्ड में 16 बच्चों का इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि यह घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण हुई और उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एक्स पर कहा झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एसएनसीयू वार्ड) में अग्निकांड की हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना की त्रिस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम दृष्टया आयुक्त झांसी एवं उप महानिरीक्षक झांसी द्वारा 24 घंटे में जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश जारी किए हैं। अग्निशमन विभाग द्वारा भी जांच की जाएगी। साथ ही घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। घटना के कई चरणों में जांच के निर्देश दिये गये हैं। घटना की पहली जांच शासन स्तर से स्वास्थ्य महकमा, दूसरी जांच जिला पुलिस और फायर विभाग करेगा। इसके अलावा तीसरी मजिस्ट्रेट स्तर की जांच होगी। घटना के कारण का पता लगाया जाएगा। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्वाई करेंगे। झांसी में पाठक ने संवाददाताओं से कहा हम बच्चों के साथ उनके परिजनों की भी पहचान कर रहे हैं।

मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घटना कैसे हुई, इसके क्या कारण थे और किसकी ओर से लापरवाही हुई, इसका पता लगाया जाएगा। सबसे पहली चुनौती घायल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार देना है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को उन आशंकाओं को दूर करने की कोशिश की, जिसमें कहा गया था कि झांसी मेडिकल कॉलेज में कुछ अग्निशामक यंत्रों की समय-सीमा समाप्त हो गई थी, जैसा कि कुछ समाचार चैनलों ने बताया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी फायर फाइटिंग इक्विपमेंट (अग्निशमन उपकरण) सही स्थिति में हैं। इस बीच, झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर ने मेडिकल कॉलेज में अग्निशामक यंत्रों के खराब होने के आरोपों को निराधार बताया।

### कार-टैम्पो में

लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। मृतकों में नवविवाहित जोड़े के अलावा, दूल्हे के पिता खुर्शीद (65), खुर्शीद के साढ़ू मुमताज (45), मुमताज की पत्नी रूबी (32) और बेटी बुशरा (10) शामिल हैं। ये लोग मुरादाबाद तक ट्रेन से आए थे और वहां से एक टैम्पो के जरिए अपने गांव वापस जा रहे थे।

झा ने बताया कि कार सवार सोहेल और अमन बुरी तरह से घायल हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि सभी सात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया, हादसे का कारण घना कोहरा प्रतीत होता है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर जिले में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर जिले में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### मणिपुर में

पखांगलाकपा विधानसभा व ख्वैरखपम रघुमनि सिंह, उरिपोक विधानसभा व एसी लोकन, वांगकोई विधानसभा व करम श्याम, लांगथाबल विधानसभा के घर पर भी तोड़फोड़ व आगजनी की घटना हुई है। इनके अलावा राज्य कैबिनेट मंत्री सपम रंजन और थोंगम बिस्वजीत सिंह के घरों पर भी हमला हुआ।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं क्योंकि पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा परिदृश्य नाजुक बना हुआ है। मणिपुर में बीते सोमवार को हिंसा का एक और दौर शुरू हो गया जब 11 संदिग्ध उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में एक पुलिस थाने और निकटवर्ती सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) शिविर पर अत्याधुनिक हथियारों से हमला किया। हालांकि, वे मुठभेड़ में मारे गए। इसके एक दिन बाद, उसी जिले से सशस्त्र उग्रवादियों ने महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का अपहरण कर लिया। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा पिछले कुछ दिनों से मणिपुर में सुरक्षा परिदृश्य नाजुक बना हुआ है। संघर्ष में दोनों समुदायों के सशस्त्र उपद्रवी हिंसा में लिप्त रहे हैं, जिससे लोगों की जान चली गई और लोक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई।

### जी-20 में

के दौरान नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। मोदी ने कहा पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्र में हमारे घनिष्ठ साझेदार नाइजीरिया की यह मेरी पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा मैं भारतीय समुदाय एवं नाइजीरिया के मित्रों के साथ मुलाकात को लेकर भी आशान्वित हूं जिन्होंने हिंदी में मुझे हार्दिक स्वागत संदेश भेजे हैं। अपनी इस यात्रा के तीसरे पड़ाव में मोदी 19-20 नवंबर को गुयाना में होंगे। वह गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। यह पिछले 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली गुयाना यात्रा होगी। मोदी ने कहा साझी धरोहर, संस्कृति एवं मूल्यों पर आधारित अपने विशिष्ट संबंधों को रणनीतिक दिशा देने के लिए हम विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा मैं सबसे पुराने भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक के प्रति भी अपना सम्मान अर्पित करूंगा, जो 185 साल से भी पहले वहां गये थे। मैं उनकी संसद को संबोधित करते हुए उनके लोकतंत्र से जुड़ूंगा। मोदी ने गुयाना में भारत-कैरिकॉम सम्मेलन की भी चर्चा की। कैरिबियाई समुदाय (कैरिकॉम) कैरिबियाई क्षेत्र में 15 सदस्य देशों का एक अंतरसरकारी संगठन है जिसका प्राथमिक उद्देश्य सदस्यों के बीच आर्थिक समेकन एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

### भारत-चीन

सेनाओं को पीछे हटाना भारत और चीन के बीच संबंधों के पुराने स्वरूप में लौटने की शुरुआत थी। विदेश मंत्री ने कहा कि संबंधों की वर्तमान स्थिति ऐसे निष्कर्ष पर नहीं पहुंचाती है। भारतीय और चीनी सेनाओं ने पिछले महीने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लद्दाख में डेमचॉक और डेपसांग में पीछे हटने का काम पूरा किया। इससे पहले दोनों पक्ष लंबे समय से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उत्पन्न विवाद को सुलझाने के लिए एक सहमति पर पहुंचे थे। दोनों पक्षों ने करीब साढ़े चार साल के अंतराल के बाद दोनों क्षेत्रों में गश्ती गतिविधियां भी बहाल कीं। अपनी टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कम करना अगला कदम होगा।




# दक्षिण अफ्रीका में टी-20 श्रृंखला में जीत विशेष है : लक्ष्मण


जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका दौरे

के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष करार दिया।

भारत ने शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की श्रृंखला 3-1 से जीती। इस श्रृंखला में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लक्ष्मण ने एक्स पर पोस्ट किया जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की। संजू सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया तो गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन असाधारण रहा। उन्होंने कहा पूरी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया और एक दूसरे की सफलता का आनंद उठाया, उससे मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इस यादगार जीत के लिए बधाई। कप्तान सूर्यकुमार ने भी श्रृंखला में जीत को विशेष बताया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में अपने साथियों को संबोधित करते हुए कहा शाबाश मेरे साथियो। हर किसी को बधाई। हर कोई जानता है कि विदेशों में श्रृंखला जीतना कितना मुश्किल है। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। प्रत्येक खिलाड़ी को श्रेय जाता है। हमने टीम के रूप में यह श्रृंखला जीती है।

# भारतीय कप्तान के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना बढ़ी


मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा

की पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है जिससे इस सलामी बल्लेबाज की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है।

रोहित की पत्नी रितिका सजदेह ने शुक्रवार रात यहां एक स्थानीय अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। रोहित बेटे के जन्म के कारण भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए थे। इस दंपति की एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। पहला टेस्ट शुरू होने में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है और यह स्पष्ट नहीं है कि जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर भी रोहित कुछ अभ्यास सत्र के बाद ही मैच में खेलेंगे या नहीं। अभी किसी भी तरह की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रोहित का पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध था, भले ही मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय कप्तान मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। रोहित भले ही इस समय अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन भारतीय शीर्ष क्रम अभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है और ऐसे में टीम को कप्तान और सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सख्त जरूरत है। उनके विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन और केएल राहुल टीम में शामिल हैं लेकिन यह दोनों भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राहुल की कोहनी में भी चोट लगी है, हालांकि माना जा रहा है।

## संक्षेप

### पोलैंड क्वार्टर फाइनल में, ब्रिटेन ने जर्मनी को किया बाहर

मलागा (स्पेन)। पोलैंड की इगा स्वियातेक ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने देश को बिली जीन किंग कप फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया जबकि ब्रिटेन ने जर्मनी को बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने इनडोर हार्डकोर्ट पर विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी बडोसा को 6-3, 6-7 (7), 6-1 से हराकर पोलैंड की अंतिम आठ में जगह पक्की की जहां उसका सामना चेक गणराज्य से होगा। इससे पहले पोलैंड की मेग्डा लिनेट ने स्पेन की सारा सोरिब्स को 7-6 (8), 2-6, 6-4 से हराया था। इस तरह से मेजबान स्पेन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। एक अन्य मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ियों ने जर्मनी की खिलाड़ियों पर दबदबे वाली जीत दर्ज की। एम्मा रादुकानु ने जूल नीमियर को 6-4, 6-4 से पराजित करके ब्रिटेन को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद केटी बौल्टर ने लॉरा सीगमुंड को 6-1, 6-2 से हराकर ब्रिटेन की जीत सुनिश्चित की। क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन का मुकाबला मौजूदा चैंपियन कनाडा से होगा।

### विशेष ओलंपिक बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम घोषित

नयी दिल्ली। विशेष ओलंपिक भारत (एसओबी) ने 18 से 22 नवंबर तक यहां त्यागराज खेल परिसर में आयोजित होने वाली विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोशे और बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत की टीम में बोशे और बॉलिंग के लिए आठ-आठ खिलाड़ी शामिल हैं जिनके आठ कोच हैं। पूर्वी एशिया, यूरोप यूरेशिया और एशिया पैसिफिक के 12 देशों के 100 से अधिक एथलीट इसमें भाग लेंगे।

### 25के आईटीएफ पुरुष एकल फाइनल में स्वेरसिना से भिड़ेंगे

मुंबई। उज्बेकिस्तान के शीर्ष वरीय खुमोयुन सुल्तानोव यहां एमएसएलटीए 25के आईटीएफ पुरुष टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चेक गणराज्य के दूसरे वरीय डालीबोर स्वेरसिना से भिड़ेंगे। शनिवार को सेमीफाइनल में सुल्तानोव ने पांचवें वरीय रूस के बोगडान बोबोव को करीब एक घंटे में 6-2, 6-1 से हरा दिया। लगातार खिताब जीतने की कोशिश में जुटे स्वेरसिना ने दूसरे सेमीफाइनल में भारत के सातवें वरीय करण सिंह को एक घंटे 21 मिनट में 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। भारतीय खेमे के लिए खुशी की खबर युगल जोड़ी ने खिताब जीतकर दी। एसडी प्रज्वल देव और आदिल कल्याणपुर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कड़े मुकाबले में आर्यन शाह और आधित्य गणेशन को 6-4, 4-6, 10-7 से पराजित किया। युगल विजेता को ट्रॉफी के साथ 1395 डॉलर और 25 रैंकिंग अंक मिलें जबकि उप विजेता को ट्राफी के साथ 810 डॉलर और 16 अंक

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में पाकिस्तान को हराया

सिडनी। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 26 रन पर पांच विकेट चटकाये जिससे ऑस्टेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को पाकिस्तान को 13 रन से शिकस्त देकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। जॉनसन ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरा जिससे जीत के लिए 148 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम आखिरी ओवर में 134 रन पर आउट हो गयी। पाकिस्तान के लिए उस्मान खान ने 52 रन और इरफान खान ने नाबाद 37 रन बनाए लेकिन टीम का कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावी योगदान नहीं दे सका।

# तिलक ने पारंपरिक तकनीक में किया सुधार

## मुंबई इंडियन्स की टीम में सूर्यकुमार यादव के साथ खेलने का फायदा हुआ

एजेंसी

बेंगलुरु। आमतौर पर बायें हाथ के बल्लेबाज के सामने कप्तान वामहस्त स्पिनर के इस्तेमाल से बचते हैं लेकिन युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शुक्रवार को यहां जब बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आये तो एडेन मारक्रम ने केशव महाराज को गेंद थमाने में देरी नहीं की क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने इंडियन प्रीमियर लीग में इस बल्लेबाज को अक्षर पटेल के खिलाफ संघर्ष करते हुए देखा था।

तिलक ने हालांकि इसका माकूल जवाब महाराज के ओवर की चौथी और पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर दिया। इसी तरह तेज गेंदबाज एंडिले सिपमाला ने ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी कर गेंद को बल्लेबाज की पहुंच से दूर रखने की कोशिश की लेकिन इस वामहस्त बल्लेबाज ने कदमों का इस्तेमाल करते हुए गेंद की दिशा में जाकर स्वीप शॉट पर चौका जड़ दिया। तिलक ने इन तीनों शॉट के लिए अपरंपरागत तरीके को अपनाते हुए शानदार तरीके से अंजाम दिया। तिलक के बचपन के कोच सलाम बयाश ने कहा जब उसने मेरी अकादमी में प्रशिक्षण शुरू किया, तो हमने उसे कभी भी ऐसे शॉट खेलने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया। मेरा मानना है कि एक बल्लेबाज को सभी आधुनिक शॉट खेलने से पहले अपनी पारंपरिक तकनीक में सुधार करना चाहिए। तिलक ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ जब शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलना शुरू किया तो उन्हें यह बात समझने में देर नहीं लगी कि खासकर टी20 प्रारूप में सफलता के लिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में नये आयाम जोड़ने होंगे। उन्हें मुंबई इंडियन्स की टीम में सूर्यकुमार यादव के साथ खेलने का फायदा हुआ। इससे उन्हें मैदान की हर दिशा में शॉट खेलने की सीख मिली। बायाश ने कहा उनमें हमेशा आत्मविश्वास और कौशल था। यह बस इन शॉट का अभ्यास कर महारथ हासिल करने के बारे में था ताकि वह वास्तविक मैच की परिस्थिति में ऐसा लगातार कर सके। उन्होंने कहा, कलाई की चोट से उबरने के बाद उन्होंने नेट सत्र में काफी पसीना बहाया। आईपीएल के दौरान और उसके बाद उन्होंने इस तरह की शॉट का पूरा अभ्यास किया। बायाश ने कहा, उन्होंने इस दौरान




अपनी शॉट में ताकत जोड़ने की कोशिश की और वह ऐसा करने में सफल रहे। तिलक की बल्लेबाजी में शुक्रवार को ताकत का पूरा इस्तेमाल दिखा जिससे उन्होंने 47 गेंद की पारी में 10 छक्के जड़ नाबाद शतकीय पारी खेली। दूसरी ओर सहजता से छक्के लगाने के लिए जाने जाने वाले संजू सैमसन ने 56 गेंद की नाबाद शतकीय पारी में उनसे एक कम नौ छक्के जड़े। तिलक की सफलता का श्रेय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को जाता है जिन्होंने इस बल्लेबाज को तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए भेजने का फैसला किया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, वास्तव में मेरे दिमाग में यह चल रहा था कि एक समय ऐसा भी आया है जब एक व्यक्ति (विराट कोहली) ने लगातार तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की है और भारत के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन किया है। ऐसे में यह एक युवा खिलाड़ी के लिए आदर्श समय है कि वह इस जिम्मेदारी को आगे बढ़ाये। उन्होंने कहा हम दोनों ने वास्तव में एक-दूसरे से बात की और मैंने उसे कहा, मुझे लगता है कि यह आपके जैसे किसी व्यक्ति के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने का सही समय है। यह सिर्फ अभी के लिए नहीं है बल्कि भविष्य के लिए भी है। भारतीय कप्तान ने कहा जिस तरह से उन्होंने सुपरस्पोर्ट पार्क (सेंचुरियन) और यहां बल्लेबाजी की वह अविश्वसनीय था। मुझे उम्मीद है कि वह टी20 के अलावा अन्य प्रारूपों में भी भारत के लिए ऐसा ही प्रदर्शन करना जारी रखेंगे। बयाश ने तिलक को बल्लेबाजी क्रम पर ऊपर भेजे जाने का समर्थन करते हुए कहा यह उसके लिए अच्छा है। इस क्रम पर उसे चौथे या पांचवें क्रम के मुकाबले अधिक गेंदों का सामना करने करने का मौका मिलेगा। इस शतक के साथ ही तिलक वांडरर्स के मैदान पर तीन अंकों का स्कोर बनाने के मामले में क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो गये। तिलक ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतने बड़े दिग्गजों के साथ मेरा नाम जुड़ने जा रहा है। मैं बचपन में इन खिलाड़ियों को टेलीविजन पर देखा करता था। यह वास्तव में मेरे लिए प्रेरणादायक है।

**भारत के भावी स्टार तिलक वर्मा ने जिम्मेदारी बखूबी निभाई: सूर्यकुमार**

जोहानिसबर्ग। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो शतक जड़ने वाले तिलक वर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी उसे उन्होंने अच्छी तरह से निभाया।

# कार्लसन व लैग्नो ने बढ़त बनाई प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर



कोलकाता। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और तीन बार की विश्व महिला ब्लिट्ज चैंपियन कैटरीना लैग्नो शनिवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया ब्लिट्ज 2024 के मध्य में शीर्ष स्थान जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर रहे। कार्लसन ने संभावित नौ में से 6.5 अंक से पहले नौ दौर का समापन किया। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की लेकिन आठवें दौर में अर्जुन एरिगेसी ने उन्हें शानदार अंदाज में महज 20 चाल में हरा दिया।

दिन के अंतिम दौर में कार्लसन ने विदित गुजराती के खिलाफ ड्रा खेला। भारत के युवा खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा छह अंक से दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपनी पहली तीन बाजियां गंवाने के बाद शानदार वापसी कर लगातार छह जीत दर्ज कीं। एरिगेसी और रूस के दानिल डुबोव 5.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में लैग्नो ने सात अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच जीत और चार ड्रॉ खेले। उन्हें एक भी बाजी में हार नहीं मिली। वैलेंटिना गुनिना उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं जबकि रैपिड चैंपियन एलेक्जेंद्रा गोर्याचकिना पांच अंक से तीसरे स्थान पर हैं। गोर्याचकिना ने लगातार तीन जीत के साथ शानदार शुरुआत की लेकिन बाकी छह मैच में केवल चार ड्रॉ ही हासिल कर पाईं।

**हिताशी ने हीरो डब्ल्यूपीजीटी में छह शॉट की बड़ी बढ़त कायम की**

विकाराबाद। हिताशी बख्शी ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 14वें चरण के दूसरे दौर में शनिवार को यहां दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त छह शॉट की कर ली। इस सत्र में दो खिताब जीतने वाली हिताशी ने शुरुआती दौर में 67 का शानदार कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर का है। हिताशी के पास संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर काबिज नयनिका सांगा (71-72) और विधात्री उर्स (70-73) पर छह शॉट की बड़ी बढ़त है। इन दोनों का स्कोर एक अंडर 143 है।

# जेक पॉल ने 58 वर्षीय माइक टायसन को हराया

एजेंसी

आर्लिंगटन (अमेरिका)। अपने जमाने के दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन 58 साल की उम्र में अपना पुराना जादू नहीं दिखा पाए और यहां एक बहुप्रचारित मुकाबले में 27 साल के जैक पॉल से हार गए। टायसन 20 साल बाद पेशेवर मुकाबला खेलने के लिए रिंग पर उतरे थे और इसलिए इस मुकाबले को लेकर काफी प्रचार प्रसार किया गया था। मुकाबला हालांकि उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा और दर्शकों ने इस पर खुलकर नाराजगी भी व्यक्त की। यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जैक पॉल को सर्वसम्मति से विजेता घोषित किया गया। जीत के अंतर को लेकर हालांकि जज एकमत नहीं थे। एक जज ने पॉल को 80-72 से जबकि दो अन्य जज ने 79-73 से विजेता घोषित किया।




टायसन ने शुरू में आक्रामकता दिखाई लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाए। दूसरी तरफ जैक पॉल इससे अधिक आक्रामक हो गए। टायसन के पास उनके करारे मुक्कों का कोई जवाब नहीं था। यह मुकाबला पहले 20 जुलाई को होना था लेकिन टायसन के बीमार पड़ जाने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

# चीन को 3-0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

एजेंसी

राजगीर (बिहार)। गत चैम्पियन भारत ने शनिवार को यहां ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 से हराकर उलटफेर करते हुए महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

विश्व में छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ यह भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। अब दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चीन चार मैच में छह अंक से दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत अपना राउंड रॉबिन अभियान रविवार को जापान के खिलाफ खत्म करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शीर्ष




चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अख्तियार किया और कई मौके बनाए। हालांकि उसे सफलता नहीं मिली क्योंकि चीन की टीम का अपने क्षेत्र में डिफेंस शानदार रहा। भारत को मैच के शुरुआती मिनट में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों ही मौकों को गंवा दिया। कुछ मिनट बाद शर्मिला देवी ने सुनेलिता टोप्पो को पास दिया। इससे दीपिका गोल करने के प्रयास में विपक्षी गोलकीपर के साथ आमने सामने आ गईं जिन्होंने उन्हें गोल नहीं करने दिया। चीन ने पहले क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति मजबूत रही।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमें सतर्क रहीं और भारत ने शानदार शुरुआत के बाद कुछ बेवकूफाना गलतियां कीं। भारत ने 21वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पांच मिनट बाद भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मनीषा चौहान की फ्लिक को चीन की गोलकीपर टिंग ली ने रोक लिया और फिर लालरेमसियामी का रिबाउंड का प्रयास विफल हो गया। इससे पहले हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में उसी लय से वापसी की और नियंत्रण बनाए रखा। 32वें मिनट में आखिरकार उनके प्रयासों का फल मिला जब संगीता ने सुशीला चानू के पास को मिडफील्ड से छकाते हुए गोल में बदल दिया। पांच मिनट बाद भारतीयों ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल करके अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

# मुंबई की सेना पर आसान जीत

नयी दिल्ली। सिद्देश लाड और अंगकृष रघुवंशी के नाबाद अर्धशतकों की मदद से मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के चौथे और अंतिम दिन सेना पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। मुंबई ने सुबह एक विकेट पर 24 रन से आगे खेलना शुरू किया और 35.4 ओवर में 135 रन का लक्ष्य हासिल किया। लाड (नाबाद 73) और रघुवंशी (नाबाद 55) ने दूसरे विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे मुंबई ने पालम मैदान पर खेले गए मैच में एक विकेट पर 137 रन बनाए। सेना की टीम ने अपनी पहली पारी में 240 और दूसरी पारी में 182 रन बनाए थे। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 288 रन बनाकर 48 रन की बढ़त हासिल की थी। इस जीत से मुंबई के पांच दौर के बाद 22 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप ए में बड़ौदा (27) और जम्मू-कश्मीर (23) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेना की टीम 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है।

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की बड़ी जीत, रोमानिया व कोसोवो का मैच रद्द

एजेंसी

मैड्रिड। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए।

यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है। यूईएफए उचित समय पर आगे की जानकारी देगा। ग्रुप ए4 में पहले ही अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुके स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन



और पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद ओवरहेड किक पर गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

**दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में उरुग्वे ने कोलंबिया को 3-2 से हराया**

मोंटेवीडियो (उरुग्वे)। उरुग्वे ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग फुटबॉल में शुक्रवार को खेले गए मैच में आखिरी मिनट में किये गये गोल के दम पर कोलंबिया को 3-2 से हराया। यह उरुग्वे की एक साल में घरेलू मैदान पर पहली जीत है। जुआन फर्नांडो क्विंटेरो ने 31वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के बाएं किनारे से फ्री किक पर गोल करके कोलंबिया का खाता खोला लेकिन उरुग्वे ने 57वें मिनट में डेविंसन सांचेज़ के आत्मघाती गोल से बराबरी कर ली। मोंटेवीडियो में मैच का सबसे नाटकीय क्षण इंजुरी टाइम में आया। आंद्रे गोमेज़ ने 96वें मिनट में कोलंबिया के लिए बराबरी का गोल किया, लेकिन मैनुअल उगार्टे ने चार मिनट बाद गोल दागकर उरुग्वे को जीत दिला दी।

# बंगाल ने 15 साल बाद मध्यप्रदेश पर दर्ज की जीत

एजेंसी

इंदौर। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद **शमी** ने चोट से वापसी पर 43.2 ओवर की गेंदबाजी में सात विकेट चटकाने के साथ ताबड़तोड़ 36 रन की पारी खेली जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में शनिवार को यहां मध्यप्रदेश पर 11 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। बंगाल की टीम की यह मध्यप्रदेश पर पिछले 15 साल में पहली जीत है और इस शानदार प्रदर्शन के बाद शमी का बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम में शामिल होना लगभग तय हो गया। शमी की मौजूदगी ने बंगाल का हौसला बढ़ाया जिससे टीम ने 338 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए मध्यप्रदेश की दूसरी पारी को 326 रन पर समेट दिया।

शमी ने दूसरी पारी में 24.2 ओवर में 102 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने इस दौरान कुमार कार्तिकेय का विकेट चटकाकर टीम की जीत पक्की की। इस जीत से बंगाल की टीम को छह अंक मिले जिससे टीम कुल 14 अंक के साथ तालिका में हरियाणा (20) और केरल (18) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गयी। खराब मौसम के कारण बंगाल को शुरुआती दो घरेलू मैचों में अंक साझा करने पर मजबूर होना पड़ा था। बंगाल की टीम आकाश दीप मुकेश कुमार और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना खेल रही लेकिन शमी की मौजूदगी से गेंदबाजी को पैनापन मिला। शमी ने पहली पारी में 19 जबकि दूसरी पारी में 24.2 ओवर गेंदबाजी की।

शमी की गेंदबाजी ने मैच में बड़ा अंतर पैदा किया। शमी को छह-सात ओवर के स्पैल के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई। इस मैच को देखने के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता अजय रात्रा भी मौजूद थे। इस गेंदबाज की फिटनेस पर भारतीय टीम प्रबंधन की भी नजर है। मध्यप्रदेश को मैच के आखिरी दिन 188 रन की दरकार थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे। बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज रजत पाटीदार को शमी ने दिन की तीसरे



गेंद पर ही बोल्ड कर बंगाल का मनोबल बढ़ा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच शाहबाज अहमद (48 रन पर चार विकेट और 92 रन) ने इसके बाद हरप्रीत सिंह भाटिया को चलता किया लेकिन कप्तान शुभम शर्मा (61) और वेंकटेश अय्यर (55) ने 30 ओवर में 95 रन की सतर्क साझेदारी से टीम को मैच में बनाए रखा।

# भाजपा अपनी गारंटी करती है पूरी

## वादे कर विदेश चले जाते हैं राहुल गांधी : अमित शाह

एजेंसी

मधुपुर (झारखंड)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शनिवार को दावा किया कि पार्टी नेता राहुल गांधी वादे करने के बाद विदेश चले जाने में यकीन रखते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी हर गारंटी पूरी करती है। झारखंड के देवघर जिले के मधुपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल में जहां आतंकवादियों ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाया बल्कि लोगों को मारने के बाद बिरयानी का लुत्फ भी उठाया,

वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई हमलों और सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये आतंकवादियों का सफाया किया। उन्होंने कहा राहुल बाबा एक के बाद एक वादे करते हैं, लेकिन वादे करने के बाद वह विदेश चले जाते हैं वहीं दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री मोदी का वादा पत्थर की लकीर की तरह है। वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। भाजपा अपनी गारंटी पूरी करती है और केवल हम ही झारखंड का भविष्य संवार सकते हैं। कांग्रेस, झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) और राजद (राष्ट्रीय जनता दल) कभी राज्य के हित में काम नहीं कर सकते। झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने का आरोप लगाते हुए शाह ने एलान किया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद घुसपैठ पर लगाम लगाई जाएगी। उन्होंने दावा किया घुसपैठिये न केवल आदिवासियों के लिए, बल्कि नौकरियां छीनकर और अपराध को बढ़ावा देकर राज्य के युवाओं के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने का निर्देश दिया था। केंद्र ने इस पर सहमति जताई लेकिन राज्य की हेमंत सोरेन सरकार तैयार नहीं हुई।




शाह ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव विधायक, मुख्यमंत्री या सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि युवाओं एवं गरीबों के भविष्य को संवारने तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड कोयले के जरिये देश को बिजली देता है, लेकिन राज्य के लोग गरीब बने हुए हैं। गृह मंत्री ने दावा किया कि अगर झारखंड में भाजपा सत्ता में आती है, तो पार्टी पांच साल में इसे देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देगी। उन्होंने कहा कि भारत दिसंबर 2027 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# कश्मीर : गुलमर्ग में मौसम की पहली बर्फबारी, मैदानी हिस्सों में बारिश

श्रीनगर। कश्मीर में मशहूर पर्यटक स्थल गुलमर्ग में शनिवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई और मैदानी हिस्सों में बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि हिमपात सुबह शुरु हुआ और रुक-रुक कर हो रहा है, जिससे वहां एक इंच तक बर्फ की चादर बिछ गयी है। उन्होंने बताया कि बांदीपुरा जिले में गुरेज, कुपवाड़ा में माचिल, शोपियां में मुगल रोड समेत घाटी के अन्य कई ऊपरी इलाकों और अन्य स्थानों पर भी हिमपात हुआ। इस बीच, श्रीनगर समेत मैदानी क्षेत्र के कई हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दोपहर तक मौसम में सुधार आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 23 नवंबर तक मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहेगा और 24 नवंबर को ऊपरी इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या हल्की बर्फबारी की संभावना है।



## संक्षेप

### जिरीबाम में तीन शव मिलने से इंफाल घाटी में प्रदर्शन

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में तीन लोगों के शव बरामद होने के बाद इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। मणिपुर-असम सीमा पर जिरी नदी एवं बराक नदी के संगम के पास तीन शव बरामद किए गए हैं। अधिकारियों को संदेह है कि ये शव जिरीबाम जिले से लापता हुए छह लोगों में से तीन के हैं। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं थीं। उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेथेल क्षेत्र और सागोलबंद तेरा में वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए टायर जलाकर मुख्य सड़कों को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर के मुख्य बाजार ख्वाइरामबंद में महिला विक्रेताओं ने इस घटना के विरोध में रैली निकाली जबकि इंफाल में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। जिरीबाम में तीन शवों के बरामद होने की खबर जैसे ही फैली तो लोगों ने दुकानें और बाजार बंद कर दिए। बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग और इंफाल पूर्व जिले के लामलोंग में भी स्थानीय लोगों ने इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने पहले ही शनिवार को स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है।

# अमेरिका में बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती का संकेत

एजेंसी

वाशिंगटन। उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी ने अमेरिका में सरकारी नौकरियों में भारी कटौती का संकेत दिया है। रामास्वामी को टेस्ला के मालिक एलन मस्क के साथ सरकारी दक्षता मंत्रालय (डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिशिएंसी) का प्रभारी नामित किया गया है। भारतीय-अमेरिकी रामास्वामी ने बृहस्पतिवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा मैं और एलन मस्क ऐसी स्थिति में हैं कि हम लाखों गैर निर्वाचित संघीय नौकरशाहों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। हम इस तरह देश को बचाएंगे।

उन्होंने कहा हमें पिछले चार साल में यह विश्वास करना सिखाया गया है कि हमारा राष्ट्र पतन की ओर है, हम प्राचीन रोमन साम्राज्य के अंत में हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें यह सोचना चाहिए कि हमारा राष्ट्र पतन की ओर है। मुझे लगता है कि पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ, उसके साथ हम फिर से एक उत्थानशील राष्ट्र बन गए हैं। एक ऐसा राष्ट्र जिसके सबसे अच्छे दिन आने वाले हैं।

# खरगे ने पीएम मोदी व अमित शाह पर साधा निशाना

एजेंसी

रांची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री का दर्जा होने के बावजूद विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) को हवाई अड्डे के आरक्षित लाउंज तक पहुंच उपलब्ध नहीं कराई जा रही और सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री के लिये शौचालय भी आरक्षित किया जा सकता है।

इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने और राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में कथित रूप से देरी करवाने के लिये मोदी और शाह की आलोचना की।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में शुक्रवार को लगभग दो घंटे की देरी हुई थी, जिसके बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह देरी राजनीति से प्रेरित थी। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक देवघर हवाईअड्डे पर फंसे रहे थे और क्षेत्र को नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया था क्योंकि प्रधानमंत्री खराबी ठीक होने तक वहीं इंतजार कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कल हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में जानबूझकर दो की घंटे की देरी की गयी, क्योंकि प्रधानमंत्री अपने विमान में बैठे थे।

आज मेरे हेलीकॉप्टर को 20 मिनट देरी से उतारा गया, क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उतर रहे थे। उनका रास्ता अलग था और मेरा रास्ता अलग था। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, वह कैबिनेट मंत्री का दर्जा रखते हैं। मेरे पास भी यह दर्जा है, लेकिन हवाई अड्डे के आरक्षित लाउंज में, वे (अधिकारी) कहते हैं।

# जलवायु प्रमुख को जी-20 नेताओं से साहसिक जलवायु कार्रवाई की उम्मीद

एजेंसी

बाकू। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने साहसिक जलवायु कार्वाई को जी20 समूह की प्रत्येक अर्थव्यवस्था के लिए स्व-संरक्षण उपाय बताते हुए रियो डे जेनेरियो जा रहे समूह के नेताओं से शनिवार को आग्रह किया कि वे जलवायु-संचालित आर्थिक तबाही को रोकने के लिए उत्सर्जन में तेजी से कटौती करें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 18 और 19 नवंबर को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल हैं। अजरबैजान की राजधानी बाकू में सीओपी29 में अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसी) के कार्यकारी सचिव स्टील ने कहा कि जी20 का गठन उन समस्याओं से निपटने के लिए किया गया था, जिन्हें कोई भी देश या देशों का समूह अकेले नहीं सुलझा सकता। उन्होंने कहा इस आधार पर अगले सप्ताह रियो में वैश्विक जलवायु संकट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति करेंगे पीएम व मंत्रिमंडल की नियुक्ति

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके सोमवार को देश के नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की नियुक्ति करेंगे। उनकी पार्टी नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल की।

एनपीपी ने शुक्रवार को संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करते हुए संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया और देश के तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना निर्वाचन क्षेत्र में भी अपना प्रभुत्व स्थापित कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता तिल्विन सिल्वा ने संवाददाताओं से कहा, हम सोमवार को मंत्रिमंडल की नियुक्ति करेंगे, जिसमें 25 मंत्री शामिल हो सकते हैं, हालांकि यह संख्या 23 या 24 से भी कम हो सकती है। श्रीलंका के संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार, कैबिनेट मंत्रियों की कुल संख्या 30 तक सीमित है। उप-मंत्रियों की संख्या कुल मिलाकर 40 से अधिक नहीं होगी। सिल्वा ने बताया कि उप-मंत्रियों की संख्या अधिक हो सकती है। उन्होंने कहा, हमें बड़े मंत्रालय के विषयों को संभालने के लिए अतिरिक्त उप-मंत्रियों की नियुक्ति करनी पड़ सकती है।



एनपीपी जनता के लिए लागत कम करने के लिए हमेशा से छोटी सरकार की वकालत करती रही है। एनपीपी ने सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीता था तब से देश की सरकार राष्ट्रपति सहित केवल तीन मंत्रियों के साथ काम कर रही थी। देश में हुए संसदीय चुनाव में एनपीपी को कुल मतों में से 61.56 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं।

# एचबीओ की सीरीज लैंटर्न में नजर आयेंगी अभिनेत्री पूर्णा जगन्नाथन

लॉस एंज्लिस। भारतीय मूल की अमेरिकी अभिनेत्री पूर्णा जगन्नाथन एचबीओ की ड्रामा सीरीज लैंटर्न में अभिनय करती नजर आएंगी। डेडलाइन की खबर के अनुसार ग्रीन लैंटर्न डीसी कॉमिक पर आधारित यह शो क्रिस मुंडी डेमन लिंडेलोफ और टॉम किंग द्वारा निर्मित है।

जगन्नाथन लैंटर्न सीरीज के लिए पहले से ही घोषित कलाकारों काइल चैंडलर, आरोन पियरे, केली मैकडोनाल्ड और गैरेट डिलाहंट के साथ अभिनय करेंगी।

जगन्नाथ को द नाइट ऑफ और नेवर हैव आई एवर जैसे लोकप्रिय शो में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। आठ एपिसोड वाली इस सीरीज का निर्माण एचबीओ ने वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन और डीसी स्टूडियो के सहयोग से किया है।

# पर्यावरण नीतियों पर भारत के साथ चर्चा करेगा ब्रिटेन

लंदन। वेल्स से निर्वाचित होकर ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में पहुंचने के बाद सांसद कनिष्क नारायण पर्यावरण नीति पर द्विपक्षीय आदान-प्रदान के लिए संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में इस सप्ताहांत दिल्ली की अपनी पहली यात्रा पर जाएंगे। वह वेल्स से भारतीय मूल के पहले संसद सदस्य हैं। बिहार में जन्मे नारायण के साथ भारत दौरे पर लेबर पार्टी के अन्य सांसद भी होंगे। वह अकसर परिवार के साथ भारत जाते रहते हैं। नारायण ने यात्रा से पहले एक साक्षात्कार में कहा, मैं इस यात्रा को लेकर वास्तव में काफी उत्साहित हूं। इस यात्रा के दौरान पर्यावरण नीति पर भारत में सहकर्मियों और समकक्षों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

# ट्रंप प्रशासन से बांग्लादेश के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का करेंगे अनुरोध

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर अगले साल नए ट्रंप प्रशासन तथा कांग्रेस से संपर्क करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रभावशाली नेता ने यह जानकारी दी। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर हालिया बयान से उत्साहित भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक डॉ. भरत बराई ने विश्वास जताया कि ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को लेकर दक्षिण एशियाई राष्ट्र बांग्लादेश के खिलाफ कार्वाई करेंगे। बराई ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप ने बांग्लादेशी हिंदू और हिंदू मंदिरों के अपवित्रीकरण के बारे में साहसिक बयान दिया है।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K